डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹80700 10 ग्राम
₹102000 01 किलो
सेंसेक्स 73,828.91 -200.85
डॉलर 86.941 +0.044

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



चैत्र कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 17 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-150, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 सेंट्रल बैंकिंग, लंदन ने आरबीआई को...

## एक नजर

### संगीतज्ञ एआर रहमान को अस्पताल से मिली छुट्टी



**चेन्नई (एजेंसी)।** फिल्म जगत के जाने माने संगीतज्ञ, ऑस्कर विजेता और गायक एआर रहमान को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के बाद चेन्नई के अपोलो अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पहले रहमान को डिहाइड्रेशन पीड़ित बताया गया। लेकिन, बाद में बताया गया कि उन्हें सीने में दर्द की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल के अनुसार, रहमान की सभी जांच पड़ताल करने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

### प्रख्यात ओडिया कवि रमाकांत रथ का निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पद्म भूषण से अलंकृत प्रख्यात ओडिया कवि और साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत रथ का रविवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने भुवनेश्वर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वे 91 वर्ष के थे। साहित्य में अपने योगदान के अलावा रथ ने ओडिशा राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न विभागों में सचिव और ओडिशा के मुख्य सचिव के रूप में कार्य किया। रथ का अंतिम संस्कार सोमवार को पुरी स्थित श्मशानघाट स्वर्गद्वार पर होगा।

## अपने पैतृक गांव नेमरा में बाहा पूजा में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# राज्य के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की

- एक किलोमीटर चलकर सरना स्थल पहुंचे, पारंपरिक तरीके से की पूजा-अर्चना
- विधायक कल्पना सोरेन ने अपने हाथों से बनाया पारंपरिक संथाली पकवान





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन धर्म और संस्कृति को काफी महत्व देते हैं। इसी कारण उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में जब भी कोई धार्मिक कार्यक्रम होता है, वे वहां पहुंचकर विधि पूर्वक धार्मिक कार्यक्रम को संपन्न करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विगत शनिवार (15 मार्च) को बाहा पर्व में शामिल होने हेलीकॉप्टर से अपने पूरे परिवार के साथ पैतृक गांव गोला के नेमरा पहुंचे। वे पूरे परिवार के साथ बाहा पर्व में शामिल हुए और पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की। मांदर भी बजाया। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों के सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। पर्व में शामिल होने गांडेय विधायक कल्पना सोरेन एवं मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन सहित परिवार के कई सदस्य पहुंचे थे। मौके पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने अपने हाथों से पारंपरिक संथाली पकवान बनाया। मुख्यमंत्री सोरेन हेलीकॉप्टर से अपने गांव के घर के पास बने हेलीपैड पर उतरे और सीधे अपने घर गए। यहां उन्होंने पारंपरिक वस्त्र पहने और फिर मांदर-नगाड़ों की थाप के साथ पैदल करीब एक किलोमीटर चलकर सरना स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने संथाली परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने कुल देवता की भी पूजा-अर्चना की। सीएम हेमंत सोरेन ने लोगों को बाहा पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, सभी के अपने-अपने रस्म-रिवाज होते हैं। हमारा भी है। इसी कारण पूरा परिवार यहां एकत्रित हुआ है। समय की व्यस्तता है, लेकिन मन में उत्साह है। जिम्मेदारी ऐसी है कि सीमित समय में सभी काम को बांटना है। परिवार के लोगों के साथ यहां कार्यक्रम चल रहा है। पूरे परिवार के लोग यहां मौजूद हैं। पाहन नकुल बेसरा ने जानकारी देते हुए कहा, मुख्यमंत्री हमलोगों के ग्राम प्रधान हैं। इस वर्ष उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने से ज्यादा खुशी है। उन्होंने कहा कि इसी दिन से पूजा के उपरांत हमलोग नए फल-फूल का सेवन करते हैं। रामगढ़ विधायक ममता देवी एवं कांग्रेस नेता बजरंग महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नेमरा पहुंचने पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर स्वागत करने वालों में रामगढ़ जिला के उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक अजय कुमार शामिल थे। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू, झामुमो उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### बाहा पर्व पर जाहेरथान पर परंपरागत तरीके से होती है पूजा-अर्चना

बाहा पर्व या बाहा बोंगा भारत के संथाल जनजाति का एक पर्व है। 'बाहा' का अर्थ है फूल। इस पर्व के अवसर पर बच्चे, पुरुष और स्त्रियां सभी परंपरागत वस्त्र धारण करते है तथा मांदर बजाया जाता है। चैत्र माह शुरू होने से पहले बाहा पर्व मनाया जाता है। इसमें गांव के लोग जाहेरथान पर परंपरागत तरीके से पूजा करते हैं। इस पूजा में आम और महुआ के फूलों का विशेष महत्व होता है।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज | कल




## लेक्स फ्रिडमैन के पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा-

# मेरी ताकत हैं 140 करोड़ देशवासी

**बोले पीएम**

- हजारों साल की महान संस्कृति और परंपरा भी है हमारी ताकत
- हम शांति के पक्षधर, खुशी से ली है शांति निमार्ता की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपनी ताकत बताई और पाकिस्तान के साथ देश के रिश्तों पर बात की।

पीएम मोदी ने पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान कहा, मेरी ताकत मोदी नहीं है, 140 करोड़ देशवासी और हजारों साल की महान संस्कृति और परंपरा हमारी ताकत है। इसलिए मैं जहां भी जाता हूं, मैं अपने साथ हजारों साल की वैदिक परंपरा, स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद, सपनों और आकांक्षाओं का सार लेकर जाता हूं। जब मैं विश्व के नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो मोदी हाथ नहीं मिलाता है, 140 करोड़ लोगों की ताकत उनसे हाथ मिलाती है। इसलिए यह मेरी ताकत नहीं है, बल्कि यह भारत की ताकत है।

उन्होंने कहा कि जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। भारतीयों में संघर्ष और टकराव का समर्थन करने की आदत नहीं है। हम इसकी बजाय सद्भाव और समन्वय का समर्थन करते हैं। हम न तो प्रकृति के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते हैं, न ही राष्ट्रों के बीच संघर्ष को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम शांति के पक्षधर हैं, और जहां भी हम शांति निमार्ता के रूप में कार्य कर सकते हैं, हमने खुशी-खुशी उस जिम्मेदारी को स्वीकार किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि उनका प्रारंभिक जीवन अत्यधिक गरीबी में बीता, लेकिन 'हमने कभी गरीबी का बोझ महसूस नहीं किया।' जो व्यक्ति बढ़िया जूते पहनने का आदी है, उसे उनकी कमी तब खलेगी, जब उसके पास जूते नहीं होंगे। लेकिन, हमने अपने जीवन में कभी जूते नहीं पहने थे, तो हम कैसे जान सकते थे कि जूते पहनना कोई बड़ी बात है? हम तुलना करने की स्थिति में नहीं थे। हम बस ऐसे ही जीते थे। पीएम मोदी ने पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्तों पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, जब मैं प्रधानमंत्री बना, तो मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को विशेष रूप से आमंत्रित किया था, ताकि हम एक नई शुरूआत कर सकें। फिर भी, शांति को बढ़ावा देने के हर नेक प्रयास का सामना दुश्मनी और विश्वासघात से हुआ। हम उम्मीद करते हैं कि उन्हें सद्बुद्धि मिले और वे शांति का रास्ता चुनें। यह पूछे जाने पर कि वह आलोचनाओं को कैसे हैंडल करते हैं, प्रधानमंत्री ने कहा, अगर मुझे एक वाक्य में बताना हो, तो मैं इसका स्वागत करता हूं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। मैं सभी युवाओं को यह बताना चाहता हूं। जीवन में रात चाहे कितनी भी अंधेरी क्यों न हो, वह रात ही है, सुबह होनी तय है।

### चुटूपालू घाटी में सड़क हादसा, ट्रेलर में लगी आग चालक और खलासी घायल

**रामगढ़।** रामगढ़-रांची मार्ग (एनएच33) पर चुटूपालू घाटी में रविवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर ने कहर बरपा दिया। अनियंत्रित ट्रेलर ने कई गाड़ियों में टक्कर मारी। इससे उसके आगे चल रहा ट्रेलर पहाड़ से जा टकराया और उससे उसमें आग लग गई। हालांकि, इस भीषण सड़क हादसे में सभी गाड़ियों के ड्राइवर और खलासी बाल-बाल बच गए। इस हादसे के कारण चुटूपालू घाटी में एनएच33 पर अफरातफरी मच गई।मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा के राउरकेला से हिमाचल जा रहा ट्रेलर (एचआर 69सी 9422) का अचानक घाटी में ब्रेक फेल हो गया। ट्रेलर के चालक ने कई वाहनों को बचाते हुए रोकने की कोशिश की। लेकिन, उसने एक अन्य ट्रेलर (आरजे 36जीए 5002) को अपनी चपेट में लेते हुए वाहन मोड़ लिया। इससे आगे चल रहा ट्रेलर चट्टान से जा टकराया। चट्टान से टकराने के बाद ट्रेलर में आग लग गई। इधर, हादसे की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना के सब इंस्पेक्टर सलीम खान मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल चालक और खलासी को रामगढ़ सदर अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में चालक और खलासी का उपचार किया गया।

## नामकुम में कुछ युवकों की आपस में हुई लड़ाई का भयानक अंत

# होली के दिन हिंसक झड़प, एक की मौत

- पुलिस 15 लोगों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ
- आरोपियों के अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई, चला बुलडोजर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होली के दिन (शनिवार को) नामकुम थाना क्षेत्र में नामकुम स्टेशन के पास खटाल वाले और जोरार बस्ती के लोगों के बीच हुई हिंसक झड़प में कई लोग घायल गए। एक पक्ष के सोनू मुंडा नाम के व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। वहीं, कई घायलों का इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है, जिसमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया है। पूरा मामला 14 मार्च की शाम को हुए विवाद से जुड़ा हुआ है। रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के तहत आने वाले नामकुम रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को दो गुटों में झड़प हुई। जिन दो गुटों में झड़प हुई, उसमें एक गुट पास के जोरार बस्ती का है। वहीं, दूसरा गुट नामकुम स्टेशन के पास खटाल बस्ती का है। हालांकि, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला संभाल लिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारपीट करने वाले लोगों में जोरार बस्ती और नामकुम खटाल के लोग शामिल थे। लेकिन, यह विवाद खत्म नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप शनिवार को जोरार बस्ती के लोगों ने खटाल इलाके में हमला बोल दिया। इसके बाद एक बार फिर दोनों पक्षों में जमकर हिंसक झड़प हुई। दोनों गुटों के बीच तलवारबाजी भी हुई। मामले की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल जब मौके पर पहुंची, तो कुछ लोगों ने पुलिस वालों पर भी पथराव किया। बाद में पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ दिया। मारपीट में घायल लोगों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया था। इसमें सोनू मुंडा नाम के युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई। सोनू मुंडा को मारपीट के दौरान सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। वहीं, गंभीर रूप से घायल तीन लोगों का इलाज चल रहा है। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस ने इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखा है। मारपीट में शामिल लगभग 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसमें 10 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं। जो लोग भी इस मामले में दोषी होंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। मामले में गिरफ्तारी लगातार जारी है।

**आक्रोशित परिजनों ने किया सड़क जाम :** सोनू मुंडा नामकुम में हुई हिंसक झड़प में घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोनू मुंडा की मौत से परिजन काफी आक्रोश से भरे हुए थे। आक्रोशित परिजनों और आदिवासी संगठनों ने रविवार को नामकुम जोरार के पास रांची-पुरुलिया रोड को जाम कर दिया। इससे वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गई। बाद में पुलिस के समझाने के पर जाम को हटाया गया। मामले में पुलिस की कड़ी कार्रवाई जारी है।

## इंडिया

# मांस मदिरा वाली आधुनिक होली और सनातन प्राकृतिक परंपरा



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

होली पर सबसे ज्यादा भीड़ शराब और मांस की दुकानों पर देखी गई मानो यह कोई खाने और पीने का त्योहार हो । बहुतों ने हैपी होली या मुबारकबाद लिखकर संदेश भेजने का विरोध किया तो अधिकांश घरों से निकले ही नहीं और सामान्य छुट्टियों की तरह सोकर या टीवी पर फिल्में देखकर समय बिताया । आधुनिक भारत यानी इंडिया में सबसे अधिक प्रभावी हथियार बन चुके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में वर्षों से होली में पानी की बर्बादी का अभियान चल रहा था जो इस बार धीमा रहा पर इस बार जहां होली अवश्य मनाने की अपील चली तो दूसरी ओर बहुत पुरानी बातें फिर दुहराई गईं कि जो होली नहीं मानते उन्हें बख्श दिया जाए । इस तरह रंगों सा सजा मेल मिलाप का त्योहार दुर्घटनाओं का त्योहार बन गया जिसमें देश के कोने-कोने से सड़क दुर्घटनाओं के दुःखद समाचार मिले । फगड़ोल से लेकर बाहा तक यह प्रकृति से जुड़ा है । होली वैदिक पर्व है जिमें अग्नि और अन्न का मिलन है, जो परमात्मा के शरीर के सूक्ष्म और स्थूल रूप हैं। ऋग्वेद की पहली प्रार्थना ही अग्नि की है। होली अग्नि की तरह ऊर्ध्वगामी है जो व्यक्ति को उत्थान के लिए प्रेरित करती है। केवल रंग खेलने का पर्व नहीं बल्कि आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का अवसर भी है जिसमें काम और अर्थ भी जुड़े हैं ।भारत रत्न डॉ. पांडुरंग वामन काणे के धर्मशास्त्र का इतिहास के अनुसार पुरातन काल में जैमिनी सूत्र में इसका आरंभिक नाम 'होलाका' था। शबर स्वामी का कथन है कि होलाका उत्सव सभी लोगों द्वारा मनाया जाता था। 'होलाका' का उल्लेख वात्स्यायन के कामसूत्र में भी है, जिसमें फाल्गुन पूर्णिमा को एक-दूसरे पर रंग मिश्रित जल फेंका जाता है। यह पानी की पिचकारियों से रंग खेलने का उत्सव है। कामसूत्र में होली से संबंधित 'सुवसंतक' और 'अभ्यूष-खादिका' उत्सवों का भी उल्लेख है। होली में नए अनाज 'वाज' की आहुति अग्नि में दी जाती है, जिसे 'नवधान्य-इष्टि' कहा जाता है। आग में थोड़ा पकने के बाद यह 'वाज' से 'अभ्यूष' हो जाता है। इस प्रकार, होली नए धान्य को आग में भूनकर खाने का उत्सव है, जिसे 'अभ्यूष-खादिका' कहा जाता है। हेमाद्रि ने होलिका-पूर्णिमा को 'हुताशनी' कहा है। लिंगपुराण में फाल्गुन पूर्णिमा 'फाल्गुनिका' है, जो बाल क्रीड़ाओं से पूर्ण और लोगों को ऐश्वर्य देने वाली है।



वराहपुराण में होली को 'पटवास-विलासिनी' कहा गया है, जिसका अर्थ है चूर्ण (रंगों) से युक्त क्रीड़ाओं वाली। भविष्योत्तरपुराण में धर्मराज युधिष्ठिर और श्रीकृष्ण के संवाद से जुड़ी होली की एक कथा भी है।होली का एक पुराना वर्णन सातवीं सदी के संस्कृत नाटककार और कन्नौज के महाराज हर्षवर्धन ने अपने नाटक रत्नावली में किया है। वहां की होली 'वसंतोत्सव' के रूप में चित्रित है। प्राकृत साहित्य की गाहा सतसई में भी होली को 'फाल्गुनोत्सव' के रूप में वर्णित किया गया है, जिसमें नदी किनारे युवक-युवतियां एक-दूसरे पर रंग फेंककर आनंद मनाते हैं। होली केवल सगुण भक्ति परंपरा का ही चैतन्य पर्व नहीं है, बल्कि निर्गुणियों पर भी इसका गहरा प्रभाव है। निगुर्णी संप्रदायों की होली नाच-गान और धूम-धड़ाके से दूर होती है। नाम जप को महत्व देने वाले निगुर्णी संप्रदाय होली को प्रह्लाद उपाख्यान से जोड़ते हैं। वे मानते हैं कि प्रह्लाद ने भगवान के नाम जप पर विश्वास कर अनूठी निष्ठा प्रकट की। कबीर, दादू, गुरु जंभेश्वर, संत रामचरणदास और ब्रह्मानंद जैसे निर्गुणियों के साथ ही भक्तिमती मीरा ने होली की लाली को अपने भीतर उतारा।ब्रह्मानंद के कन्हाई तो अकेले होली नहीं खेलते। पांच महाभूतों से बनी एक पिचकारी बनाई, जिसमें रंग भरकर चौदह भुवनों की सृष्टि कर डाली। फिर पांच ज्ञानेंद्रियों के विषय-रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श की गुलाल बनाकर उसे ब्रह्मांड में उड़ाया। जिन-जिन पर यह गुलाल पड़ा उनकी सुध-बुध खो गई। विश्नोई संप्रदाय होली की रात शोक मनाता है। गुरु जांभोजी ने कहा था, प्रह्लाद से वाचा कीन्हीं, आयो बारां काजै, अर्थात प्रह्लाद को दिए गए वचनानुसार वह लोगों के कल्याण के लिए धरती पर प्रकट हुए हैं। भक्त प्रह्लाद विश्नोइयों के आदिगुरु हैं। विश्नोई संप्रदाय में होलिका दहन नहीं किया जाता। रामस्नेही संप्रदाय में होली पर फूलडोल होता है। इसमें संत दादू के शिष्य जनगोपाल द्वारा लिखित प्रह्लाद चरित का रात्रि में पाठ किया जाता है। फूलडोल से तात्पर्य है, देवन आए पुष्प बरसाए, ताते फूलडोल कहलाए, यानी भक्त प्रह्लाद के अग्नि में न जलने पर देवताओं ने उनके भक्ति चमत्कार से अभिभूत होकर उन पर पुष्प बरसाए, यही फूलडोल है। मेवाड़ की पुण्यधरा में मीरा अपने गोविंद के विरह में तड़प रही हैं। उनकी होली प्रेम के रंगों में भीगी हुई है। होली पर केवल कृष्ण रंग उड़ रहा है। मीरा होली को असाधारण रूप में व्यक्त कर रही हैं - फागुन के दिन चार रे, होली खेल मना रे। श्याम रंग में रंगी मीरा की चुनरिया को उनके श्याम पिया खुद रंगने आते हैं। भक्ति का रंग इतना अद्वितीय है कि बिना आंखों वाले संत सूरदास भी इसे अपने ज्ञानचक्षुओं से पहचानते हैं- सूरदास की काली कमरिया चढ़त न दूजो रंग!

# कम्यूटेड पेंशन बहाली 15 से घटाकर 12 साल करने की मांग

- केंद्रीय कर्मचारियों के संगठनों ने आवाज की बुलंद

**- ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कम्यूटेड पेंशन की बहाली के समय को कम करने की लंबे समय से चली आ रही मांग एक बार फिर से गरमा गई है। अभी तो यह पेंशन 15 साल बाद बहाल की जाती है, लेकिन कर्मचारी संगठन चाहते हैं कि सरकार कम्यूटेशन के समय को कम करे, इसे घटाकर 12 साल कर दे। अब आठवें पे कमीशन की घोषणा के बाद कर्मचारियों को उम्मीद है कि सरकार इस बार इस मुद्दे पर विचार कर सकती है। क्योंकि, सरकार आठवें वेतन आयोग की शर्तें तय करने में जुटी हुई है, तो अभी नहीं तो कभी नहीं की संभावना के चलते कर्मचारी संगठनों ने अपनी आवाज को बुलंद कर दिया है। कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स जैसी बड़ी कर्मचारी यूनियनों का कहना है कि सरकार की तरफ से लगातार उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। इसकी वजह से कर्मचारियों और पेंशनरों में गुस्सा बढ़ रहा है। संगठन ने हाल ही में पूरे देश में प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इसके तहत गेट मीटिंग व आम सभाएं आयोजित की गईं। अब हम कर्मचारियों की मांगों पर बात करें, तो इसमें पहली मांग यह है कि 8वें वेतन आयोग की तत्काल स्थापना व कर्मचारियों की मांगों को शामिल किया जाना चाहिए। दूसरी मांग है कि एनपीएस को खत्म करके ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू किया जाए। तीसरी मांग यह है कि कोरोना के दौरान महंगाई भत्ते रोक दी गई थी, उसे बहाल किया जाए। चौथी मांग यह है कि एजडेस्टेड (कम्यूटेड) पेंशन की बहाली अवधि को 15 साल से घटाकर 12 साल करना। पांचवी मांग है कि कंपनसेट अपॉइंटमेंट की लिमिट को हटाना और खाली पदों को जल्द से जल्द भरना। इसके अलावा, आखिरी मांग है कि संगठनों का लोकतांत्रिक कामकाज तय करना। अभी सरकार रिटायर कर्मचारियों की पेंशन में से 15 साल तक कटौती करती है।

# होली की खुशी गम में बदली, सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य सड़क के गमहरबिगहा गांव के समीप शुक्रवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सबानो तकेया गांव निवासी स्वर्गीय विश्वनाथ मेहता के पुत्र व न्यू वनांचल हॉस्पिटल के संचालक शशि रंजन मेहता उर्फ माही 35 वर्ष संढा गांव के समीप दुकान में अपने मित्र हरिनंदन मेहता से मुलाकात कर वापस बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान जपला की ओर से आ रही बाइक सवार से आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में हॉस्पिटल संचालक के भाई की मौत घटना स्थल पर हो गयी, जबकि दूसरा बाइक सवार सिकनी गांव निवासी लखन यादव का पुत्र गुड्डू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

स्थानीय लोगों ने शशि रंजन मेहता उर्फ माही को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल गुड्डू यादव को उसके परिजनों ने एमएमसीएच में भर्ती कराया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसरा गया। देर रात होने के कारण अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने में चिकित्सक तैयार नहीं थे। अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने पलामू उपायुक्त से बात कर उनसे मिलने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। शनिवार की सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। दुर्घटना के बाद जपला छतरपुर मुख्य सड़क के नहर मोड़ के समीप शनिवार की सुबह आठ बजे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में उत्तेजित ग्रामीणों ने जपला छतरपुर मुख्य सड़क को जाम कर धरना पर बैठ गए। ग्रामीण मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा व आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और मृतक के परिजनों से बात कर जाम हटाने की बात कही। आपदा प्रबंधन राहत कोष से मृतक के आश्रितों को चार लाख रुपए मुआवजा व उनके दो बच्चों को भरण-पोषण के लिए चार-चार हजार रुपए प्रति माह 18 साल तक देने की मांग के आश्वाशन के बाद 10 बजे जाम हटाया गया। मौके पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि आए दिन बाइक सवारों को तेज रफ्तार हाइवा, ट्रैक्टर व चार पहिया वाहन रौंद कर फरार हो जाते हैं। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के सिवा कुछ नहीं करती हैं। उन्होंने इस घटना में दोषी बाइक चालक पर कार्रवाई करने व मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि दो बाइक की टक्कर की वजह से यह घटना घटी है। दोनों बाइक को जब्त कर लिया गया है।

# पिकअप व कार में आमने-सामने की टक्कर, पांच घायल, एक गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के बेलोदर स्थित कोमाकी बाइक शो रूम के समीप एनएच 139 पर शुक्रवार को अपराह्न 3.30 बजे कार व पिकअप की आमने-सामने की टक्कर में कार पर सवार पांच युवक घायल हो गए। घायलों में बेलोदर निवासी रंजन कुमार सिंह (26 वर्ष)पिता अनिल कुमार सिंह, सूरज कुमार सिंह 21वर्ष , पिता संजित कुमार सिंह, सौरभ सिंह 26 वर्ष पिता विजय कुमार सिंह, सुरेश शर्मा 30 वर्ष पिता वृहस्पत शर्मा, तथा सियारभुका निवासी बसंत मेहता का 28 वर्षीय पुत्र भूषण कुमार शामिल हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद आस पास के लोगों की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर असदुल्लाह फैज ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर कर दिया। घायलों में सूरज कुमार सिंह की हालत गंभीर बताया जाता है। फिलहाल इसका ईलाज बनारस स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सहजन लदा पिकअप औरंगाबाद की ओर जा रही थी। उक्त स्थान पर विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप रोड पर ही पलट गई। जबकि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज थाना के एसआई रंजीत कुमार सिंह, अविनाश कुमार, विनोद कुमार सिंह, अजय कुमार, संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटा कर आवागमन बहाल कराया।

## न्यूज बॉक्स

### डॉक्टर के घर में शॉट शर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के अमन-चैन मुहल्ले के वार्ड नंबर दो में हुसैनाबाद के अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार के आवास में आग लगने से करीब ढेड़ लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण शॉट सर्किट होना बताया जा रहा है। समाचार के अनुसार बंद घर में आग लगने के समय परिवार का कोई सदस्य नहीं था। आग लगने की सूचना पड़ोसी द्वारा दिया गया। अग्नि शमन को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया। इसमें फ्रीज, कूलर,पंखा, कंप्यूटर, एलसीडी, पलंग, कपड़ा,जरूरत के कागजात समेत करीब ढेढ़ लाख रुपये मूल्य की संपत्ति का नुकसान होना बताया हैं। डॉ. विनेश कुमार ने सीओ को लिखित आवेदन देकर आपदा प्रबंधन राहत कोष से सहायता प्रदान करने की गुहार लगाई है।

# उमंग उल्लास व उत्सव के साथ मनी रंगो का त्योहार होली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उमंग,उल्लास व उत्सव के साथ रंगो का त्योहार होली सोमवार और मंगलवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने अबीर गुलाल उड़ाकर पूरे आस्था के साथ मनाई। गुरुवार की देर रात को होलिका दहन के साथ ही लोग होली की मस्ती में डूब गए। महिलाओं ने होलिका का पूजन कर घर में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे परंपरागत तरीके से होली गीत गाये गए। शुक्रवार की सुबह होते ही लोगों ने जमकर रंगो की होली खेल में पूरी तरह से साराबोर रहें। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिन युवाओं और बच्चों की टोली बनाकर एक दूसरे के घर जाकर होली का हुड़दंग किया। साथ ही कुर्ता फाड़ होली का लुत्फ उठाया। इस दौरान लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की



बधाई दी। वहीं बड़े बुजुर्गो को पैर छू कर आशीर्वाद लिया। बच्चों ने जमकर होली की मस्ती की। बच्चे पिचकारी लेकर एक दूसरे पर रंग लगाकर होली की बधाई दी। कुछ बच्चें सड़क किनारे खड़े होकर आने जानें वाले लोगों पर रंग फेंक कर होली खेले रहे थे। कुछ लोग मोदी, छोटा भीम, राक्षस का मुखौटा पहनकर होली खेल रहे थे। होली की गीत पर लोग नृत्य कर रहे थे। होली की हुड़दंग व मस्ती में लोग सुबह से दोपहर तक झूमते रहे। होली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही। हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, देवरी ओपी के बबलू कुमार अलावा पुलिस के कई जवान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त करते देखे गए।

# युवक कि संदेहास्पद स्थिति में मिली लाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भैरवा गांव के एक खेत से रविवार की सुबह एक युवक की शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है। शव कि पहचान भैरवा गांव निवासी उपेन्द्र चौरसिया ने 25 वर्षीय पुत्र अंगद चौरसिया के रूप में हुई है। मृतक के पिता उपेंद्र चौरसिया ने बताया कि उनका बेटा शनिवार को होली उत्सव में शामिल गांव में आयोजित गाना बजाने में शामिल होने गया था। कार्यक्रम 9 बजे तक समाप्त कर सभी लोग घर चल गए। अंगद भी घर वापस आ गया। रविवार की सूबह 4 बजे नित्य कार्यक्रम के लिए निकला। चाचा सुरेन्द्र चौरसिया भी कार्यक्रम के लिए निकले थे। थोड़ी दूर गए की देखा कि अंगद का शव खेत में पड़ा है। इसकी सूचना घरवालों को दिया। खबर सुनते ही लोग खेत की ओर दौड़ पड़े। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर चैनपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस मामले में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि अभी तक मृतक के परिजनों द्वारा थाना को आवेदन नहीं दिया गया है।

### रंगों का पर्व होली उल्लास के साथ मनी

**सतबरवा।** प्रखंड के आसपास के क्षेत्रों में होली का त्योहार पूरे उल्लापूर्ण वातावरण में मनाया गया। गुरुवार की रात्रि में होलिका दहन के साथ शुक्रवार व शनिवार को रंगों से सराबोर होली मनाया गया। शाम को अबीर गुलाल लगाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। सतबरवा थाना प्रभारी के नेतृत्व में पेट्रोलिंग की गई। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि पूरे थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण के साथ होली का त्योहार समाप्त हो गया। मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, प्रमुख रीमा देवी, उप प्रमुख कमाख्या नारायण यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, उप मुखिया के प्रखंड अध्यक्ष अर्चना ने होली की शुभकामनाएं दी।

# तैयार होने के 20 दिनों पहले ही रबी फसलों पर पड़ी मौसम की मार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसम की बेरुखी किसानों के लिए बुरी खबर लेकर आई है। हाल के दिनों में लू के प्रभाव ने तो इनकी साधारण पैदावार के बचा खुचे आसरे पर भी तुषारापात कर दिया है। फसलों के साथ ही सब्जियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। आम, महुआ और सहजन जैसे फलों के फूल व कोंचा भी मुरझा गए। भरपूर मात्रा में मंजर, कोंचा फूलों से इनके पेड़ लदे नजर आए थे। इनसे इनकी अच्छी उत्पादन मिलने की उम्मीद हो गई थी। मगर अब ऐसा नहीं लगता है।

### दाना पुष्ट होने से पहले ही सूख गए रबी फसलों के पौधे



किसान रामजन्म राम, कमलेश मेहता, प्रवेश पासवान, कृष्णा यादव और अन्य का कहना है कि रबी फसलों खासकर, चना, अरहर और गेहू पर इनके पौधों के तैयार होने के साथ ही पछुआ हवा और तीखी धूप ने ऐसा असर डाला था कि प्रारंभिक चरण में ही इनकी अच्छी पैदावार की संभावना काफी कम हो गई थी। वैसे, भी अरहर और चना की फसलें, तो नीलगायों के ग्रास बनते चले गए थे। फिर, बीज के लिए इनके दाने मिलने की उम्मीद बची थी। वहीं, गेहू की फसल को पटवन कर अच्छी नहीं, तो साधारण उत्पादन की उम्मीद की गई थी। मगर लगातार तीखी धूप और हाल के दिनों में लू लगने से तैयार होने के करीब 20 दिनों पहले ही इनके पौधे ही सुख गए। हालांकि अभी दो बार इसकी सिंचाई कर साधारण उत्पादन को लेकर ही सही, किसान तैयार बैठे थे। वैसे, भी मुख्य नहर का जलप्रवाह बंद रहने और मौसम की बेरुखी से जलस्तर प्रभावित होने की स्थिति में सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन पर अतिरिक्त समय व निवेश के साथ ही इसमें अधिक मेहनत और मशक्कत भी करनी पड़ी थी। ऐसे में उनकी मनोदशा को समझा जा सकता है।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के महावीर मोड़ के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर दीवार से टकराने से बाइक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कुंदन कुमार राम पिता विजय राम, अंदीप कुमार पिता प्रयाग राम ग्राम दारूडीह के रूप में हुई है। दुर्घटना में एक युवक अमन कुमार पिता सुरेन्द्र राम घर दारूडीह गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर तीनों को एंबुलेंस के माध्यम से एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया है। वहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। बता दें कि मेदिनीनगर की ओर से बाइक पर तीन युवक सवार होकर अपने घर दारुडीह जा रहे थे। इस क्रम में महावीर मोड़ के करीब टर्निंग में गाड़ी की तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर बाइक दीवार से जा टकराई। इस घटना के बाद पूरे गांव में होली की खुशी मातम में बदल गया। पूरे गांव में कोहराम मच गया।

# झारखंड के नागवंशी राजाओं का इतिहास गौरवशाली सभ्यता का साक्षी: डॉ. अंगद किशोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पटना के दारोगा पथ राय स्थित स्वतंत्रता सेनानी हाल में 16 मार्च को अखिल भारतीय नाग संघ के प्रथम स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अंगद किशोर, उद्घाटनकर्ता भंते सिंहल द्वीप, अखिल भारतीय नाग संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, उपाध्यक्ष धनी राम आर्या, महासचिव मयंक राज सिंह, जेएनराम आदि मंचासीन थे। मुख्य अतिथि डॉ. किशोर ने बताया कि भारत में नाग सभ्यता भारत का प्राचीनतम इतिहास की साक्षी है। भारत के प्राचीनतम राजवंश नागवंश की संतान हैं। डॉ. किशोर ने झारखंड के नागवंशी राजाओं के इतिहास को गौरवशाली सभ्यता का साक्षी बताया। उन्होंने झारखंड में नागवंश के संस्थापक




फणिमुकुट राय से लेकर अंतिम राजा चिंतामणि शाहदेव तक विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रमाणित किया कि इस दौरान 62 नागवंशी राजा हुए। मौके पर नाग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने रघुवीर प्रजापति, अरुण चंद्रवंशी, रामनाथ प्रजापति, विनोद कुमार,विनय कुमार, डॉ द्वारिका मेहता आदि उल्लेखनीय थे। मंच की अध्यक्षता डॉ .राजीव कुमार तथा संचालन मयंक राज सिंह ने किया।

# रौनियार वैश्य कल्याण समिति का होली मिलन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के लक्ष्मी मार्केट कॉम्प्लेक्स में रौनियार वैश्य कल्याण समिति के बैनर तले होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मदन प्रसाद गुप्ता ने की। संचालन विकास प्रसाद ने की। कार्यक्रम में बड़े संख्या में रौनियार वैश्य समाज के महिला पुरुष,बड़े, बुजुर्ग व बच्चों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित की गयी। वहां लोगों ने गीतों पर नाच गाकर खूब मस्ती की। लोगों ने लजीज पकवान का आनंद उठाया। आयोजन में समिति के अध्यक्ष मदन प्रसाद गुप्ता की अहम भूमिका रही। उन्होंने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज को एक सूत्र में बांधकर रखने के लिए समिति का ऐसा प्रयास अनवरत जारी रहेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष संजय प्रसाद गुप्ता, जिला सचिव सुरेंद्र गुप्ता, समिति के सचिव संतोष गुप्ता, राजू गुप्ता, जीतू, मीडिया प्रभारी पंकज गुप्ता, महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीलिमा गुप्ता, निरंजन गुप्ता, सतेंद्र गुप्ता, संतोष कुमार, युगेश प्रसाद, रमेश गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### नपं के निवर्तमान पार्षद के निधन से क्षेत्र में शोक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड छह के निवर्तमान पार्षद अर्जुन प्रसाद गुप्ता के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। रविवार की सुबह उनकी तबियत बिगड़ने पर उनके परिजनों ने उन्हें हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. ने उनके बेहतर उपचार के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया था। वहां इलाज के दौरान हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नागरिकों में गहरा शोक व्याप्त है।अर्जुन प्रसाद गुप्ता जपला धरहरा नहर मोड़ के निवासी थे। वह वार्ड छह के पार्षद के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है। अपने सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण के कारण लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। उनका दाह संस्कार रविवार को ही सोन नदी घाट मुक्ति धाम देवरी पर किया गया। हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह पवन अग्रवाल समेत कई लोगों ने कहा कि उनका जाना हुसैनाबाद के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

## उत्साह | बुजुर्गों में भी दिखा उमंग, परंपरागत गीतों की प्रस्तुति से शमां बांधा

# शांति व सद्भावना के साथ मनी होली



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में होली का त्योहार शांति और सद्भावना के साथ संपन्न हो गया। इसे लेकर युवाओं में संयम और पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी की बड़ी भूमिका रही। होलिका दहन की पूर्व संध्या पर अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में सड़कों पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। बाद में होली के दो दिनों में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन और उपस्थिति में सदलबल गश्ती किया गया। वैसे तो पारंपरिक होली गायन का प्रचलन विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गया बताया जाता है। मगर पुराने ख्यालात और परंपरा का पालन करते आए बुजुर्गों ने इसे अब भी कायम रखा है। जिन्होंने उमंग का प्रदर्शन करते हुए परंपरागत होली गीतों की प्रस्तुति देकर झुमने और नाचने पर विवश किया। ऐसे ही बुजुर्ग 80 साल के देवचंद साव (शिलापर) के बाद के बिहारी राम, भिखारी रजवार, भोला मेहता, घुरा राम, विनोद मेहता,राघव सोनी, छोटू सोनी और लल्लू मेहता सहित अन्य कई लोगों की सक्रियता होली गायन को लेकर देखने को मिली। वहीं, जगदेव चौक पर मटकाफोड़ कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष भी किया गया। जिसमें 12 वर्षीय अप्पू चौरसिया ने 30 फीट की ऊंचाई पर युवाओं के कंधे के सहारे पहुंच कर मटकाफोड़ा। लोगों की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेम सिंह, रीतिक चौरसिया, विजय कुमार पालो सहित कई लोग शामिल थे।

### रंग, अबीर व गुलाल की बौछारों से सराबोर रहा हैदरनगर

**हैदरनगर** शांतिपूर्ण माहौल में होली पर्व संपन्न कराने को लेकर संपूर्ण अनुमंडल के पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने दो दिनों के पर्व में रंग, अबीर व गुलालों के बीच लगातार फ्लैग मार्च जारी रहा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर लगे बम पटाखों के स्टॉलों की जांच के बाद दुकान हटाने और बिक्री नहीं करने की भी हिदायत दी गई। जिला प्रशासन के निर्देश पर दूसरे दिन रविवार को भी उन्होंने बीच मार्ग में लोगों से मिलकर रमजान के चालू महीने को देखते हुए ऐसा कोई काम नहीं करने की बात कही। जिससे दूसरा पक्ष को परेशानी और आहत हो। फ्लैग मार्च में हुसैनाबाद से स्वयं एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब व सीओ पंकज कुमार, हैदरनगर के प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल, एसआई अफजल अंसारी, विवेक कुमार व अमर सिंह, सीओ संतोष कुमार, एएसआई जितेन्द्र कुमार, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, देवरी व दंगवार के ओपी प्रभारी बबलू कुमार व सोनू कुमार के अलावे सभी थाना व ओपी के काफी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

# होली पर याद किए गए दिवंगत कलाकार व स्थानीय संगीतकार, बाजार से गांव तक रंग की मस्ती में डूबे युवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** होली के दिन पलामू जिले के हैदरनगर बाजार क्षेत्र में रंगोत्सव के साथ बंधने वाली संगीत की शमां आज सूनी पड़ गई है। लंबे समय के बाद हैदरनगर के श्रेष्ठतम कलाकार और संगीतकार याद किए गए हैं। यूनियन ड्रामेटिक क्लब के निदेशक की भूमिका में रहे 76 वर्षीय वयोवृद्ध कुंडल तिवारी और भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार सिंह, रणविजय सिंह, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, डॉ. अजय जयसवाल, सेवानिवृत हेडमास्टर सीताराम सिंह, सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा आदि ने कहा कि श्रद्धेय हारमोनियम वादक स्व. भानू प्रताप साहिदेव, तबला वादक स्व. नागेश्वर सिंह, सरगी पर स्व. परमेश्वर राम, ढोलकिया स्व. मुखा सिंह, नर्तक व गायक स्व. शंकर राम और स्व. नरेश सिंह, स्व. डोमन प्रसाद की कला और सांस्कृतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका स्मरणीय है। उन्होंने कहा कि चौक बाजार स्थित राम मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में भी इनके कार्यकाल में होली पर संगीत की सुर और वाद्ययंत्र की धुन गूंजने में कोई कसर इन कलाकारों ने नहीं छोड़ी थी। हैदरनगर के गांव जैसे खरगाडा, बिन्दु बिगहा, संतोषडीह, विलासपुर, बहेरा जैसी सुदूर क्षेत्र से आगंतुक मंडलियों से होली गायन की संगीत से क्षेत्र का पूरा वातावरण ही संगीतमय हो जाती थी। उन्होंने इन दिवंगत कलाकारों को नमन कर कहा कि वर्तमान में इनकी कमी और समाजिक योगदान भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि सृष्टि का नियम ही है कि परिवर्तन को झुठलाया नहीं जा सकता। रंग, अबीर, गुलालों की बौछार के बीच बाजार से गांवों तक खासकर युवाओं में इस पर्व पर काफी उत्साह रहा। विभिन्न स्थानों पर ढोल, बजे साहित्बनी वाद्ययंत्रों की संगीत पर पूरे दिन लोग नाचते थिरकते नजर आए।

### वार्ड सदस्य में दिखा जनसेवा के प्रति समर्पण

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य नंदकिशोर मेहता का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में वार्ड सदस्य हाथ में फटे पुराने कपड़े लेकर मिट्टी और धूल से गंदा पड़े सीमेंटेड बेंच की रगड़-रगड़ कर सफाई के बाद एक युवक के सहयोग से बाल्टी में पानी मंगाकर झाड़ू से धुलाई कर रहे हैं। जनसेवा से संबंधित वार्ड सदस्य के ऐसे वीडियो को सुनील कुमार ने गांव के नाम के सोशल मीडिया ग्रुप में अपलोड किया है। इस पर अजय कुमार, समाज सेवी मंटू दास, सुशील कुमार मेहता, रौशन कुमार, विधायक प्रतिनिधि पंचु रजवार, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामजन्म राम कहा कि यह समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

# जिले में धूमधाम से मनी होली, रंग-गुलाल से सराबोर हुए लोग





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले भर में शुक्रवार को होली का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने रंग, गुलाल और अबीर उड़ाकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। हर गली, हर चौक पर होली की धूम रही। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी रंगों की मस्ती में सराबोर नजर आए। गुरुवार की शाम हुए होलिका दहन के बाद से ही माहौल में उमंग देखने को मिला। शुक्रवार सुबह होते ही लोग होली के रंग में डूबने लगे। हर तरफ ₹होली है!₹ की गूंज सुनाई देने लगी। बच्चे सुबह से ही रंग और पिचकारी लेकर निकल पड़े और दोस्तों के साथ होली खेलने में मशगूल हो गए। सुबह हल्की ठंड थी, लेकिन चढ़ते दिन के साथ मौसम गर्म होने के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। सुबह 10 बजे के बाद हर कोई होलियाना मूड में नजर आने लगा। 'होली आई रे कन्हाई' और 'रंग बरसे' जैसे गीतों की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। सड़कों पर युवाओं की टोली घूम रही थी, जो राहगीरों को रंगों से सराबोर कर रही थी। हर मोहल्ले, गली और चौक-चौराहों पर होली का उत्साह देखते ही बन रहा था।

### गांव से लेकर शहर तक बही रंगों की बौछार

गांव और शहर में होली की उमंग और जोश बराबर नजर आया। बच्चे सुबह से ही रंग और पिचकारी लेकर अपने घरों से निकल गए और दोस्तों के साथ होली खेलते रहे। युवाओं की टोली भी पूरे जोश में दिखी, जो एक-दूसरे को रंगों से सराबोर कर रही थी। महिलाओं ने भी होली का पूरा आनंद लिया। वे टोलियों में एक-दूसरे के घर जाकर रंग खेलती रहीं। घरों में तरह-तरह के लजीज व्यंजन बनाए गए। गुझिया, दही-बड़े, मालपुए और ठंडाई के बिना होली का मजा अधूरा माना जाता है, जिसे हर घर में बड़े चाव से परोसा गया। होली की बधाई देने वालों की भी कोई कमी नहीं थी। लोग समूहों में बंटकर एक-दूसरे के घर गए और गुलाल लगाकर बधाई दी। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम, पुलिस ने रखी कड़ी नजर

होली के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए थे, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

होली के अवसर पर कई धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। अनुष्ठान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। धार्मिक होली गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। शहर के सुदना स्थित प्राचीन देवी मंडप में होली पर्व को लेकर विशेष आयोजन हुआ। इस दौरान श्रद्धालु महिलाओं और पुरुषों ने देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की और अबीर-गुलाल अर्पित कर सुख-शांति की कामना की। कार्यक्रम में भक्ति संगीत भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें त्रिवेणीया में 'रामजी नहाए सूरज उदय से पहले,' 'होली खेले रघुबीरा अवध में,' 'सिया चलली अवध की ओर होरिया खेले राम लला,' 'बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में होली खेले,' और 'राधा के रोके डगरिया कान्हा' जैसे गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस आयोजन में महंत अभिमन्यु ओझा, वाल्मीकि तिवारी, नवल किशोर तिवारी, रामप्रवेश पंडित, हरिद्वार पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, दिलीप, मनीष उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### होली के रंग में डूबा पूरा जिला

होली के दिन पूरे जिले में उल्लास और उमंग का माहौल रहा। लोग आपसी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते दिखे। इस पर्व ने समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया और हर किसी ने इसे पूरे आनंद और मस्ती के साथ मनाया।

## शहर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई होली और जुम्मे की नमाज



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के शहर थाना और सदर थाना क्षेत्र सहित पूरे जिले में होली का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। वहीं, शुक्रवार को मेदिनीनगर की छः मुहान स्थित बड़ी मस्जिद में रमजान के दूसरे जुमे की नमाज भी शांति और सुरक्षा के बीच अदा की गई। होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन होने के कारण सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दोपहर 1 बजे बड़ी संख्या में लोग मस्जिद में नमाज अदा करने पहुंचे। शहर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद था, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। छः मुहान चौक पर स्वयं शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार तैनात थे, जबकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति के लिए शहर थाना में फायर ब्रिगेड की टीम भी मौजूद रही। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न चौक-चौराहों–जैसे बैरिया चौक, रेड़मा चौक, छः मुहान चौक, विस्फुटा चौक और हनुमान मंदिर के पास पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। उन्होंने कहा कि होली और जुम्मे की नमाज सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न होने से मेदिनीनगर में गंगा-जमुनी तहजीब की शानदार मिसाल देखने को मिली। इसी तरह, सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने भी अपने क्षेत्र में पूरी व्यवस्था को लेकर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि मोहल्लों और गांवों में भी चौकसी बढ़ाई गई थी, जिससे कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। उन्होंने शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न कराने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया और प्रशासन की तत्परता को इसकी सफलता का कारण बताया।

## पुलिस हिरासत में महफूज अहमद की हालत गंभीर, परिजनों ने लगाया पिटाई का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के कारीमाटी से लूट की योजना बनाते हुए पकड़े गए महफूज अहमद (24) की हालत गंभीर हो गई है। रांची रिम्स में भर्ती महफूज को लेकर परिजनों का आरोप है कि पुलिस पिटाई के कारण उसकी यह स्थिति बनी है।

### परिजनों का आरोप : पुलिस प्रताड़ना से बिगड़ी हालत

परिजनों के अनुसार, 1 मार्च को महफूज और उसके मकान मालिक को नावाबाजार पुलिस ने पकड़ा था, लेकिन दो दिनों तक कोई जानकारी नहीं दी गई। 3 मार्च को महफूज का बायां हाथ तोड़ दिया गया और उस पर टॉर्चर किया गया। 6 मार्च को उसे अधमरी हालत में कोर्ट में पेश किया गया और जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी के समय भागने के दौरान उसका हाथ टूटा था और वह सही सलामत कोर्ट में पेश हुआ था। मामले की जांच की जा रही है।

## हलवाई समाज के होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में श्री कन्य कुब्ज वैश्य मोदनवाल हलवाई समाज द्वारा होली मिलन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए समाज के लोगों ने एकता और उल्लास के साथ होली का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और श्री पूज्यपद महर्षि मोदनसेन जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष महिलाओं द्वारा सामूहिक आरती से हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ट्विंकल गुप्ता उपस्थित रहे। समाज के वरिष्ठजनों ने मुख्य अतिथि का माला, शॉल और अबीर-गुलाल से अभिनंदन किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी शाम

समारोह में महिलाओं और बच्चों ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने लोकगीत, भजन और नृत्य के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मद्धेशिया हलवाई समाज से पांच सदस्यीय समिति को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष प्रभात गुप्ता (पिंटू), मनोहर कुमार लाली सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। हलवाई समाज के दोनों समूहों ने एकता और सहयोग का परिचय दिया और समाज की प्रगति व आगामी चुनावों पर चर्चा की।

### युवाओं की भूमिका और समाज का मार्गदर्शन

समारोह को सफल बनाने में समाज के युवाओं ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के प्रवक्ता और मंच संचालक शुभम प्रसाद ने कहा कि होली मिलन समारोह एक ऐसा अवसर है, जहां दूर-दराज में व्यवसाय कर रहे लोग भी एकत्रित होते हैं और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रसाद, विजय प्रसाद और बजरंगी प्रसाद ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर ओमप्रकाश प्रसाद, शुभम प्रसाद, दीपांशु गौरव, बजरंगी प्रसाद, सुरेश प्रसाद, अशोक प्रसाद, कामता प्रसाद, मंगल प्रसाद, मोतीलाल प्रसाद, अनूप गुप्ता, संजय प्रसाद, रवि गुप्ता, सोनल मोदनवाल, बब्लू गुप्ता, विनय गुप्ता, चंदन मोदनवाल, गौरव मोदनवाल, श्यामसुंदर प्रसाद, अनुज गुप्ता, विशाल मोदनवाल, राहुल मोदनवाल, शुभम मोदनवाल और अरविंद गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समाज के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने सामुदायिक एकता और परंपरागत मेल-मिलाप को और मजबूत किया।

## जंगल में फंदे से लटका मिला नाबालिग लड़की का शव

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठी महुआ जंगल में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान शिवलोचन कुमारी, पिता राजेश परहिया के रूप में हुई है। वह शुक्रवार सुबह अपनी बहन के घर जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन शाम को उसका शव जंगल में चिलबिल के पेड़ से लटका हुआ मिला।

**परिजनों के अनुसार घरेलू विवाद के बाद उठाया कदम :** शनिवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच, मेदिनीनगर भेजा। रामगढ़ पुलिस पदाधिकारी सोमाय मलगंडी ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि कोठी महुआ जंगल में एक नाबालिग लड़की की डेड बॉडी पेड़ से लटकी हुई है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। परिजनों का कहना है कि घर में खाना बनाने को लेकर किसी बात पर विवाद हुआ था। नाराज होकर वह बहन के घर जाने की बात कहकर निकली, लेकिन बाद में जंगल में जाकर अपनी साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव घर से लगभग 1 किलोमीटर दूर जंगल में मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों को स्पष्ट करने के लिए परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है।

## रंगो का उल्लास ने मिटा दिया वैमनस्य, कई स्थानों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/पत्थलगडा।** जिला मुख्यालय सहीत मयूरहंड, प्रतापपुर, कुंदा, गिद्धौर, सिमरिया, पत्थलगडा, टंडवा व इटखोरी आदि प्रखंडों में होली पर्व शुक्रवार व रविवार को धुमधाम से मनाया गया। शनिवार को राग, रंग और उमंग का महापर्व होली संपूर्ण जिले में छिटफुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। होली के इस महापर्व को लेकर लोगों ने उच्च-नीच, गरीबी-अमीरी सभी भेदभाव को भुलाकर उल्लास, उमंग और खुशी के साथ एक दुसरे से गले मिल कर रगं व अबीर लगा गले मिलकर होली की एक दूसरे को बधाई दी। चारो ओर रंगों के फवारे और अबीर की खुशबु इस बार सोमवार से बुधवार तक उड़ती रही। एक दूसरे को होली की शुभकामना देने, खाने-खिलाने का दौर भी खूब चला। इससे पूर्व गुरुवार देर रात्रि बुराई की प्रतीक होलीका का दहन भी लोगों ने उत्साह के साथ किया। शहर में दर्जनों स्थानों के अलावा जिले के प्रायः सभी गांवों में पारंपरिक तरीके से होलिका दहन किया गया। पत्थलगडा थाना परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों व गणन्य लोगों को रंग व गुलाल लगाकर थाना आलोक चौधरी व अन्य पुलिस कर्मियों ने होली की बधाई दी। साथ ही जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के संवेदन शिल स्थानों पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। इसके अलावे पुलिस पार्टी समय-समय पर क्षेत्र में मार्च करती रही। कुल मिलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-मोटी घटनाओं को छोड़कर रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण संपन हो गया। जिले के टंडवा आदि प्रखंड़ों के कई स्थानों पर मटका फोठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

### विधायक कार्यकर्ताओं से मिले

**बड़गड़ (गढ़वा)।** क्षेत्रिय विधायक आलोक कुमार चौरसिया अपने एक दिवसीय दौरे के क्रम में अपने कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को बड़गड़ पहुंच कर कार्यकर्ताओं से रुबरु हुए। इस दौरान उन्होंने पिछले दिनों भाजपा कार्यकर्ता सुभाष प्रसाद के दादा राधा साव के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता मनोज सोनी कि माता की निधन कि सूचना पर उनका पैतृक आवास गोठानी पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश, भाजपा मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, जितेन्द्र चंद्रवंशी, रामकरेस चौरसिया, अमलेश चौरसिया,रवि सोनी, बसंत सोनी, रामानंद यादव, रामचंद्र सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत, सात पर मामला दज

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के जांगी पंचायत के चोराही गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मृतका काजल कुमारी 22 वर्षीय पति अशोक कुमार यादव है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि मृतका और उसके पति के बीच कुछ बातों को लेकर मामूली विवाद हुई थी। जिसे लेकर महिला अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजन जब तक फांसी के फंदे से उतारते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मृतक महिला के मायके वाले पहुंचे और बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। महिला का पिता प्रेम यादव चतरा सदर थाना क्षेत्र लुपुंगा निवासी ने सिमरिया थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा कि ससुराल वालो ने दहेज को लेकर मेरी बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी है। उन्होंने बेटी के पति के साथ अन्य सात लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि थाना में मामला दर्ज कर लिया गया। साथ ही मृतका महिला के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### डीजे के धुन में गुम हो गई मंजीरे की अवाज

**चतरा।** होली पर्व के मौके पर बजने वाले पारंपरीक बाध यंत्र ढोल, मंजीरा व झाल के मधुर अवाज इस आधुनिकता के युग में गुम हो चुकी है। अब इसका स्थान डीजिटल साउड (डीजे) ने ले लिया है। डीजे के अवाज के आगे ढोल, मंजीरा व झाल की अवाज पूर्ण रुपेण कुंद हो चुकी है। वैसे तो होली के मौके पर पहले उक्त पौरानीक वाद्य यंत्रों का काफी महत्व हुआ करता था और ग्रामीण क्षेत्र के लोग होली के एक पखवारे के पहले से ही इससे मनोरंजन किया करते थे। गांव के बुजुर्ग कहते हैं कि आज की होली और पहले की होली में काफि अतंर है। अब होली भाईचारगी का नही देश का पर्व मात्र बनकर रह गया है। पहले गांवों में झुमटा का आयोजन किया जाता था। जिसमें गांव के सारे बड़े-छोटे भाग लिया करते थे। परन्तु यह सभी बीते जमाने की बातें व कहानी बन कर रह गई हैं। यहां तक की रंग व गुलाल लगाने से भी लोग अब कतराने लगे हैं।

### बाबा साहब के नवनिर्मित प्रतिमा का हुआ अनावरण

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड के पाण्डेय महुआ चौक पर रविवार को बाबा भीम राव आंबेडकर की आदमकत प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण बिहार के मखदुमपुर राजद विधायक सतीश दास, चतरा के लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया के भाजपा विधायक उज्ज्वल दास, और पूर्व विधायक किशुन दास ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद नेताओं ने उन्हें माला पहना कर और दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजद विधायक सतीश दास ने आंबेडकर समिति के लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने ही समाज के अति दबले कुचले शोषितों और वंचितों को उनका अधिकार दिलाया।

### बारालोटा में लाखों की चोरी, मकान मालिक की गैरमौजूदगी में वारदात

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा में 15 मार्च को चोरों ने अनिल कुमार पांडे के घर से लाखों की नकदी और जेवरात चुरा लिए। अनिल कुमार पांडे ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह दो महीने पहले अपने पुत्र और बहू के पास कोलकाता गए थे। 15 मार्च को उनके किरायेदार ने फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। जब उन्होंने लौटकर जांच की तो पता चला कि चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने की कील, एक डायमंड नग, एक सोने की सादी कील, 200 रुपये के चार बंडल, 100 रुपये के चार बंडल और 25,000 रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी की बात कह रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोग चिंतित हैं और सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर की जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप

- **ग्रामीण बोले - निजी ट्रस्ट बनाकर मंदिर की संपत्ति हथियाने की हो रही साजिश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंदिर की जमीन पर कब्जा जमाने के लिए गोपनीय रूप से एक निजी ट्रस्ट बनाने की कोशिश की जा रही है। इस मामले को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पूर्व शिक्षक शिवध्यान तिवारी एवं भाजपा नेता रुचिर तिवारी पर मंदिर की संपत्ति पर एकाधिकार जमाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। मंदिर विकास समिति से जुड़े ग्रामीण सुनील तिवारी ने कहा कि शिवध्यान तिवारी और रुचिर तिवारी ने बिना किसी को जानकारी दिए मंदिर का नया ट्रस्ट बनाने की योजना बनाई है। इसके लिए वे गांव के कुछ लोगों को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं और मौजूदा मंदिर विकास समिति की एकता को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ये दोनों लोग मंदिर की 1.39 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा किए हुए हैं। पूर्व में जब इस कब्जे को हटाने की कोशिश की गई थी, तब ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटनाएं भी हुईं। ग्रामीणों ने साफ कहा कि वे इस अवैध कब्जे को हटाने के लिए संघर्ष करेंगे और मंदिर की संपत्ति को सुरक्षित रखेंगे।

**मंदिर विकास समिति करेगी कानूनी कार्रवाई :** मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता विजय तिवारी ने कहा कि मंदिर की संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन के लिए जल्द ही एक आधिकारिक ट्रस्ट बनाया जाएगा। समिति वर्षों से मंदिर की देखरेख कर रही है और इसके पदाधिकारी ग्राम सभा के माध्यम से चुने जाते हैं। उन्होंने बताया कि नवीन तिवारी और अमित तिवारी को नए ट्रस्ट के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, शिवध्यान तिवारी और रुचिर तिवारी के कथित अवैध कार्यों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी :** इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंदिर विकास समिति के सदस्य ललन तिवारी, अजय तिवारी, विवेकानंद त्रिपाठी, दीपक तिवारी, युगल किशोर तिवारी, यशवंत तिवारी, दिलीप तिवारी, नवीन तिवारी, अभिषेक तिवारी, अखिलेश तिवारी, दिलीप त्रिपाठी, मनीष पांडेय, बबलू तिवारी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने एकमत होकर मंदिर की संपत्ति बचाने के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही।

### मंदिर विकास समिति के आरोप निराधार : रुचिर तिवारी

**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर और उसकी दान की गई जमीन को हड़पने की साजिश की जा रही है, जिसे सर्व ब्राह्मण विकास समिति कभी पूरा नहीं होने देगी। यह आरोप समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सचिव सह अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी, संरक्षक रुचिर कुमार तिवारी और सदस्य दयाशंकर तिवारी ने प्रेस बयान में लगाया। समिति ने दावा किया कि कुछ लोगों ने गैरकानूनी तरीके से ट्रस्ट बनाकर मंदिर की जमीन पर दुकानों का निर्माण कर लाखों रुपये की अवैध उगाही की है। इस जमीन के दाता हरिहर तिवारी थे, जिनके वंशज शिवध्यान तिवारी, त्रिपुरारी तिवारी और अन्य ग्रामीण इस संपत्ति के स्वाभाविक उत्तराधिकारी हैं।

**बिना सहमति बनाए गए ट्रस्ट पर उठाए सवाल :** समिति के सदस्यों का आरोप है कि विजय तिवारी और उनके सहयोगियों ने बिना ग्रामीणों की सहमति के 4 साल पहले एक मंदिर विकास समिति बनाई और इस वर्ष एक नया ट्रस्ट भी गठित कर लिया, जिसके अध्यक्ष विजय तिवारी हैं। हिंदू न्यास बोर्ड से यह ट्रस्ट पंजीकृत भी नहीं है, जिससे इसकी वैधता पर सवाल उठता है। जब ग्रामीणों और सर्व ब्राह्मण विकास समिति ने इसका विरोध किया, तो अब इसे वैध दिखाने की कोशिश की जा रही है।

**कानूनी कार्रवाई की चेतावनी :** समिति ने स्पष्ट किया कि अगर मंदिर की जमीन हड़पने की कोशिश की गई, तो कानूनी कार्रवाई कर इसे सरकारी संपत्ति घोषित करवाने के लिए कदम उठाए जाएंगे, ताकि यहां गरीबों की शादी-विवाह और अन्य धार्मिक कार्यक्रम निशुल्क हो सकें।

**हिंदू न्यास बोर्ड से मांग :** सर्व ब्राह्मण विकास समिति ने हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य व झामुमो नेता संजीव तिवारी से मांग की कि ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर और उसकी संपत्ति को हिंदू न्यास बोर्ड के अधीन संचालित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो सके।

## श्रीबंशीधर महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक

# मुख्यमंत्री होंगे दो दिवसीय महोत्सव के मुख्य अतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने श्रीबंशीधर महोत्सव को लेकर जिला के गोपनीय शाखा गढ़वा (कल्याणपुर स्थित उपायुक्त आवास) में जिला स्तर पर गठित समिति के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ महोत्सव की तैयारी संबंधी समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने-अपने दायित्वों से संबंधित अद्यतन तैयारी, प्रतिवेदन के साथ भाग लिया गया। बताते चलें कि श्रीबंशीधर महोत्सव का आयोजन श्रीबंशीधर नगर स्थित गोसाईं बाग मैदान में किया जाना है। फलस्वरुप 19 व 20 मार्च को दो दिवसीय राजकीय महोत्सव के आयोजन के लिए कार्यक्रम के मुख्य स्थल गोसाईं बाग मैदान राधा कृष्ण (बाबा बंशीधर) मंदिर परिसर समेत अन्य संबंधित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में दिए गयें निर्देशों के अनुपालन के लिए संबंधित पदाधिकारियों से अध्यतन स्थिति का जायजा लेते हुए निर्देश दिए।

### महोत्सव में बाहरी कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकर भी देंगे प्रस्तुति

श्रीबंशीधर महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर श्रीबंशीधर नगर समेत गढ़वा शहर व जिले के अन्य जगह पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, साज-सज्जा कराने, लाइटिंग, डेकोरेशन, महोत्सव के वृहद प्रचार-प्रसार करने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, हेलीपैड निर्माण, अथितियों के लिए रहने की व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करना, भोजन,अल्पाहार, पेयजल, शौचालय, इनविटेशन समेत गोसाईं बाग मैदान में महोत्सव की तैयारी करने आदि हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उक्त राजकीय महोत्सव के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ आवश्यक तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए कार्यक्रम के संचालन, स्टेज निर्माण, साज-सज्जा, अतिथि स्वागत,सत्कार, कलाकारों के चयन, सीटिंग अरेंजमेंट, अल्पाहार, सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग, डेकोरेशन, हेलीपैड निर्माण, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यक्रम स्थल पर स्टॉल निर्माण, यातायात रूट निर्धारण, पार्किंग, एंट्री पास आदि से संबंधित विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोत्सव में शामिल होने के लिए सांसद, जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रों के सभी विधायकों, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य, पदाधिकारी, आसपास के जिले के पदाधिकारियों, राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष, सचिव को निमंत्रण देने का निर्देश दिया। श्री बंशीधर महोत्सव में बाहरी कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों को भी प्रस्तुति देने हेतु निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत के लिए जेएसएलपीएस से स्वागत टीम की व्यवस्था करने हेतु निर्देश किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा श्रीबंशीधर महोत्सव की तैयारियों से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा की गई एवं ससमय सभी तैयारियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सभी संबंधित विभागों को श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर दिए गयें अपने-अपने दायित्वों का ठीक से निर्वह्न करने का निर्देश दिया गया। बैठक अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीबंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## पेड़ से झुलता मिला अधेड़ का शव

**बड़गड़।** बड़गड़ थाना अंतर्गत ऐड़मारो के जंगल से 55 वर्षीय अधेड़ का शव पेड़ से झुलता हुआ शनिवार को बरामद किया गया। बाद में परिजनों ने शव की पहचान खपरीमहुआ गांव निवासी बीरबल किसान उर्फ छेरहा किसान के रूप में की। उसका शव अपने गांव से लगभग पांच किलोमीटर दूर जंगल में पेड़ से झुलता हुआ मिला। सूचना पाकर दल बल के साथ थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य घटना स्थल पर पहुंच शव को ग्रामीणों के सहयोग से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बीरबल किसान के साथ मारपीट कर हत्या की आशंका व्यक्त की है। थाना प्रभारी दीपक ने बताया कि मामले को लेकर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया होली

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों तक होली का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। गांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल रहे। युवाओं की भी अपनी अगल महफिल जमीं थी। यह नजारा मुहल्ले के हर घर, गली और चौक चौराहे पर देखने को मिल रहा था। प्रखंड में पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। युवा लोग डीजे पर फगुआ गीतों पर झूमते नजर आएं तथा टोली बनाकर एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली की बधाई दी। होली में चिकन, मटन की डिमांड काफी थी। अधिकांश घरों में चिकन और मटन की व्यवस्था थी। मटन, चिकन के साथ पुआ, पूड़ी, दहीबड़ा भी बनाया गया था। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी। समूह में बंट कर लोग एक- दूसरे के घर पहुंचने और गुलाल लगा कर एक दूसरे को होली की बधाई दी। बधाई देने का क्रम देर शाम तक जारी रहा। होली पर्व को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद थाना प्रभारी रजनी रंजन ने पुलिस बल के साथ संभाल रखी थी।

### खरौंधी प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से होली पर्व मनी

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली सौहार्दपूर्ण माहौल में शनिवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। दो दिनों तक चले इस पर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में लोगों का उत्साह चरम पर रहा। गुरुवार देर रात होलिका दहन के साथ ही प्रखंड में होली पर्व की शुरूआत हुई। युवक, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं एक-दूसरे के साथ गिले-शिकवे भूलकर रंगों में सराबोर हो गए। कई स्थानों पर होली जुलूस निकाले गए। वहां पारंपरिक फगुआ गायन और चइता का आयोजन भी किया गया। होली के दौरान कई स्थानों पर साउंड सिस्टम पर लोग झूमते नजर आए। प्रखंड में होली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए थे। खरौंधी बाजार परिसर में बीडीओ रविंद्र कुमार ने दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की थी, जबकि थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने गश्त बढ़ा दी थी। साथ ही विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात थे। होली के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हिफाजत अंसारी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, भाजपा नेता संध्याकर विश्वकर्मा, उपेंद्र दास, राजेश कुमार रजक, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, विवेकानंद यादव, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, सतीस राम, सशि पासवान,कृष्णा गुप्ता, अरविंद पासवान, जाकिर हुसैन,अजित यादव,चंदन कुमार,मुहब्बत हुसैन,सचिन यादव,गिरीश यादव सहित कई जनप्रतिनिधियों ने पंचायतों का दौरा कर लोगों के साथ रंग-गुलाल खेला।

### होली का गीता गाकर लोगों ने पर्व मनाया



**मेराल।** मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्यौहार धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। होलिका दहन कार्यक्रम गुरुवार के रात्रि 11:00 बजे के बाद से शुरू हो गया था। इस वर्ष 2 दिनों तक होली का जश्न मनाया गया। होली का त्योहार शुक्रवार और शनिवार को आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। होली पर अपने-अपने घरों में लोगों ने कई प्रकार के व्यंजन बनाए और लोगों को खिलाया। होली के अवसर पर हासनदाग गांव के बच्चे बूढ़े और नौजवान लोगों ने एकत्रित होकर होली के गीतों का आनंद लिया और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। होली के अवसर पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल तैनात थे साथ ही थाना प्रभारी विष्णु कांत ने पुलिस गश्ती दल के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे थे। शुक्रवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया था, जिसमें कई लोगों ने भाग लिया और होली का लुत्फ उठाया।

### विधायक मिले मृतक के परिजनों से, शोक व्यक्त किया

**भंडरिया (गढ़वा)।** स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने भंडरिया के नौका गांव पहुंच कर पटाखा हादसे में मृतक के परिजनों से मिलकर शांक व्यक्त किया। साथ ही आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि पटाखा की यह घटना अत्यंत ह्रदय विदारक है। हादसें तीन बच्चों समेत पांच की मौत होना बेहद ही दुखद है। वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। उनके हर सुख दुख में साथ रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, भंडरिया मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, अध्यक्ष भूषण सिंह, विनय जायसवाल, सत्यनारायण गुप्ता, जीतन सिंह, पंचायत मुखिया विनय सिंह, समाज सेवी सुशील सिन्हा आदि मौजूद थे।

### माले ने प्रतिवाद मार्च निकाला



**केतार।** भाकपा माले ने केतार बाजार में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च कर्पूरी गेट से निकल कर सब्जी बाजार में जाकर सभा में तब्दील हो गयी। इसमें शामिल दर्जनों भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने एरिया सचिव दिलीप गुप्ता की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए नारेबाजी की। साथ ही रिहाई की मांग की। उक्त प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व भाकपा नेता त्रिभुवन सिंह, गिरधारी सिंह, बाबूलाल सिंह, नंदू चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर अनुमंडल सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा, नेत्री सुषमा मेहता ने सभा संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन झुठा केस कर जनता के आंदोलन को दबाने का षड्यंत्र कर रही है। इसे भाकपा माले के नेता व कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौके पर लखपतिया देवी, सुकमानी देवी, विमला देवी, रिता देवी, कांति देवी, भगवान सिंह, गिरधारी सिंह, बाबुलाल सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

### दो लोगों ने की आत्महत्या

**रंका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग गांवों में दो लोगों ने आत्महत्या कर ली। थाना अंतर्गत जोगीखूरा गांव निवासी 40 वर्षीय रामनाथ भुइयां ने शुक्रवार रात अपने ही घर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। उल्का गांव निवासी इंद्रदेव लोहारा के 26 वर्षीय पुत्र छोटू लोहारा शनिवार रात कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। उसकी सूचना मृतकों के परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात जोगीखूरा गांव में रामनाथ भुइयां ने घर से थोड़ी दूर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हुआ था। उसके बाद उसने फांसी लगा लिया।

## एक नजर

### फायर बिग्रेड ने आग पर पाया काबू

**रंका।** प्रखंड के भलुआनी आम बगीचा में लगी आग को दमकल के प्रयास से काबू पा लिया गया। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि प्रति गुरुवार को आम बगीचा के पास बाजार लगता है। मुर्गा दुकान वाले मुर्गा बनाने के लिए आग का इस्तेमाल करते हैं। आग उन लोगों द्वारा बुझाई नहीं गई थी। इस कारण आग धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। आग लगने पर सबसे पहले सोनदाग पंचायत के समाज सेवी भाजपा नेता मनोज कुमार ठाकुर ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। उमाशंकर ठाकुर ने कहा कि अगर दमकल नहीं पहुंचता तब किसानों का फसल और कई आम के पेड़ भी जल कर बर्बाद हो जाता।

### फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** थानांतर्गत दिपुआ मोहल्ला में स्वर्गीय रमेश राज की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी ने रविवार को अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि प्रियंका किसी युवक के साथ बात करती थी। उसे लेकर परिजन विरोध करते थे। उसी बात से आक्राशित होकर प्रियंका ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में कोई नहीं था। कुछ देर के बाद मृतका के परिजन घर पहुंचे तो शव फंदे से लटका हुआ मिला। घटना के बाद परिजन उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### शोक संतप्त परिवार से मिले 20 सूत्री उपाध्यक्ष

**चिनियां।** गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह चिनियां प्रखंड के बरवाडीह पंचायत मुखिया पम्मी देवी पती नितेश सिंह प्रखंड के सिगसीकला गांव में दो दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के सुख-दु:ख में हमेशा साथ खड़े रहेंगे और जरूरतमंद परिवारों की हर संभव मदद करेंगे। बताते चले की सिगसीकला गांव के विश्वनाथ यादव की अचानक मृत्यु हो हो गई थी। उन्होंने कहा कि वे पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करेंगे और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद करेंगे। उन्होंने प्रशासन से भी अनुरोध किया कि ऐसे परिवारों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिले, ताकि उन्हें किसी भी तरह की आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी दिलीप कुमार गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया। यह जानकारी थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने दी। बताया कि एक महिला द्वारा मारपीट गाली गलौज, धमकी देने छेड़छाड़ को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा उक्त मामले की जांच की गई। इसके बाद इस संबंध में न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

## दुर्घटना में दो महिलाएं सहित तीन की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाएं सहित तीन की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पलामू जिला अंतर्गत रेहला थाना के गुरहा पुल के पास ट्रक और टेंपो की टक्कर में एक बच्चा सहित दो लोगों की मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में लालगढ़ बिहार निवासी अशोक चौधरी की पत्नी 58 वर्षीय जगवंती देवी और दुधी निवासी संतलाल पटेल का सात वर्षीय पुत्र अंश पटेल शामिल हैं। घायलों में खरौंधी थानांतर्गत अरंगी गांव निवासी समोद चौधरी की पत्नी 38 वर्षीया अनीता देवी, उसका पुत्र अनीश कुमार, लालगढ़ बिहार निवासी अविनाश पटेल शामिल हैं। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उक्त सभी बेलचंपा गांव में झाड़फूंक कराकर लालगढ़ बिहार जा रहे थे। इस दौरान गुरहा पुल के पास सामने से आ रही ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दिया। घटना में जगवंती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अन्य घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में अंश पटेल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बाकी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बरडीहा थाना क्षेत्र के घोड़दाग मोड़ के पास बाइक दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान कांडी थानांतर्गत श्रीनगर निवासी प्रदीप राम की 35 वर्षीय पत्नी रीमा देवी के रूप में हुई है। वहीं घायल रीमा का पुत्र रोशन कुमार और उसी गांव के राजू चंद्रवंशी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## प्रखंड के सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से 7 तक वार्षिक परीक्षा आज से



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के सभी विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा 17 मार्च से प्रारंभ हो गई। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि कक्षा 1 की परीक्षा मौखिक होगी, जबकि कक्षा 2 की परीक्षा मौखिक और लिखित दोनों होगी। कक्षा 3 से 7 तक के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा वस्तुनिष्ठ, लघुउत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों पर आधारित होगी। कक्षा 1 से 5 तक प्रत्येक विषय के लिए 60 अंक निर्धारित किए गए हैं, जबकि कक्षा 6 और 7 में सामाजिक विज्ञान, गणित और विज्ञान की लिखित परीक्षा 50 अंकों की होगी, तथा 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित हैं। 40 अंक आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर दिए जाएंगे, जिससे कुल 100 अंक होंगे। आंतरिक मूल्यांकन के लिए दिसंबर 2024 से मार्च 2025 तक लिए गए प्रोजेक्ट कार्य के औसत अंक आधार बनाए जाएंगे।यह परीक्षा 19 मार्च तक संपन्न होगी, और इसके बाद मूल्यांकन कार्य सीआरसी स्तर पर किया जाएगा। 31 मार्च तक विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य व अभिभावकों की उपस्थिति में वार्षिक परीक्षा परिणाम (रिपोर्ट कार्ड) वितरित किया जाएगा। शिक्षकों को प्रश्न पत्र जे गुरुजी ऐप से डाउनलोड करने का निर्देश दिया गया है, लेकिन शिक्षकों ने विभाग से प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने की मांग की है।

## प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव का पर्व होली संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड में रंगोत्सव का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया है। प्रखंड के कई गांवों में शुक्रवार को होली मनाई गई, जबकि कुछ गांवों में शनिवार को लोगों ने होली का त्योहार मनाया। सुबह से ही बच्चों व युवाओं की टीम ने कीचड़ व धूल की होली खेल कर लोगों को कीचड़ से सराबोर कर दिया। शाम में रंगों के साथ अबीर गुलाल लगाकर लोगों ने अपनों के साथ होली मनाई। शहरों में युवाओं ने भोजपुरी फिल्मों के होली गीतों पर जमकर झूमे। गांवों में लोगों ने पारंपरिक होली गीत गाकर गांवों की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ प्रशांत कुमार द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख चंद्रावती देवी, सभी पंचायत प्रतिनिधि के अलावा गणमान्य लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। थाना परिसर में थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने अपने लोगों के साथ होली खेल कर खुशी का इजहार किया। प्रखंड में हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण माहौल में होली संपन्न हुआ।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** भंडरिया मदगड़ी रोड स्थित संगाली गांव के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार रमकंडा थाना क्षेत्र के तेतरडीह गांव निवासी राजेंद्र भुइहर के 20 वर्षीय पुत्र लाला भुइहर मदगड़ी अपने बहन के घर से मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। शराब के नशा में होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने के कारण वह गिर कर बेहोशी के हालत में पूरी रात सड़क पर पड़ा रहा। सुबह संगाली पिकेट पर तैनात पुलिस ने गश्ती दल को सड़क के किनारे बेहोशी के हालत में युवक को भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

## पारंपरिक गंवई होली गीतों के साथ होली मनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** कांडी प्रखंड मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण इलाकों में होली का पर्व पारंपरिक उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। खासकर भीलमा जैसे गांव में ग्रामीण ने पारंपरिक गंवई होली गीतों के साथ उत्सव का आनंद लिया। ढोल मंजिरा की थाप और फगुआ के लोकगीतों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। होली के अवसर पर गांव की गलियों और चौपाल में खास रौनक देखने को मिली। लोग टोली बनाकर घर-घर पहुंचे और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। महिलाओं भी होली के पारंपरिक



गीतों में मग्न दिखी। युवाओं ने नाच गान के साथ उत्सव को और भी जीवंत बना दिया। सभी गांव में देर रात तक होली गीतों की धुन सुनाई देती रही। ग्रामीणों ने समूह में बैठकर पारंपरिक फगुआ गाए। उनमें सामाजिक और सांस्कृतिक संर्दभों से जुड़े गीत भी शामिल रहे। इस दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उल्लास के साथ त्यौहार का आनंद उठाया। कई स्थानों पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वहां ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय देते हुए एक दूसरे को रंग लगाया और गले मिले। होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कांडी पुलिस मुस्तैद दिखी।

### ‘कॉफी विद एसडीएम’ विद्यालय प्रबंधन की ओर से गढ़वा की बेहतरी के लिए सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे

## इस सप्ताह प्राइवेट स्कूलों के संचालक होंगे एसडीओ के मेहमान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम ‘कॉफी विद एसडीएम’ में इस सप्ताह गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चल रहे निजी विद्यालयों के संचालकों को अपने साथ कॉफी पर आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न कक्षाओं के नए सत्र शुरू होने को हैं, ऐसे में प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य संबंधित मुद्दों को लेकर अभिभावक भी इस समय अलर्ट मोड में रहते हैं। इसलिए निजी विद्यालयों के प्रबंधकों, निदेशकों को उक्त 1 घंटे के अनौपचारिक संवाद में आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि न केवल वे अपनी बात प्रशासन व अभिभावकों तक पहुंचा सकें, बल्कि प्रशासन की उनसे क्या अपेक्षाएं हैं इसे लेकर भी एक अच्छे माहौल में संवाद किया जा सके। विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोगों को प्रशासन से क्या शिकायतें या अपेक्षाएं हैं, यह जानने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही विद्यालय प्रबंधन की और से गढ़वा की बेहतरी के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे। उनके व्यवहारिक सुझावों पर अमल करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के लिए 20 मार्च को 11 से 12 बजे के बीच समय निर्धारित है। इसमें सभी प्रकार के बोर्ड से संबद्ध निजी विद्यालयों के प्रबंधकों, निदेशकों, प्रधानाचार्यो से अनुरोध किया जा रहा है कि वह इस कार्यक्रम में शामिल हो।

### युवती ने कीटनाशक खाया

**गढ़वा।** मेराल थानांतर्गत कोलोदोहर गांव निवासी सुदामा भुइयां की 18 वर्षीय पुत्री सीमा कुमारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर परिजन द्वारा उसे फटकार पड़ी थी। इस बात से नाराज होकर युवती ने कीटनाशक खा ली। स्थिति बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

# दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, दो रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में सड़क हादसा का सिलसिला जारी है। रविवार को संध्या में रांची चतरा मुख्य मार्ग बालूमाथ एनएच 22 मुख्य मार्ग टमटमटोला स्थित पेट्रोल पंप के समीप दो मोटरसाइकिल का आमने-सामने टक्कर में एक व्यक्ति भारत यादव पिता मंगल यादव बारियातू का घटना स्तर पर ही मौत हो गई। जबकि दो घायल की पहचान कुंदन साव (30 वर्ष) पिता शंकर साव व उसकी पत्नी नीरू देवी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों अलग-अलग मोटरसाइकिल से अपने-अपने घर जा रहे थे। बालूमाथ टमटम टोला स्थित पेट्रोल पंप के समीप टक्कर हो जाने से भारत यादव की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घायलों का चिकित्सकोंने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। बता दें कि मृत युवक भरत अपने पीछे दो बच्चे



छोड़ गए हैं। जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। बता दे कि दो गंभीर मरीज डॉक्टर के रेफर करने के बाद घंटों एंबुलेंस के अभाव में बेड पर पड़े रहे। इसे लेकर ग्रामीण परिजनों में काफी रोष देखा गया। इस संदर्भ में बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि हमारे पास एक एंबुलेंस खराब है। 108 एंबुलेंस के अलावा भी एक और नई एंबुलेंस दी गई है, लेकिन ड्राइवर नहीं होने के कारण नई एंबुलेंस उपयोग में नहीं लाया जा रहा है। विभाग से एंबुलेंस की ड्राइवर का मांग की गई है। विभाग ने अब तक ड्राइवर नहीं दिया है। घंटों बाद 108 एंबुलेंस चंदवा से मंगाई गई जिसके बाद मरीज को बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया गया।

## चंदवा में सड़क दुर्घटना व मारपीट में दर्जनों घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में होली के अवसर पर सड़क हादसों और मारपीट के कई लोग घायल हो गए। तेज रफ्तार व लापरवाही के कारण दर्जनों लोग दुर्घटना में घायल हुए है। शनिवार सुबह शहर मेन रोड पर एक तेज रफ़्तार कार मेन रोड निवासी प्रमोद साहू व मनीष साहू के दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। दुर्घटना में कार सवार प्रिंस कुमार व ज्ञानू कुमार घायल हो गये। इस दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गये। दुर्घटना में दो दुकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। दुर्घटना के समय वहां कोई मौजूद नही था अन्यथा कई लोगों की जान भी जा सकती थी। एक अन्य दुर्घटना चंदवा मैकलुस्कीगंज मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होने से वीरेंद्र लोहरा (गनियारी, चंदवा) घायल हो गया। जबकि दूसरी घटना में राहुल कुमार,मो. इम्तियाज,सुखदेव गंझू समेत अलग अलग दुर्घटना में कई लोग घायल हो गये। इसके अलावा सुधीर नायक (नगर) के साथ ससुराल वालों ने जमकर मारपीट की। मारपीट में राजकुमार गंझू (चटूआग) के साथ भी परिजनों ने मारपीट की। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में किया गया।

## कुएं से संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के इचाक पंचायत के ललमटिया डैम पार्क स्थित कुंआ से एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान पवन कुमार सिंह पिता शंभू सिंह चंदनडीह निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के कुछ लोग गाय चराने के लिए तालाब की तरफ गए थे। उन्होंने देखा कि पास में स्थित एक कुआं में शव पड़ा है। इसके बाद इसकी सूचना लातेहार सदर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद लातेहार पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना स्थल पर पहुंची थाना प्रभारी दुलर चौड़े का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### होली शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगोत्सव का त्यौहार होली हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रखंड व पुलिस प्रशासन देर रात तक चौक चौराहों के अलावा संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद रही। क्षेत्र के लोगों ने अपने अपने गांवों में पारंपरिक तरीके से ढोलक झाल हारमोनियम के धून पर होली गीत गाकर त्योहार को खुशनुमा बनाया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारगी का उदाहरण प्रस्तुत किया। अधिकांश क्षेत्र में पानी के बचाव को लेकर लोगों ने तीलक होली खेल मिशाल प्रस्तुत किया।

### बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाने वाला पर्व होली मनी



**कुंदा (चतरा)।** फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाने वाला पर्व होली शांति पूर्ण वातावरण में शनिवार को संपन्न हुआ। लोगों ने सारे भेदभाव बुलाकर एक दूसरे को अबीर-गुलाल व रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। पर्व के अवसर पर लोगों ने अपने घरों में भी होली का त्योहार मनाया। इस दौरान बच्चों ने रंग और गुलाल से एक दूसरे को रंग दिया। बड़े लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कुंदा में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका लुफ्त दर्शकों ने उठाया।

### प्रखंड क्षेत्र में होली की त्योहार शांति पूर्ण वातावरण में मनी



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित शिबला, गोनिया, बारियातू, डाढा, फूलसु, अमरवाडीह, साल्वे, टोंटी, बालूभाग के सभी नौ पंचायतो में दो दिन होली का पर्व को लेकर बच्चे, नवयुवक, बुजुर्ग, महिलाए एक दूसरे को गीले शिकवा भूलकर जमकर होली खेली। पूरे प्रखंड क्षेत्र में आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगों का त्यौहार होली शांतिपूर्ण तरीके से शनिवार को सपन्न हुआ। होली का त्यौहार को लेकर युवक, बच्चें, बुजुर्ग, महिलाए के अंदर उत्साह का माहौल देखा गया। सुबह से लेकर शाम तक रंग, अबीर व गुलाल से होली खेला गया। एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर गले से गले मिले। इस अवसर पर कही संस्कृति कार्यक्रम की भी आयोजन की गई, आदिवासी समुदाय में अपने परम्पगत के अनुसार ढोल नगाड़े के थाप में बच्चें बुजुर्ग, युवक, महिलाओं ने खूब थिरके। इसके पहले प्रखंड क्षेत्र में विधि विधान के साथ जगह-जगह में होलिका दहन किया गया। गांव से बाजार तक पर्व की मस्ती का रंग छाया रहा। उड़ते रंगों के बीच होली एकता के रंग में सभी लोग रंग गए। मस्ती और जश्न के बीच लोगों ने पर्व को मनाया। सुबह से ही होली का रंग लोगों पर चढ़ गया। शाम होते होते पूरा माहौल रंगों से सराबोर हो गया। बच्चे तो सुबह से ही रंग-गुलाल और पिचकारियां लेकर जहां गलियों में निकल गए, वहीं बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। बच्चों ने एक दूसरे को रंग से सराबोर किया, तो बुजुर्ग ने भी गुलाल लगा कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। बारियातू पुलिस ने त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके सम्पन्न कराने में काफी सक्रिय नजर आए।

### चंदवा में सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनी होली



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। पर्व को लेकर चंदवा प्रखंड सहित ग्रामीण इलाकों में उत्साह का माहौल कायम रहा। रंगों का त्योहार होली के मौके पर होलिका दहन के बाद से ही रंग और गुलाल का जो सिलसिला प्रारंभ हुआ, वह शनिवार देर रात तक जारी रहा। युवाओं की टोलियां सुबह से कुर्ता फाड़ होली खेलते हुए दिखाई दिये। सभी लोगों ने गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाया। होली गीत अधिकांश चौक चौराहों पर बजते रहे, जिस पर युवाओं की टोली थिरकते नजर आये। सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में चंदवा पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए तत्पर चंदवा पुलिस तत्पर दिखी। होली को लेकर चंदवा बाजार गुलजार रहा। पिचकारी, रंग अबीर,कपड़े व मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई।

### मुखिया का चयन अंतर्राज्यी भ्रमण के लिए हुआ



**महुआडांड़।** नेतरहाट मुखिया राम बिशुन नगेसिया का अंतर्राज्यीय भ्रमण के लिए चयन होने से जिले का मान बढ़ गया है। नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम बिशुन नगेसिया का चयन झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय क्षेत्र भ्रमण के लिए किया गया है। इस सम्मानजनक उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। 17 से 22 मार्च 2025 तक आयोजित इस छह दिवसीय अध्ययन यात्रा में वह हिमाचल प्रदेश की विभिन्न पंचायतों का दौरा करेंगे। यह भ्रमण योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर उन्नत योजनाओं और नवाचारों का अध्ययन करना है। इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों का लाभ नेतरहाट पंचायत और जिले के विकास में मिलेगा। मुखिया राम बिशुन नगेसिया पहले भी जिले का मान बढ़ा चुके हैं। गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर कर्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परेड में शामिल होने के लिए उनका चयन किया गया था। मुखिया राम बिशुन नगेसिया ने पंचायती राज विभाग और जिले वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल उनके लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है।

### बालूमाथ में मटका फोड़ होली खेली गई

## रंग गुलाल लगाकर लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर्व पर लोगों में काफी उत्साह देखी गई। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर होली का बधाई गले मिल कर दिया। विभिन्न जगह पर लोग झाल मजीरा बजाकर होली गीत में अपने-अपने अंदाज में झूमते नजर आए। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मां सत्य हारनी नगरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें हर उम्र के महिला से लेकर पुरुष तक मटका फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही मटका फोड़ने का प्रयास किया। काफी लोगों का प्रयास के बाद बालूमाथ बसरिया टोला की सुमन कुमारी (16 वर्ष) पिता झमन साव ने पहला मटका फोड़कर प्रथम पुरस्कार पर अपना कब्जा जमाया। द्वितीय पुरस्कार मां सत्य हारनी नगरी निवासी राजू साव पिता छतरु साव ने प्राप्त किया। उन्हें आयोजन समिति द्वारा नकद राशि पुरस्कार के रूप में दिया गया। क्षेत्र में होली में कोई असामाजिक तत्व शांति व्यवस्था को भंग न करें, जिसे लेकर एसडीपीओ विनोद रवानी, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा ने क्षेत्र में जगह-जगह पर तैनात दिखे। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होली शांतिपूर्ण रही।

## आपसी एकता व भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड।** प्रखंड क्षेत्र में आपसी एकता और भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। होली का पर्व में जाति, धर्म के बंधन को भूल सभी लोगों ने होली का पर्व मनाया। होली की शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी इन्द्रदेव राजवार अपने दलबल के साथ गश्ती पर रहे। इस अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय शास्त्री चौक में हिन्दू महासभा की ओर से मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे महुआडांड एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में महुआडांड़ थाना प्रभारी इन्द्रदेव राजवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, पश्चिमी हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर ने उद्घाटन किया। मटका फोड़ प्रतियोगिता का विजेता ग्राम दौना दुरूप के यादव ग्रुप के युवक रहे। मटका फोड़ प्रतियोगिता के विजेता को हिन्दू महासभा की ओर से पुरूस्कार में प्रोत्साहन




स्वरूप खस्सी व नकद 1100 रुपए पुरस्कार में दिया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में 10 टीम ग्राम सोहरपाठ, नगर प्रतापपुर, दौना दुरूप, चुटीया, उदाल खांड़, ओरसापाठ, बन्दुआ, गुड़गुटोली, जरहाटोली एवं पुटरूंगी ग्राम के युवकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महुआडांड़ हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, महामंत्री भानु प्रसाद, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सुरज साहू, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष अंकुश जायसवाल, बिहारी जायसवाल, मनोज गुप्ता, दिलीप प्रसाद, अजय प्रसाद, संदीप कुमार, राकेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## जंगल से गांव पहुंच जमकर उत्पात मचा रहे दो गजराज देर शाम पत्थलगड़ा क्षेत्र में फसलों को किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया/पत्थलगड़ा(चतरा)।** चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हुड़मुड़-सिलहटी सिमाना में पहुंचे दो गजराजों ने जमकर उत्पात मचाया है। पास के जंगल में हाथी के जोड़े के विचरन करने से आस-पास निवास करने वाले लोगों में भय व्याप्त है। वहीं इसकी सूचना मिलने पर पिरी रेंज के फॉरेस्ट सिपाही राजेंद्र भारती, अंकित कुमार व प्रकाश राणा घटना स्थल पर पहुंचे और सिलहटी के ग्रामीणों ने बताया कि दो बड़े हांथी क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हैं। आसपास के ग्रामीण बैजनाथ दांगी, रामेश्वर दांगी, तालेश्वर दांगी, शंकर दांगी, अरुण दांगी, रविन्द्र दांगी, अजय दांगी ने बताया कि रात के अंधेरे में हाथियों के उत्पात मचाने के दौरान एक गाय के बच्चे को सूंड से पटककर मार डाला, साथ ही गाय को मारने से



उसकी हड्डियां टूट गई। वहीं क्षेत्र में गेहूं, ईख (कतारी), प्याज के फसलों को नष्ट कर दिया है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि रात भर अपने निजी खर्च से बम, पटाखा व टायर में आग लगाकर उपयोग किया गया, उसके बाद भी हाथियों का आतंक लगातार जारी रहा। फॉरेस्ट सिपाही ने आश्वासन दिया कि जो भी छती होगा उसका मुआवजा विभाग द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने नुकसान हुए किसानों को फार्म देकर जल्द नुकसान का आंकड़ा देने को कहा है। जिसे पीड़ितों को उचित मुआवजा ससमय मिल सके। दूसरी ओर रविवार देर शाम पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत के शीतलपुर गांव के पास पहुंचकर खेतों में लगे फसलों को नुकशान पहुंचाया। वहीं गजराजों को भगाने के लिए स्थानीय ग्रामीण लगे हुए थे।

## सरहुल पर्व धूमधाम से मानने को लेकर समिति का गठन, विमल बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को प्रखंड सरना समिति की बैठक कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के सरहुल टांड में संपन्न हुई। अध्यक्षता प्रखंड पड़हा राजा धनेश्वर उरांव ने की। बैठक में एक अप्रैल को मनायी जाने वाली राजकीय सरहुल पर्व को भव्यता प्रदान करने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर संचालन कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष विमल उरांव,उपाध्यक्ष सुरेशनाथ लोहरा,सचिव विनोद उरांव,सह सचिव राहुल उरांव, कोषाध्यक्ष चंद्रदेव उरांव,उप कोषाध्यक्ष बाबूलाल उरांव को बनाया गया।

वहीं संरक्षक समिति में लाल बिहारी उरांव, अनूप कुमार बड़ाइक, हरि कुमार भगत, सितमोहन मुंडा, भूटू उरांव, धनेश्वर उरांव, सुरेश उरांव एवं सभी पड़हा राजा, मुखिया व पंसस को शामिल किया गया है। इसके अलावा चंद्रदेव उरांव, मंजय उरांव, प्रदीप उरांव, सुरेंद्र उरांव, दिनेश उरांव, महराज उरांव, मुनिलाल उरांव, रामचंद्र भगत, अमर उरांव, सुधीर उरांव, रामपाल उरांव, विनोद भगत, बीरबल भगत, कुलदीप सिंह व जितेंद्र सिंह को कार्यकारिणी सदस्य भी बनाया गया है।

बैठक में प्रखंड सरना समिति के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## व्यवसायी से अपराधियों ने की मारपीट कपड़ा समेत 20 हजार की लूट



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी कपड़ा व्यावसायी चंद्रशेखर यादव से अपराधियों ने बुरी तरह से मारपीट कर कपड़ा समेत लगभग 20 हजार रुपए लूट लिए। चंद्रशेखर यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के पिंजनी बजार से शनिवार शाम जब घर लौट रहे थे तब पांच लुटेरों ने पिंजनी से भौरूडीह के बीच चलती गाड़ी पर लाठी से वार कर गिरा दिया। उसके बाद उठा कर जंगल में ले गए। वहां अपराधियों ने बेरहमी से मारपीट कर कपड़ा समेत लगभग 20 हजार रुपए लूट लिए। कपड़ा व्यवसाय का कहना है कि स्थानीय मनचलो का मनोबल इन दिनों सातवें आसमान पर है। थाना क्षेत्र में लगातार लूट की घटना सामने आ रही है। कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया की पीड़ित व्यक्ति के दिए गए आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### उमंग, उल्लास व आपसी सौहार्द के साथ मनी होली

## दो दिनों तक चला रंगोत्सव का जश्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** रंगों का त्योहार होली इस बार लातेहार जिले में उत्साह, उमंग व सौहाद्र के साथ मनाया गया। जिले के हर क्षेत्र में रंगों की बौछार, गुलाल की उड़ान और ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दी। आम हो या खास, हर कोई इस पर्व में रंगा नजर आया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव,अपर समाहर्ता रामा रविदास से लेकर हर गांव, कस्बे और शहर में लोगों ने एकजुट होकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। गुरुवार देर रात विभिन्न स्थानों पर परंपरागत रूप से होलिका दहन किया गया। सके बाद पूरे जिले में रंगोत्सव का आगाज हो गया। होलिका दहन देर रात हुआ था, इसलिए होली का जश्न दो दिनों तक चला। शनिवार की सुबह लोगों ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद एक-दूसरे पर रंग-गुलाल उड़ाना शुरू किया। देखते ही देखते लातेहार की गलियां, चौक-चौराहे और सड़कों पर लाल, गुलाबी,



पीले, हरे और नीले रंगों की बहार छा गई।

### युवाओं की टोली और पारंपरिक अंदाज

जिले में युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर नृत्य किया। चौक-चौराहों पर गीत-संगीत के बीच लोग झूमते नजर आए। घर-घर में पारंपरिक पकवान बनाए गए, जिनका स्वाद लोगों ने खूब लिया। बुजुर्गों ने युवाओं को आशीर्वाद दिया, जबकि छोटे बच्चों ने पिचकारी की धार से हर किसी को रंगने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बार बाजार में पिचकारियों की भी जबर्दस्त मांग रही। म्यूजिकल, गन स्टाइल, टैंक वाली और कई धारों वाली पिचकारियों की बिक्री ने दुकानदारों के चेहरे खिला दिए। चार फुट लंबी और पांच लीटर पानी की क्षमता वाली पिचकारी इस बार आकर्षण का केंद्र रही।

### खाने-पीने की धूम, बाजारों में रौनक

होली पर पकवानों की महक से पूरा माहौल रंगीन हो गया। गुजिया, मालपुआ, दही-बड़ा, ठंडाई और तरह-तरह की मिठाइयों का स्वाद हर घर में लिया गया। वहीं, नॉनवेज प्रेमियों के लिए यह त्योहार स्वादिष्ट व्यंजनों से भरा रहा। खस्सी का मांस 750 से 800 रुपये किलो तक बिका। पोल्ट्री चिकन 140 रुपये प्रति किलो के हिसाब से खरीदा गया। मछली के शौकीनों के लिए भी यह मौका किसी पर्व से कम नहीं था, जिसकी कीमत 200 रुपये प्रति किलो तक रही। होली का पर्व सिर्फ रंगों और मस्ती का ही नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और सौहार्द्र का भी प्रतीक बना। लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाते दिखे। सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत रही, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। लातेहार में इस बार की होली न सिर्फ उल्लासपूर्ण रही, बल्कि यह सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल भी बनी। रंगों की यह बौछार, ढोल-नगाड़ों की धुन और मिठाइयों की मिठास लोगों के दिलों में लंबे समय तक बनी रहेगी।





## होली का रंगारंग उत्सव : लोहरदगा में जमकर हुआ हुड़दंग

# होली की धूम में रंग, गुलाल व संगीत का तड़का

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में होली का त्योहार जमकर मनाया गया। होलिका दहन के साथ दो दिनी होली उत्सव जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में परंपरागत रूप से मनाया गया। रंगोत्सव में भेदभाव भूलकर सभी होली के रंग में रंग गए। होली की सुबह पूरा जिला होली की खुमार में डूब गया। घर घर रंग की बौछार के बीच आपसी रिष्ते प्रगाढ़ किया गया। चौक चौराहे में युवकों की टोलियां गाजे बाजे के साथ होली का हुड़दंग मचाएं। हुड़दंगियों की टोलियां नाचते गाते चल रहे थे। रास्ते में जो मिला उसे अपने रंग में रंगकर होली का बधाई दिया।

### रंगोत्सव में उम्र का हर दौर शामिल : बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक

होली में उम्र का हर दौर रंगों में डूबा रहा। बच्चे, बूढ़े, युवक-युवती व महिलाओं ने खूब होली खेली। शहर



से लेकर गांव तक हर ओर रंग-गुलाल की छटा बिखरी हुई थी। लोग आपस में मिलजुल कर अमीरी-गरीबी, जात-पात का भेद भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया।

### होली के दौरान विधि व्यवस्था कायम : पुलिस व प्रशासन की सख्ती

होली के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए शहरी व ग्रामीण इलाकों में पुलिस की गश्त तेज रही। साथ ही त्योहार के दिन विभिन्न चौक चौराहे पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा। लोगों ने होली के दौरान सुरक्षा और सावधानी का ध्यान रखा।

### होली का संदेश : एकता और सद्भावना

होली का त्योहार हमें एकता और सद्भावना का संदेश देता है। यह त्योहार हमें आपसी भेदभाव को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। लोहरदगा के लोगों ने होली के दौरान इसी संदेश को अपनाया और एक दूसरे के साथ मिलजुल कर होली मनाई।

## बरही गांव की ढेला मार होली रही आकर्षण का केंद्र

**सेन्हा-लोहरदगा।** होली का त्यौहार क्षेत्र के अनुसार हर जगह पर अनोखे ढंग से मनाया जाता है। कहीं लट्ठमार,तो कहीं जुलूस निकाल कर तो कही मटका फोड़ सहित अनेकों तरह से होली का त्यौहार मनाया जाता।देशभर में रंगों का त्यौहार विविधता से भरा है। वही सेन्हा प्रखंड



क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में अनोखे रूप से रंगों का त्यौहार मनाया जाता है। जो ढेलामार होली के नाम पर प्रसिद्ध है।यह परंपरा संदियो से चला आ रहा है। जिसे बरही ग्राम में रंगों का त्यौहार अनोखे रूप से समस्त ग्रामीणों द्वारा ढेला मार होली खेल कर मनाया जाता है।जो यह परंपरा सदियों पुराना है। साथ ही इस गांव में ग्रामीणों के सहयोग से एक नया परंपरा का सुरुआत भी किया गया है। नए दामादों का स्वागत जो इस क्षेत्र ही नही राज्य भर के लिए मिशाल पेश करता है। इस संदर्भ में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह विहिप जिलाध्यक्ष रामलखन प्रसाद एवं समाजसेवी ग्रामीण परमानंद महतो,महावीर प्रसाद साहू,बहादुर महतो सहित अन्य लोगो का कहना है कि झारखंड राज्य के बरही ग्राम में अनोखे रूप से रंग अबीर के बाद ढेलामार होली खेला जाता है। और स्थानीय गाजे बाजे के साथ इस परंपरा को निभाया जाता है। जिसमें महिला पुरुष बच्चे बच्चियां त्यौहार का आनंद उठाते है। वही बताते हुए कहा कि ढेलामार होली में दैविक शक्ति का वरदान गांव के भक्तों को प्राप्त है। जो श्रद्धा भाव से इस रस्म में भाग लेते है। इस परंपरा के नीभाने के दौरान गांव के बाहर से कोई भी दर्शक इस कार्यक्रम में भाग नही ले सकते है। अगर इस कार्यक्रम में बाहरी व्यक्ति भाग लेता है। तो इस पर अप्रिय घटना होने की संभावना बना रहता है। इससे पूर्व भी ढेलामार होली परंपरा में बाहर के लोग भाग लिए थे। जिसके साथ अप्रिय घटना घट चुका है। वही ग्रामीणों का कहना है। ढेलामार होली में गांव के लोग भाग लेते है।जो देवी मंदिर के समीप फगुवा टांड में गड़ा हुआ खूंटे को उखाड़ कर भागते है। तो उन लोगों पर ढेला बरसाया जाता है। साथ ही इस के अलावे इस गांव में नये दामादों का स्वागत कर एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

## सेन्हा में रंगों का त्यौहार होली उमंग व उत्साह के साथ मनाया

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** रंगों का पर्व होली उमंग व उत्साह के साथ प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी जगह मनाया गया। होली में बच्चे बूढ़े नवजवान सभी लोग मस्ती में डूबे रहे। होली पर रंग अबीर और गुलाल से माहौल रंगीन नजर आया। सड़कों पर दिनभर सभी के रंगीन चेहरे नजर आते रहे। होली खेलने वालों की टोलियां चौक चौराहों पर जमकर धूम मचाया और रंग गुलाल उड़ाते रहे। लोग एक-दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामना दे रहे थे। डीजे पर होली के गीत में बच्चे बुजुर्ग और नवयुवक लोग नाचते झूमते नजर आये। वही बच्चे बूढ़े और नवजवानों ने एक दूसरे पर रंग अबीर लगाकर होली की रंगों का त्यौहार होली पर मस्ती कर रहे थे। छोटे छोटे बच्चे बच्चियों में होली पर विशेष उत्साह देखने को मिला। छोटे छोटे बच्चे बच्चियों की टोली हाथों में पिचकारी लिए हमउम्र मित्र दोस्तों पर एक दूसरे के ऊपर रंग डाल रहे थे। वही युवा ढोल नगाड़े और डीजे की धुन में होली गीत पर नाचते झूमते गाते नजर आये। वही बालिकाओं और महिलाओं में होली के त्योहार को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। दोपहर में लोग एक दूसरे के घर-घर जाकर अबीर गुलाल लगाकर बड़ो से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही सभी के घरों में पूआ पकवान और विभिन्न प्रकार का मिस्ठान बनाया गया था। जिसे एक दूसरे के घर पूवा पकवान और मिठाई खा कर लोगों ने व्यंजनों का भी लुफ्त उठाया। शांति व सौहार्द के साथ होली का पर्व सम्पन्न कराने के उद्देश्य से तथा त्यौहार पर उपद्रवियों और शरारती तत्वों द्वारा अप्रिय घटना का अंजाम न सके । सभी जगहों पर चौक चौराहों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस जवान तैनात थे। होली का त्योहार को लेकर दिन भर चौक चौराहा और सड़कें सूनी नजर आई। बहुत कम संख्या में सड़कों पर गाड़िया चलते हुए दिखाई दिया।

## न्यूज बॉक्स

### लोहरदगा में पत्रकार संघ का होली मिलन समारोह आयोजित



**लोहरदगा।** जिला जनसंपर्क विभाग और जिला पत्रकार संघ के तत्वावधान में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के पत्रकार शामिल हुए। सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इससे पूर्व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक द्वारा पत्रकारों को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमें सामाजिक सौहार्द और प्रेम का संदेश देता है। हमें मिलकर समाज को आगे बढ़ाना है। पत्रकार सरकार को दिशा दिखाने का काम करते हैं। पत्रकारिता एक ऐसा कार्य है, जिसमें निष्पक्षता सबसे अधिक जरूरी है। सभी पत्रकार निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। जिला प्रशासन और सरकार की योजनाओं को प्रभावी बनाने में भी पत्रकारों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने होली को लेकर सभी को बधाई दी। इस कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार कयूम खान, सत्यकाम, लौकेश केसरी, विनोद प्रसाद, जिलाध्यक्ष सतीश शाहदेव, कार्यकारी अध्यक्ष सुमित घोष, महासचिव विक्रम चौहान आदि ने भी संबोधित किया। सभी लोगों ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी। साथ ही मिलकर काम करने की बात कही। सबसे खास बात यह रही कि रोजा रखने वाले पत्रकारों को भी रंग अबीर गुलाल लगाकर उन्हें रोजा खोलने के लिए इफ्तार का पैकेट भी देकर नमाज के लिए रवाना कर दिया गया। मौके पर भंडरा, कुडू, सेन्हा, किस्को, कैरो आदि क्षेत्र से पत्रकार शामिल हुए।

### कुडू के युवक की रहस्यमयी मौत, लोगों में चिंता

**कुडू - लोहरदगा।** टाटी मोड़ स्थित ग्रिल शटर बनाने की दुकान में काम कर रहे कुडू हमीद नगर के एक युवक की गुरुवार की दोपहर रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अफरोज अंसारी 28 वर्ष पिता नासिर अंसारी रोजाना की तरह गुरुवार को टाटी स्थित एक ग्रिल शटर बनाने वाली दुकान में काम कर रहा तभी अचानक से जमीन पर गिर गया। दुकान के मालिक ने आनन फानन में उसे कुडू असपताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही युवक की मौत की खबर लोगों को लगी सैंकड़ो की संख्या में कुडू सिएचसी पहुंचने लगे। और देखते ही देखते भारी भीड़ जमा हो गयी। हालांकि अंदाजा लगाया जा रहा है कि हृदय गति रुकने से मौत हुई होगी। प्रन्तु परिवार से लेकर मुहल्ले के लोगों तक को ये समझ में नही आरहा है कि एकदम हट्टे कट्टे नवजवान को आखिर क्या हुआ कि अचानक से उसकी मौत गयी। इस तरह चलते - फिरते हो रही मौत की खबरों के बीच कुडू में एक युवक की मौत ने सभी की चिंता बढ़ा दी है। इधर घर का अकेला कमाउ जवान बेटे की अचानक हुई मौत की घटना ने पुरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पिछे एक तीन साल और सात माह की बेटी सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गया है।

### होली के गीतों पर लोग झूमते नजर आए हर ओर रंगोत्सव की रंगोली छाई रही

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड बस्ती से लेकर सुदूर गांव तक होली की धूम रही। होली के गीतों में लोग झूमते नजर आए। हर ओर रंगोत्सव की रंगोली छाई रही। सड़कों पर होली की हुड़दंग दिखाई दी। किसी भी परिस्थिति से निपटने को लेकर पुलिस सतर्क रही। होली के मौके पर मांस और शराब की भी खूब बिक्री हुई। लोगों ने होली का जम कर आनंद लिया। भंडरा में रंगों का त्योहार होली प्रेम, खुशी, सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने होली के त्योहार का जमकर आनंद उठाया। प्रखंड बस्ती मे लोग गुरुवार की रात्रि होलिका दहन के बाद शनिवार को होली के रंग में रंग गए । हलाकि कुछ जगहों पर शुक्रवार को ही होली मनाई गई. लोग होली के रंग में सराबोर रहे। गली-मुहल्ले, गांव की गलियों में होली के बहुरंगी कार्यक्रमों के रंग में लोग डूबे रहे। सड़कों पर होली की हुड़दंग होती रही तो गांवों में फगुवा के गीत बजते रहे। होली को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आई। होली को लेकर शराब दुकानों के बंद के बावजूद कही कही शराब की बिक्री हुई। वहीं मांस, मछली की जमकर बिक्री हुई। होली के दिन सुबह से ही बच्चे और युवा सड़कों पर निकल आए।

## पुलिस के प्रयास से सकुशल लौटा लापता युवक

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के बीआईडी प्रेम नगर निवासी वेद प्रकाश उरांव ने अपने पुत्र करण उरांव के लापता होने की सूचना थाना प्रभारी लोहरदगा को 13 मार्च को दिया था. इस संबंध में गुमशुदगी का मामला सदर थाना में दर्ज किया गया था. मामले की जानकारी होने के बाद एसपी हारीश बिन जमा ने सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया छापामारी दल द्वारा अपने अथक प्रयास से पता लगाया और करण उरांव को गुरदरी से बरामद किया। जबकि उसकी स्कूटी नेतरहाट से बरामद किया गया था। लोहरदगा पुलिस के अथक प्रयास से युवक



को बरामद करने में सफलता मिली। युवक की सकुशल बारामदगी के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया युवक की कुशल बरामदगी के बाद परिवार में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। पुलिस की इस सफलता के बाद परिजन सहित आसपास के लोग पुलिस प्रशासन की तारीफ कर रहे हैं। जिले में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बाइक दुर्घटना में युवक गंभीर, रेफर

**कुडू - लोहरदगा।** एनएच 143 ए कुडू- लोहरदगा मुख्यपथ पर कुडू ब्लॉक मोड़ के नजदीक बाइक दुर्घटना में कुडू माराडीह गांव निवासी स्व अविनाश भारती के 25 वर्षीय पुत्र सौरभ भारती गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक अपने बाइक से शनिवार को लोहरदगा की ओर जा रहा था, अचानक ब्लॉक मोड़ के नजदीक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। जिससे सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आसपास के ग्रामीणों ने कुडू सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लोहरदगा सदर रेफर किया गया। फिर सदर से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

## होली पर्व को लेकर नागपुरी प्रोग्राम का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय के भौरों मोड़ टेम्पो स्टेण्ड परिसर में शनिवार की शाम स्थानीय युवको द्वारा होली पर्व को लेकर नागपुरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। जिसमे झारखण्ड के महशुर नागपुरी गायक महावीर साहू व प्रभात साहू की एक से बढ़ कर एक नागपुरी गीत संगीत प्रस्तुत की। उसके गीतों की धुन पर लोग देर रात तक झूमते-थिरकते रहे।कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी, हिंदी और भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति की। लोगों की फरमाइश पर ठेठ और आधुनिक नागपुरी होली गीत पेश किए गए। महावीर साहू ने नागपुरी होली गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद गीतों का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर हल्की ठंड के बावजूद लोग देर रात तक जमे रहे। प्रभात साहू, महावीर साहू ने नागपुरी रीझ रंग की बारिश की तो लोग समूह बनाकर झूमने थिरकने के लिए विवश हो गए। महावीर साहू के गीत रिमझिमी रिमझिमी पनिया गिर गेल, का नियर जाबे नईहर... को लोगों ने काफी पसंद किया। गायक प्रभात के गीतों को भी काफी पसंद किया गया। वहीं मांदर वादन में प्रसिद्ध वादक हुलास महतो और सुदामा सिंह ने जमकर वाहवाही लूटी।

## प्रारंभ हुई निशुल्क सनातन धर्म के ज्ञान की पाठशाला



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रत्येक रविवार को वैदिक लघु गुरुकुल में सनातन हिंदू धर्म के विषय में शिक्षा देने का कार्य प्रारंभ हो गया है। कक्षा डॉ अशोक आचार्य ने पढ़ाये । उनके विषय था सनातन क्या है, सनातन धर्म का प्रारंभ कब हुआ, ईश्वर को वेद की रचना करने की क्यों आवश्यकता पड़ी, वेद कितने हैं, वेद में कितने मंत्र हैं, वेद में कौन सा ज्ञान दिए हैं। वेद की रचना कब हुए, कितने वर्ष हो गए हैं, कितने युग हैं। इन सभी चीजे कक्षा में पढ़ाया गया। विद्यार्थी बहुत ही रुचि पूर्वक पड़े और जानने की इच्छा भी व्यक्त किये। जिसमें विदेशी साहू, दीक्षा कुमारी, नीरज आर्य, राजेश गुप्ता, दीपक कर्मकार, शीतल कर्मकार, जया साहू, सुलेखा साहू, दिव्या कुमारी सभी उम्र के विद्यार्थी उपस्थित हुए थे।

## हाथी के हमले से किसान घायल, रेफर

**कुडू।** कुडू प्रखंड के बढ़मारा घाटीटोली में जंगली हाथी ने खेत में सिंचाई कर रहे एक किसान पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बढमारा घाटी टोली निवासी 35 वर्षीय किसान दशरथ उरांव पिता स्व माधव उरांव 15 मार्च शनिवार की शाम अपने घर से कुछ दूर अपने खेत में सिंचाई कर रहा था, तभी रात्रि लगभग आठ बजे अचानक एक जंगली हाथी आकर उसे अपने सुढ़ से पकड़ लिया और पटक दिया। अचानक हाथी के इस हमले से किसान किसी तरह से जान बचाकर भाग निकलने में सफल हुआ, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रात में ही परिवार व गांव के लोग कुडू सरकारी अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया।

## आवेश में कीटनाशक पीने से युवती की हालत बिगड़ी, रेफर

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के बड़ागांई गांव में रविवार की दोपहर गांव की ही 15 वर्षीय युवती ने कीटनाशक का सेवन करने से युवती की हालत काफी गंभीर हो गयी, जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार उक्त युवती थाना क्षेत्र के बड़ागांई गांव निवासी स्व संजय उरांव की 15 वर्षीय पिंकी कुमारी है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की दोपहर जब घर के सदस्य अपने काम में व्यस्त थे। उसी बीच उक्त युवती का अपने दोस्त से किसी बात को लेकर बहस हो गया और युवती ने आवेश में आकर अपने कमरे में कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए भंडरा अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर रेफर कर दिया गया। हालांकि उक्त युवती ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया। इस घटना को लेकर मुहल्ले में कई तरह की बातें की जा रही हैं। भंडरा पुलिस मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

## घायल नील गाय को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित जंगल में छोड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के तोड़ार ग्राम के समीप फुलझर नहर में नील गाय को घायल अवस्था में देखा गया। यह बात गांव में फैल गया तो नील गाय देखने के लिये आसपास के ग्रामीणों की हुजूम उमड़ पड़ी। वही पशु के प्रति प्यार जताते हुए इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया। क्षेत्र में घायल अवस्था में नील गाय होने की सूचना सत्यापन के पश्चात रेस्क्यू के लिए वन विभाग के टीम तोड़ार ग्राम पहुंच फुलझर ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए नहर से नील गाय को निकालने में जुट गये। जिसे काफी प्रयास के बाद रेस्क्यू कर नील गाय को निकाला गया। पशु चिकित्सक से इलाज कराया गया। वही नील गाय की स्वास्थ्य स्थिति ठीक होने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया। इस



संदर्भ वन परिसर पदाधिकारी महावीर उराँव ने जानकारी देते हुए कहा कि घायल अवस्था में नील गाय को ग्रामीणों की सूचना पर नहर से निकाल कर विधिवत पशु चिकित्सक से इलाज कराया गया.जिसका स्वास्थ्य स्थिति ठीक है तो उसे पुनः जंगल मे छोड़ दिया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि नील गाय भोजन पानी को लेकर रास्ता भटक कर आ गया था। जो नहर में गिरने से हल्का जख्मी हो गया है। जिसको इलाज के बाद जंगल मे छोड़ दिया गया।

## लोहरदगा में होली का रंगारंग आयोजन

# पुलिस अधीक्षक आवास में मनाई गई रंगों भरी यादगार होली

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के आवास में एक यादगार होली का आयोजन किया गया, जिसने समाज में आपसी प्रेम और सद्भावना को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। यह आयोजन न केवल होली के त्योहार को मनाने का एक तरीका था, बल्कि यह समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने का भी एक प्रयास था। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा और अन्य पदाधिकारियों ने सभी समुदाय के होली प्रेमियों के



साथ मिलकर होली की धूम मचाई। कीर्तन मंडली के संग रंग अबीर में शराबोर होकर नाचते- गाते और होली की धूम मचाते देखे गए। यह आयोजन लोहरदगा के लोगों के लिए एक यादगार पल था और यह समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम था।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने जिलेवासियों को होली पर्व की बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमें आपसी प्रेम और सद्भावना का संदेश देता है। हमें इस त्योहार के माध्यम से समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए।

# रंग-अबीर में डूबा गुमला, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सराबोर

## गिले-शिकवे भूले लोग, सामाजिक समरसता की दिखी मिसाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले भर में होली का त्योहार हर्षोल्लास और उमंग के साथ संपन्न हुआ। ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र, हर जगह रंग, गुलाल और अबीर की खुशबू ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी होली के रंग में पूरी तरह रंगे नजर आए। महिलाओं ने भी पारंपरिक गीतों और रंगों से होली में पूरी भागीदारी निभाई और जमकर मस्ती की।

होली के इस पावन पर्व पर घर-घर में विशेष प्रकार के पकवान बनाए गए। गुझिया, पुआ, दही-बड़ा, मिठाइयां और अन्य पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लोगों ने मिल-बांटकर उठाया। कई परिवारों और सामाजिक संगठनों ने होली मिलन समारोह का आयोजन कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इन कार्यक्रमों में गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

होली के अवसर पर जाति-पांति, भेदभाव को भुलाकर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की गई। सभी वर्गों के लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर सौहार्द का संदेश दिया। पारंपरिक ढोल-मांदर और होली गीतों की गूंज से पूरा वातावरण उत्साह और उमंग से सराबोर हो उठा। लोग टोली बनाकर गांव-गांव घूमे और होली के गीतों के साथ झूमते-गाते नजर आए।

व्यापारिक क्षेत्रों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बकरी और मुर्गी की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ी। लोग होली के अवसर पर विशेष भोज के लिए मांस-मछली की जमकर खरीदारी करते दिखे। मिठाई और दूध की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दुकानदारों ने बताया कि इस बार बिक्री में पिछले साल की तुलना में बढ़ोतरी हुई है।

होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। संवेदनशील चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का स्वयं जायजा लिया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के आवास पर भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल हुए। सभी ने आपसी सौहार्द और विश्वास का परिचय देते हुए होली का आनंद लिया। कुल मिलाकर गुमला जिले में इस बार होली पूरे जोश, उमंग और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाई गई। लोग होली के रंग में रंगे नजर आए और यह पर्व आपसी भाईचारे की भावना को और भी मजबूत कर गया।





## रंग-गुलाल व भजनों की गूंज के साथ मनी होली, युवाओं की टोली व पुलिसकर्मी भी दिखे रंग में रंगे




**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** रंगों और खुशियों का पर्व होली इस बार भरनो प्रखंड में पूरी उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक होली का उत्साह देखते ही बन रहा था। खास बात यह रही कि इस बार होली का त्योहार दो दिनों तक-शुक्रवार और शनिवार-को मनाया गया, जिससे उल्लास और अधिक बढ़ गया।

प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग अंदाज में लोगों ने होली खेली। कहीं परंपरागत रंग-अबीर से होली खेली गई तो कहीं युवाओं ने कपड़ा फाड़ होली का आयोजन कर अनूठा नजारा पेश किया। युवाओं की टोली ढोल-मांदर और डीजे की धुन पर थिरकती दिखी, वहीं भांग और ठंडाई के रंग में रंगे युवा पूरे गांव में घूम-घूमकर लोगों को रंग लगाते नजर आए।

ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक तौर-तरीकों के साथ होली का उत्सव मनाया गया। घर-घर में विशेष पकवान बने- पुआ, पकवान, गुझिया और दही-बड़ा की खुशबू से माहौल महक उठा। कई परिवारों ने घर में रहकर ही अपनों के साथ पर्व का आनंद लिया। महिलाएं और युवतियां भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और सामूहिक गीत-नृत्य में भाग लिया। इससे पहले परंपरा अनुसार कुल देवता की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवारों ने खुशहाली की कामना की। भरनो थाना परिसर में भी होली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाइयां दीं और सामूहिक गीत-संगीत व नृत्य का आनंद लिया। पुलिस जवानों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे का परिचय देते हुए होली खेली। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। भरनो थाना पुलिस बल अलर्ट मोड पर रही और विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के बीच होली का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## चैनपुर प्रखंड में रंग बरसे भीगे चुनरवाली रंग बरसे.........जैसे गानों में थिरके लोग

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड सहित गांव में होली का त्योहार इस वर्ष हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को मेन रोड पर रवि बैगा द्वारा पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। इस अवसर पर 11.30 बजे रवि बैगा ने विशेष रूप से सम्मत काटा। रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों ने पूरे बस्ती से लकड़ी इकट्ठा कर उसे होलिका के स्थल तक पहुंचाया।होलिका में आग जलाने के बाद, सनातन धर्म के अनुयायियों ने सम्मत के चारों ओर परिक्रमा की। इस दौरान एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर बधाई दी गई। सभी उपस्थित लोगों ने बैठकर कीर्तन किया, जिससे वातावरण भक्ति और उल्लास से भर गया। शुक्रवार को चंद्र ग्रहण के कारण होली का खेल शनिवार को आयोजित किया गया। इस दिन युवाओं ने कपड़े फाड़कर होली खेली, वहीं महिलाएं एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी। युवाओं ने डीजे की धुन पर 'रंग बरसे' जैसे कई गानों पर जमकर डांस किया, जिससे माहौल और भी रंगीन हो गया।देर शाम को सभी ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाया। इसके साथ ही मंदिरों में जाकर भगवान को अबीर चढ़ाकर आशीर्वाद लिया गया। लोग अपने बड़े-बुजुर्गों से भी आशीर्वाद लेते रहे। इस मौके पर निखिल सिंह, राहुल साहू, राजन पाण्डेय, कोमल बैगा, शिवम केशरी, रवि बैगा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।सुरक्षा के दृष्टिगत चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी और थाना के जवान गस्ती करते नजर आए। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस प्रकार, चैनपुर प्रखंड में होली का त्योहार एकता, भाईचारे और उल्लास का प्रतीक बनकर उभरा, जिससे सभी के चेहरों पर खुशी और संतोष देखा गया।

## 17 वर्षीय नाबालिग का अपहरण के बाद हत्या शव तालाब में फेंका

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के बसुआ गांव में शुक्रवार की सुबह 7 बजे एक नाबालिक लड़की का शव तैरते हुए ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना टोटो थाना को दी गई। टोटो थाना की पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पहुंची और लड़की के शव को बरामद किया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना की जानकारी देते हुए लड़की के पिता ने बताया मेरी बेटी का गांव के ही एक युवक सलमान आलम के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। मेरी बेटी की शादी तय हो चुकी थी। फरवरी माह में आरोपी युवक लड़की के ससुराल वालों को फोन पर शादी नहीं करने को लेकर धमकी दिया था। वही 11 मार्च को मेरी बेटी का अपहरण कर लिया गया। मामले को लेकर टोटो और गुमला थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बाद 14 मार्च की सुबह 7 बजे बेटी का शव तालाब में तैरता मिला। उसके आंख और शरीर पर गहरी चोट के निशान है।

## कोयल नदी तट पर जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह सह वनभोज आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** जायसवाल समाज के द्वारा होली महापर्व के शुभ अवसर पर नागफेनी कोयल नदी तट पर होली मिलन समारोह एवं वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिलीप जायसवाल जिला अध्यक्ष गुमला, सम्मिलित हुए। उन्होंने समाज के सभी महिला पुरूष व बच्चों को होली पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। अतिथि के रूप में सह सचिव सुभाष जायसवाल, संरक्षक शशिभूषण जायसवाल, कोर कमिटी सदस्य शामिल हुए। संरक्षक शशिभूषण जायसवाल ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को हमेशा एकजुट होकर रहना होगा। समाज में बिखराव ही समाज के पतन का कारण बनता है, इसके लिए समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार करना जरूरी है जिससे समाज के सभी महिला पुरूष शिक्षित हो सके। समाज में यदि कोई आर्थिक रूप से कमजोर है तो समाज को उसके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहना होगा इसलिए गुमला जिले के हर पंचायत में समाज का गठन किया जा रहा है। जिसमें सिसई,डोम्बा, मुर्गू, करंज नवाडीह में समाज का गठन किया जा चुका है, बाकी पंचायतों में भी जल्दी ही गठन कर लिया जाएगा। उन्होंने सभी पुरुषों से खासकर नवजवानों से नशापान से दूर रहने की अपील की। 'बंटेंगे तो कटेंगे,एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' के नारे के साथ सभी से एकजुट होकर रहने के लिएअपील किए। सभी महिला पुरूष व बच्चों को होली पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं दिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजय जायसवाल, पवन जायसवाल, हरिहर जायसवाल, ललित जायसवाल, पंचम जायसवाल, रामावतार जायसवाल, विकास जायसवाल, रामजतन जायसवाल, शम्भु जायसवाल, जवाहर जायसवाल, बासु जायसवाल, सुजीत जायसवाल, अजय कुमार जायसवाल, अनिल जायसवाल, किशोर जायसवाल, वरुण जायसवाल, अरविन्द जायसवाल, बसंत जायसवाल, सीताराम जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, भोला जायसवाल, संगीता जायसवाल, सुभद्रा देवी, सीमा जायसवाल, नीरू देवी, मीणा देवी, संजू देवी, मंजुषा देवी सहित विभिन्न पंचायतों से जायसवाल समाज के कई सारे महिला पुरूष व बच्चे शामिल थे। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली महापर्व की बधाईयां दिए। और भोजन का लुत्फ उठाए।

## पालकोट में मनाया गया रंगोत्सव, युवाओं ने टैंकर से पानी मंगवाकर खेली होली

**नवीन मेल संवाददाता**



पालकोट (गुमला)। पालकोट प्रखंड क्षेत्र में होली का रंगोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। पूरे इलाके में उत्सव का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। खासकर युवाओं में इस बार रंगोत्सव को लेकर जबरदस्त जोश और उमंग नजर आया। रंगों की इस बरसात का अनोखा नजारा पालकोट के बाघीमा गांव में देखने को मिला, जहां युवाओं ने पारंपरिक तरीके से होली खेली और मनोरंजन के साथ त्योहार का आनंद उठाया। यहां युवाओं ने पानी की कमी न हो, इसके लिए खुद ही टैंकर से पानी की विशेष व्यवस्था की थी, ताकि होली में कोई कमी न रह जाए। रंग, गुलाल के साथ पानी से भी जमकर होली खेली गई। रंगोत्सव के दौरान पूरे गांव में खुशियों की लहर थी। बच्चों से लेकर वृद्धजनों तक सभी ने मिलकर एक-दूसरे को रंग लगाया और गले मिलकर होली की बधाई दी। महिलाओं और युवतियों ने भी पारंपरिक गीत गाए और नृत्य कर माहौल को और भी रंगीन बना दिया।

## न्यूज बॉक्स

### फिर मचा हाथी का आतंक, दो घरों को किया ध्वस्त, विधवा महिला का धान खाया



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार की देर रात करीब 10 बजे एक जंगली हाथी ने दुम्बो खक्सीटोली गांव में भारी उत्पात मचाया। अचानक बोडो गांव की ओर से आया यह हाथी सीधे गांव में विधवा महिला बोलो उरांव के घर पहुंचा और देखते ही देखते घर की दीवार को ध्वस्त कर दिया। बोलो उरांव अपने तीन बच्चों के साथ जिस कमरे में सोई हुई थी, उसी कमरे की दीवार हाथी ने गिरा दी। गनीमत रही कि महिला ने समय रहते बच्चों को लेकर दूसरे कमरे में छुपकर अपनी जान बचाई। इस दौरान हाथी ने घर में रखे दो मन धान को चट कर दिया और घर के अन्य सामानों को भी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने साहस दिखाते हुए मशाल जलाकर और पटाखे फोड़कर हाथी को खदेड़ने का प्रयास किया। हाथी वहां से भागा तो रास्ते में दुम्बो भगतटोली निवासी सुखराम उरांव के घर पर भी हमला कर दिया, जिससे उनका घर भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों की सतर्कता और एकजुटता से आखिरकार हाथी को कुसुमबाहा की ओर खदेड़ दिया गया, जहां से वह मदनपुर जंगल की ओर चला गया। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई है। वहीं, पीड़ित परिवारों ने वन विभाग से उचित मुआवजे और सहायता की मांग की है। घटना की सूचना पाकर क्षेत्रीय पंचायत मुखिया जयराम उरांव मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता एवं मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

### पाराशिक्षक ने नशे में पत्नी की बेरहमी से पीट-पीटकर की हत्या, जांच जारी




**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। तेंदार गांव में एक पाराशिक्षक पति ने नशे की हालत में अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। मृतका की पहचान 38 वर्षीय सुरुजमुन्नी देवी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, दोपहर लगभग 1 से 1:30 बजे के बीच पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी दौरान पाराशिक्षक रामविलास उरांव नशे में धुत होकर आपा खो बैठा और लाठी-डंडे से पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुरुजमुन्नी को परिजन इलाज के लिए घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां इलाज के दौरान जिसकी मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही घाघरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस पारिवारिक विवाद और हत्या के कारणों की गहराई से पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश और शोक का माहौल है।

### प्रेम-प्रसंग में तनाव 18 वर्षीय युवती ने खाई डीएपी खाद, परिजनों का बुरा हाल

**जारी।** प्रेम प्रसंग के चलते एक 18 वर्षीय युवती ने अपने घर में रखी डीएपी सेवन कर लिया। युवती का नाम आकांक्षा मिंज है, जो कि रेनगारी निवासी संजय मिंज की बेटी है। जानकारी के अनुसार, आकांक्षा महुआडाड़ के एक युवक के साथ बातचीत कर रही थी। जब उसने युवक से किसी दूसरी लड़की से बात करने की आवाज सुनी, तो उसने उस पर सवाल उठाया। युवक ने इसे अपनी दोस्त बताते हुए बात करने की अनुमति दी। इस पर दोनों लड़कियों के बीच झगड़ा हो गया, जिससे आकांक्षा बेहद परेशान हो गई। तनाव में आकर आकांक्षा ने घर लौटते ही डीएपी का सेवन कर लिया। जैसे ही परिजनों को इस घटना की जानकारी मिली, वे तुरंत चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। चिकित्सकों ने आकांक्षा को नामक का घोल पिलाया। समाचार लिखे जाने तक आकांक्षा की स्थिति स्थिर बताई जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना के जवान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लिया। परिजनों इस घटना को लेकर चिंता और चर्चा का माहौल बना हुआ है। प्रेम संबंधों में तनाव और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर इस घटना ने एक बार फिर से ध्यान केंद्रित किया है।

## जहर खाने की बढ़ती घटनाएं, एक ही दिन में 3 लोग जहर खाकर पहुंचे अस्पताल, एक की हालत गंभीर

**गुमला।** गुमला जिले में जहर खाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन लोग जहर खाकर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल पहुंचे। सदर थाना क्षेत्र के करमटोली निवासी मनीष टेटे ने अज्ञात कारणों से जहर खा लिया। वहीं, बिशुनपुर थाना क्षेत्र के नरमा गांव की 70 वर्षीय अंशी देवी और बिशुनपुर के ही एक किशोर ने भी जहर खा लिया। तीनों का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है। अंशी देवी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि तीनों ने जहर क्यों खाया। परिजन भी कुछ बताने से बच रहे हैं, लेकिन प्राथमिक जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद को इसकी वजह माना जा रहा है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बिशुनपुर में मोटरसाइकिल दुर्घटना, पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चिंगरी नवा टोली मोड़ के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जालिम पाठ गांव निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र उरांव और उनकी पत्नी 30 वर्षीय अल्पना बड़ा मोटरसाइकिल से गिरने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे में जितेंद्र उरांव का दाहिना पैर टूट गया है, जबकि अल्पना बड़ा की रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार, दोनों पति-पत्नी अपनी पुत्री को हॉस्टल छोड़ने के लिए बनारी गए हुए थे। लौटते समय जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल चिंगरी नवा टोली मोड़ के समीप पहुंची, चालक जितेंद्र उरांव ने बाइक से अपना संतुलन खो दिया। अनियंत्रित बाइक पुलिया के किनारे बने गढ़े से टकराई और दोनों पुल से नीचे जा गिरे। दुर्घटना के तुरंत बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों घायलों को देखा और स्थिति की जानकारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेशाराम महतो को दी। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस की व्यवस्था कराई और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया है। फिलहाल दोनों का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है।

## गुमला नगर परिषद का बड़ा आदेश

# टेंपो-वाहनों से शुल्क वसूली की प्रक्रिया में सख्ती, नियम तोड़े तो रद्द होगा ठेका

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** नगर परिषद, गुमला ने टेम्पो और अन्य वाहनों से शुल्क वसूली के ठेकेदारों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सिसई रोड, पालकोट रोड और ललित उरांव बस पड़ाव समेत पांच प्रमुख स्थानों पर शुल्क वसूली की बंदोबस्ती उच्चतम बोली लगाने वाले ठेकेदारों को सौंपी गई थी। लेकिन वसूली कार्य में अनियमितताओं और यातायात बाधित होने की शिकायतें मिलने के बाद नगर परिषद ने बड़ा कदम उठाया है। नगर प्रशासक ने तीनों ठेकेदारों–मोहम्मद अरमोघन हसीब (भट्ठी मोहल्ला, सिमडेगा), निखिल कुमार सोनी (डीएसपी रोड, गुमला), और शिवप्रसाद सोनी (डीएसपी रोड, गुमला)–को नोटिस जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से अनियमितताओं को रोकने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासक ने स्पष्ट किया कि सड़क पर कहीं भी वाहनों को रोककर शुल्क वसूली करना पूरी तरह से वर्जित है। इससे न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है, बल्कि आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**स्पष्ट निर्देश और निर्धारित वसूली स्थल**

शुल्क वसूली को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर परिषद ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। निर्धारित वसूली स्थल निम्नलिखित हैं:

- **सिसई रोड :** भट्ठी तालाब के पास
- **पालकोट रोड :** साहू नर्सिंग होम के पास
- **ललित उरांव बस पड़ाव :** बस पड़ाव क्षेत्र के भीतर
- **जशपुर रोड :** तेलंगाना खड़िया स्टेडियम के गेट के पास
- **लोहरदगा रोड :** मिशन चौक के पास

**पहचान पत्र और वर्दी अनिवार्य :** नगर परिषद ने वसूली कार्य में लगे कर्मियों के लिए पहचान पत्र और वर्दी अनिवार्य कर दी है। अब कोई भी व्यक्ति बिना अधिकृत पहचान पत्र और निर्धारित वर्दी के शुल्क वसूली नहीं कर सकेगा। इससे फर्जी वसूली और अवैध वसूली की घटनाओं पर अंकुश लगेगा। वाहन चालकों को भी आसानी से अधिकृत वसूली कर्मियों की पहचान हो सकेगी।

इन स्थानों के अलावा किसी अन्य जगह पर वसूली की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्येक वसूली बिंदु पर शुल्क दर का चार्ट प्रदर्शित करना अनिवार्य है, ताकि वाहन चालकों को कोई भ्रम या कठिनाई न हो।

**कड़ी चेतावनी, उल्लंघन पर रद्द होगा ठेका :** नगर परिषद ने स्पष्ट कहा है कि इन आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ठेका रद्द करने से लेकर झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ठेकेदारों को आदेश पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर परिषद गुमला ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अनियमित वसूली या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत नगर परिषद कार्यालय को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

गर्व अंधा करने वाला है, यह महान आत्माओं की विशालता की दृष्टि से हमें वंचित रखता है। विनम्रता वह खुला द्वार है जिससे होकर ईश्वर की दया एवं शक्ति की दिव्य बाढ़, ग्रहणशील आत्माओं में प्रेमपूर्वक प्रवाहित होती है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# रंगों के त्यौहार में राजनीति

रंगों और मेलमिलाप के त्यौहार होली में बहुत से लोग विवाद पैदा करने में लगे थे जिनका सबसे आसान माध्यम था सोशल मीडिया जिसमें मंदिर मस्जिद से लेकर जातीय विद्वेष फैलाने में इन लोगों ने कोई कर कसर नहीं छोड़ी थी। बहुत से लोग इन झूठे या एआई से गढ़े गए वीडियो को सच मान कर मन में गांठ बांध लेते हैं और बिना सत्यता का पता किए शेयर करते हैं जिससे विचारों का यह जहर हमारी उस विरासत की जड़ों पर मट्ठा डालने का काम करता है,जो हमारी शांति और समृद्धि का आधार है। बहुत सी शक्तियां यही चाहती हैं कि भारत अपनी घरेलू समस्याओं में उलझा रहे और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाली दौड़ से बाहर हो जाए। कुछ समस्याएं असली हैं भी पर अधिकांश बनाई गई हैं। आज जब अंतरराष्ट्रीय राजनीति अस्थिरता से जूझ रही है, व्यापार युद्ध की आशंकाएं गहरा रही हैं, वैश्विक ध्रुवीकरण की नई परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं और समाज में वैमनस्य एवं टकराव की प्रवृत्ति गहरा रही है, ऐसे वक्त में रंगों का यह उत्सव एक बार फिर हमें उन मूल्यों की याद दिलाने के लिए आया है, जो हमें सिखाते हैं कि पारस्परिक मतभेदों को भुलाकर हम एकजुटता और प्रेम की ओर बढ़ सकते हैं, जिससे न केवल हमारा समाज, बल्कि समूचा विश्व अधिक सौहार्दपूर्ण बन सकता है। होली के इस मौसम की खासियत ही यह है कि यह सौहार्द प्रकृति में भी हर ओर दिखने लगता है। जब वसंत अपनी पूर्ण आभा के साथ धरती की हरीतिमा का श्रृंगार करता है, पेड़ों पर नव पल्लव खिल उठते हैं, तब होली का आगमन मनुष्य के हृदय में एक नई ऊष्मा, नई ऊर्जा और नए रंग भर देता है। हालांकि, यह पर्व रंगों का जरूर है, लेकिन यह रंगों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसके गहरे अर्थ और संदेश भी हो सकते हैं। सोशल मीडिया के दौर में जब पारिवारिक संबंधों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं और सामाजिक ताने-बाने कमजोर हो रहे हैं, तब होली ही हमें क्षमा करने और गैरों को भी गले लगाने का मूल्य सिखाती है। आखिर यही तो हमारे संस्कृतिबहुल जीवन की विशेषता भी रही है। होली का दिन नई पीढ़ी के लिए अपनी परंपराओं को याद करने का एक अवसर भी होना चाहिए। किसी को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि अपनी भाषा, बोली, खान-पान, तीज-त्योहार और सभ्यता के जिस शिखर पर हम आज खड़े हैं, वह एक दिन में नहीं बना है। यह परंपराओं का प्रवाह ही है, जो हमारी जिंदगियों में बह रहा है। आज जब समाज में तनाव व विभाजन की खबरें आम हैं, तब होली के मर्म को समझे जाने की और भी ज्यादा जरूरत है, जिसमें भाईचारा छिपा है। होली ही हमें याद दिलाती है कि कोई रंग स्वयं में श्रेष्ठ नहीं है, बल्कि जब वे आपस में मिलते हैं, तभी एक सुंदर इंद्रधनुषीय छवि बनती है। ध्यान रहे, विभिन्नताओं का जब सौहार्दपूर्ण ढंग से समावेश होता है, तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। इस होली हम याद रखें कि रंगों की यह विरासत केवल बाहरी आनंद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर प्रेम, सहिष्णुता और भाईचारे के रंग भी भरने का संदेश देती है।

> *यह पर्व रंगों का जरूर है, लेकिन यह रंगों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसके गहरे अर्थ और संदेश भी हो सकते हैं।*

17 मार्च कल्पना चावला जयंती पर विशेष

# एक सपना जो अंतरिक्ष तक पहुंचा कल्पना चावला की अनंत प्रेरणा





कल्पना चावला का नाम सुनते ही मन में एक ऐसी तस्वीर उभरती है-एक साधारण लड़की, जिसने अपने सपनों को पंख दिए और अंतरिक्ष की अनंत ऊँचाइयों तक उड़ान भरी। हर साल 17 मार्च को उनकी जयंती पर जब हम उन्हें याद करते हैं, तो यह सिर्फ एक तारीख नहीं रह जाती—यह बन जाता है एक प्रेरणा का उत्सव, एक जज़्बे का सम्मान, जो हमें कहता है कि सीमाएँ तोड़ना ही इंसान का असली हक है। करनाल की संकरी गलियों से लेकर नासा के अंतरिक्ष शटल तक का उनका सफर कोई साधारण कहानी नहीं है; यह एक ऐसी दास्तान है, जो हर उस दिल को छूती है, जो सपने देखने की हिम्मत रखता है।

बचपन में जब कल्पना आसमान में उड़ते हवाई जहाजों को देखती थीं, तो उनकी आँखों में सिर्फ कौतूहल नहीं था, बल्कि एक जुनून था—उस अनंत नीले विस्तार को नापने का जुनून। हरियाणा के करनाल में 17 मार्च 1962 को जन्मी इस लड़की के लिए समाज ने कई रेखाएँ खींच रखी थीं। लड़कियों को घर की चौखट तक सीमित रखने वाली परंपराएँ, शिक्षा और करियर में अवसरों की कमी—ये सब उनके सामने थे। लेकिन कल्पना ने इन रेखाओं को मिटाने का फैसला किया। उनके परिवार ने भी उनकी इस आग को हवा दी। करनाल के टैगोर बाल निकेतन स्कूल में पढ़ते हुए उनकी रुचि विज्ञान और गणित की ओर बढ़ी, और यहीं से उनके सपनों ने एक ठोस आकार लेना शुरू किया। फिर आया वह पल, जब उन्होंने पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ में एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया। उस दौर में इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्र में लड़कियों का होना अपने आप में एक क्रांति था। लेकिन कल्पना के लिए यह सिर्फ शुरुआत थी। उनके सपने उस कॉलेज की दीवारों से भी आगे थे—वह सितारों को छूना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने अमेरिका का रुख किया। टेक्सास यूनिवर्सिटी से मास्टर्स और कोलोराडो यूनिवर्सिटी से पीएचडी हासिल करने के बाद उनकी नज़र नासा पर थी। यहाँ तक पहुँचने में न जाने कितनी रातें किताबों के साथ गुज़रीं, कितने दिन मेहनत में डूबे रहे। लेकिन हर कदम पर वह अपने सपने के करीब बढ़ती गईं।

1994 में जब वह नासा में शामिल हुईं, तो यह उनके जीवन का एक नया अध्याय था। अंतरिक्ष यात्री बनने का प्रशिक्षण आसान नहीं था—शारीरिक, मानसिक और तकनीकी चुनौतियों से भरा हुआ। लेकिन कल्पना ने हर परीक्षा को पार किया। और फिर आया वह ऐतिहासिक दिन—19 नवंबर 1997। स्पेस शटल कोलंबिया अंतरिक्ष में उड़ा, और उसके साथ उड़ीं कल्पना चावला। यह मिशन STS-87 था, जिसमें वह पहली भारतीय मूल की महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं। 16 दिनों तक अंतरिक्ष में रहकर उन्होंने 252 बार पृथ्वी की परिक्रमा की, 10.4 मिलियन मील की दूरी तय की, और कई वैज्ञानिक प्रयोगों को अंजाम दिया। अंतरिक्ष से पृथ्वी को देखते हुए उन्होंने कहा था, "यह ग्रह कितना नन्हा और नाजुक है।" उनकी यह बात आज भी हमें हमारी धरती की कीमत समझाती है।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

लेकिन उनकी कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। 2003 में वह दोबारा अंतरिक्ष के लिए निकलीं—मिशन STS-107। इस बार उनका उत्साह और भी गहरा था। 80 से अधिक प्रयोगों के साथ वह अंतरिक्ष विज्ञान में नई खोजों का हिस्सा बनीं। मिशन सफल रहा, लेकिन जब कोलंबिया 1 फरवरी 2003 को पृथ्वी पर लौट रहा था, तब एक तकनीकी खराबी ने सब कुछ बदल दिया। शटल वायुमंडल में टुकड़े-टुकड़े हो गया, और उसमें सवार सातों अंतरिक्ष यात्री, जिनमें कल्पना भी थीं, दुनिया को अलविदा कह गए। यह खबर भारत के लिए एक गहरा सदमा थी। करनाल की वह बेटी, जिसने सितारों को छुआ, अब एक तारे की तरह हमेशा के लिए चमकने चली गई।

यह हादसा दुखद था, लेकिन क्या कल्पना सचमुच चली गईं? नहीं। वह आज भी हमारे बीच हैं—हर उस सपने में, जो हिम्मत के साथ देखा जाता है। नासा ने उनके नाम पर सैटेलाइट और मिशन शुरू किए। भारत में उनके नाम पर स्कूल, कॉलेज, छात्रवृत्तियाँ हैं। लेकिन उनकी असली पहचान वह जज़्बा है, जो उन्होंने हर दिल में छोड़ा। उनकी वह बात— "मैं सिर्फ पृथ्वी से नहीं हूँ, मैं पूरे ब्रह्मांड की हूँ"—हमारे लिए एक मंत्र है। यह हमें बताती है कि हमारी सोच की कोई सीमा नहीं, हमारा आसमान अनंत है।

कल्पना की जयंती पर उनकी यह कहानी हमें झकझोरती है। वह हमें पूछती हैं—तुम अपने सपनों के लिए कितना लड़ सकते हो? वह हमें याद दिलाती हैं कि एक छोटे से शहर की लड़की अगर सितारों तक पहुँच सकती है, तो हम क्यों नहीं? आज जब भारत चंद्रयान, मंगलयान और गगनयान जैसे मिशनों के साथ अंतरिक्ष में अपनी जगह बना रहा है, कल्पना की यह उड़ान और भी मायने रखती है। वह हमें सिखाती हैं कि सपने वही सच होते हैं, जिनके पीछे मेहनत और हौसला होता है।

उनकी ज़िंदगी एक किताब है, जिसका हर पन्ना हमें कुछ सिखाता है। वह हमें बताती हैं कि नाकामयाबी से डरने की ज़रूरत नहीं, बल्कि उसे एक सीढ़ी बनाना चाहिए। वह हमें सिखाती हैं कि लैंगिक भेदभाव, आर्थिक तंगी या सामाजिक बंधन सिर्फ बहाने हैं—असली ताकत तो इरादों में होती है। उनकी यह यात्रा हर उस इंसान के लिए एक नज़ीर है, जो अपने हालात से हारा हुआ महसूस करता है।

कल्पना चावला की जयंती पर यह प्रण करें कि हम भी अपने सपनों को उड़ान देंगे। चाहे रास्ते में कितने ही तूफान आएँ, हम रुकेंगे नहीं। कल्पना चावला एक नाम नहीं, एक एहसास हैं—यह एहसास कि उड़ान हर उस शख्स की किस्मत में होती है, जो अपने पंखों पर भरोसा करता है। उनकी यह कहानी हमें बार-बार पुकारती है—उठो, सपने देखो, और उन्हें सच करने के लिए निकल पड़ो। क्योंकि सितारे दूर नहीं, बस एक हौसले की उड़ान दूर हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# शेयर मार्केट में विश्वसनीयता का गंभीर संकट

भारतीय शेयर मार्केट विश्वसनीयता के गंभीर संकट के समय में है। मार्केट कैप अपने उच्चतम स्तरों से 110 लाख करोड़ रुपए कम हो चुका है। सैकड़ों शेयर वर्ष के सबसे निचले भावों पर है। इन निचले स्तरों पर भी आक्रामक खरीद नहीं दिख रही।इसका बड़ा कारण यह है कि निवेशकों का विश्वास डिग गया है। उन्हें लग ही नहीं रहा कि शेयरों में इन भावों से भी तेजी आएगी, लाभ होगा। वो इस मनोवृति में दिख रहे कि जो भी भाव मिले, बेच पैसा घर ले जाओ। यह एक भयावह स्थिति है। सैकड़ों शेयरों में 70 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है।अच्छी डिविडेंड यील्ड के नीची पीई के शेयर में भी बड़ी खरीद नहीं ही है। मार्केट परम निराशा की स्थिति में है। विदेशी निवेशक भी सतत विक्रेता बने हुए है। मार्च के दो सप्ताह में उन्होंने नकद संभाग में 30000 करोड़ रुपए के शेयर बेच दिए हैं। इस वर्ष में अभी तक 1.42 लाख करोड़ रुपए के शेयर वो बेच चुके हैं। इन विपरीत परिथितियों में वित्त मंत्रालय को मार्केट के प्रोत्साहन के उपाय करने होंगे।सैकड़ों वर्षों के पश्चात भारतीयों में मध्य शेयर मार्केट को लेकर एक अच्छे विश्वास तथा उत्साह का वातावरण बना था। भारत में डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 19 करोड़ 40 लाख हो गई । खुलने को तो फरवरी 25 में भी 19 लाख नए डीमैट खाते खुले परंतु मई 23 के बाद यह सबसे धीमी वृद्धि है तथा लगातार दूसरे महीने कम डीमैट खाते खुले हैं। इतनी बड़ी संख्या के निवेशकों का शेयर मार्केट के प्रति विश्वास डिगना न भारतीय शेयर मार्केट के लिए अच्छा है न अर्थव्यवस्था के लिए जिसको वृद्धि के लिए बड़ी पूंजी तथा उसके निवेश की आवश्यकता है। मूल्यांकन कुछ अधिक हुए थे परंतु गिरावट के पश्चात भी तेजी की आशा निराशा में बदलना तो एक ध्वंस ही है। इससे उनके मन में शेयर के एक अच्छे सम्पत्ति प्रकार की अवधारणा ही ध्वस्त हो सकती है। कई बड़ी मंदी पहले भी कई बार आई है परंतु इस बार की मंदी सतत सी है ,बड़ी अवधि तक की है। यदि इसका प्रतिकार नहीं किया गया तो इसके बड़े घातक दुष्परिणाम हो सकते हैं। सरकार को विलम्ब ध्यान दे उसके हाथ में जो उपाय हैं,उन पर कार्य करना चाहिए।शेयर लाभ पर पूंजीगत कर में बड़ी कटौती करनी चाहिए। विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उन्हें छूट प्रदान की जानी चाहिए। म्यूचुअल फंड में निवेश आ रहा परन्तु अब ये भी धीमा हो रहा है। फरवरी में इक्विटी म्यूचुअल फंड में मात्र 29303 करोड़ रुपए का निवेश आया। इतनी धनराशि से मार्केट की बहुत सहायता नहीं मिल सकती है। कई म्यूचुअल फंड में भी 20 से 30 प्रतिशत की गिरावट आई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**शशांक भारद्वाज**
सीनियर वी पी
चॉइस ब्रोकिंग

# एक भयंकर स्मृति लोप के शिकार हैं हम सब!

एक भयंकर स्मृति लोप के शिकार हैं हम सब! क्योंकि हमें अपनी ही धरती के आख्यानों का पता नहीं ! हम अपने ही इतिहास का गल्प कहकर उपहास उड़ाते हैं! इस प्रकार हमने अपनी ही जड़ों से रिक्त होकर अपने आप को एक क्षीण देश के रूप में परिणत कर डाला और इसी का कुपरिणाम हमारी गुलामी के रूप में हुआ। और उस गुलामी के पश्चात हमारी वर्तमान शिक्षा पद्धति ने हमारे संस्कार, आचार और विचार में सैकड़ो वर्ष में सप्रयास इतना परिवर्तन ला दिया कि हमारे बच्चे सब कुछ भूल कर केवल और केवल उसे ही सच समझने लगे, जो अंग्रेजों द्वारा प्रदान की गई शिक्षा पद्धति हमें समझाना चाहती थी ! उस शिक्षा पद्धति के दिए जाने के कारणों को हम कभी समझ ही नहीं पाए और वह सब कुछ हमारे लिए धीरे-धीरे सच होता चला गया ! जो कभी हमारे इतिहास का हिस्सा था ही नहीं और हमारा सचमुच का इतिहास ही हमसे लुप्त होता गया ! इस प्रकार हम बिन माँ की संताने बन गए! यह तो हुई बहुत पुराने इतिहास की बात, जिसके विषय में बहुत पढ़े-लिखे लोग भी बहुत कम जानते हैं! तो छोटे विद्यार्थियो के विषय में तो कहें ही क्या? इसके विषय में और तो और, बहुत ही कम ही एक सही इतिहास पढ़ाया ही जाता है! और अपने इतिहास से बिल्कुल नासमझ हम केवल और केवल इसीलिए अपने इतिहास का उपहास उड़ा पाते हैं कि हम अपनी मां की संतान हैं ही नहीं !! संसार के किसी दूसरे देश के साथ ऐसा कभी हुआ ही नहीं। क्योंकि किसी भी उपनिवेशवादी को अपने उपनिवेश की शिक्षा पद्धति में बदलाव करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ी ! किंतु इस देश में उसे ऐसा करने की आवश्यकता इसीलिए पड़ी क्योंकि यहां की गुरुकुल व्यवस्था इतनी इतनी शक्तिशाली थी कि बगैर बिना उसको छिन्न-भिन्न किये इस देश का मानस अंग्रेजों के स्वार्थों के अनुकूल तैयार ही नहीं हो सकता था और इसीलिए बड़े छल कपट तरीकों से एक पद्धति के द्वारा भारत की शिक्षा पद्धति को नष्ट करके इसके गौरव बोध को ही छिन्न भिन्न कर दिया गया! अंग्रेजों की उस दासता ने हमारे स्वयं के आत्म गौरव को तो नष्ट किया ही किया, किंतु जाते-जाते हमारे बीच वह वैमनस्य का एक जो बहुत बड़ा वृक्ष वह रोप कर और उसे पोषित करके चले गए, उस वृक्ष ने जब हमें विष भरे भर फल प्रदान करना आरंभ किया, तब हमको मिली उस स्वाधीनता का अर्थ ही खंडित होने लगा! रही सही कसर स्वाधीनता-पश्चात इस देश सत्ता की मलाई चाहने वालों और इस मलाई के रूप में देश का का शासन संभालने वाले तत्कालीन स्वतंत्रता सेनानियों और वामपंथी नेताओं के गठजोड़ ने पूरी कर दी !! यद्यपि इस देश का वास्तविक मर्म समझने वाले कतिपय नेता तब भी शेष थे, किंतु उनकी उतनी चली नहीं और आज जो हम सब आपस में लड़ते, कटते, मिटते, मरते दिखाई देते हैं, यह भी उसी का "सुपरिणाम" है! जिसे हम ना तो जानते समझते हैं और ना ही जानना समझना चाहते हैं और जब कोई अपने इतिहास कोई जानना समझना छोड़ दे! जब उसकी अपनी जड़ों के प्रति उत्कंठा ही नष्ट हो जाए, तो फिर उस देश का कुछ भी नहीं किया जा सकता! किंतु यह भी सच है कि बहुत सारे लोग आज भी अपनी जड़ों से कटे नहीं और उन्होंने वह आचार-विचार और संस्कार न केवल अपने भीतर शेष रखें, बल्कि उन्हें भली भांति पोषित करने के प्रयासों को भी अक्षुणन जारी रखा! और उसका भी यह परिणाम है कि धीरे-धीरे बहुत सारे विषयों में हमारा मानस बदल रहा है, किंतु उसका मूल्य भी वह चुका रहा है और उसका मूल्य है आपस में वैमनस्य! किंतु इसका कारण केवल यह नहीं है कि मानस बदल रहा है, इसका कारण यह है कि जैसे-जैसे मानस बदल रहा है, वैसे-वैसे इस बदलते मानस से घृणा करने वाली शक्तियां भी उस बदलते मानस को कुचलना चाह रही हैं और इसकी प्रतिक्रिया में अपने उद्वेग में यह मानस भी वही करने को तत्पर है, जो ऐसी शक्तियां वस्तुतः उससे करवाना चाहती हैं! यद्यपि ऐसा भी नहीं है कि बदलता हुआ यह मानस हर प्रकार से एक सही दिशा की ओर जाता प्रतीत हो रहा हो! इसमें भी कतिपय वैसी शक्तियां हैं, जो उसे अनुचित दिशा की ओर ले को तत्पर दिखाई देती हैं! इसलिए एक तरह का झंझावात, एक सम्यक विचाराभाव इसमें भी दिखाई देता है! कुल मिलाकर देश का मान चाहने वाले समस्त पक्षों को एक विवेकपूर्ण तरीके से से और गंभीरतापूर्वक इस देश को जोड़े रखने में और साथ ही इसका सही दिशा में विकास करते जाने में अपनी पूरी शक्ति से अपना संपूर्ण योगदान देना होगा! यह देश सचमुच एक घटाघोप में आन पड़ा है! इसे बचाने की आवश्यकता है और इसे यदि हम नहीं बचा पाए, तो हमारी अगली पीढ़ियां तो समझ लीजिए कि लड़ती हुई ही मिलेंगी और एक नया महाभारत हमारे बच्चे देख रहे होंगे ! जिसका एक वीभत्स मानस हम आज तैयार कर रहे हैं! हम आशा करते हैं कि ऐसा नहीं होगा और अपने इतिहास से एक अच्छी और सच्ची सीख लेते हुए हम अपने देश को बनाने का ही प्रयास करेंगे ! क्योंकि मैं इसी में हमारा स्वयं का भी मान है! हमारा स्वयं का गर्व है और हमारे देश का गौरव!!


**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राजीव थेपड़ा**
रांची, झारखंड

## फेसबुक वॉल से


वास्तु और घरेलू नुस्खे
Sonu Arya · 14m


**हर दिन अपनाएं ये आदतें, बिना दवा के रहें फिट**

- रात 10 बजे से पहले सोना दवा है।
- प्रकृति में टहलना दवा है।
- खाली पेट 600ml पानी पीना दवा है।
- हर दिन भगवान को याद करना दवा है।
- नशीले उत्पाद का सेवन न करना दवा है।
- प्रतिदिन एक्सरसाइज करना दवा है।
- नकारात्मक लोगों से दूर रहना दवा है।
- हर दिन 5 मिनट गहरी सांस लेना दवा है।
- सुबह की 20 मिनट की धूप लेना दवा है।
- प्रतिदिन 8 घंटे की नींद लेना दवा है।
- हर दिन आभार व्यक्त करना दवा है।
- रोजाना 10 मिनट ध्यान करना दवा है।
- धीरे-धीरे चबाकर खाना खाना दवा है।
- मोबाइल के प्रयोग को कम करना दवा है।
- हंसना और खुश रहना दवा है।
- रोज कुछ नया सीखना दवा है।
- परिवार के साथ समय बिताना दवा है।
- जरूरत से ज्यादा सोचने से बचना दवा है ।

Sanjay parmanandani

1 share

## एक्स से


Swami Vivekanand Quotes
Anjana Anju · 7m
Yes❤️

**"धरती पर भगवान होने के कुछ सबूत"**

1. माँ ज्वालामुखी में हमेशा ज्वाला निकलती है।
2. चित्तोड़गढ मे बाणमाता जी के मंदिर मे आरती के समय त्रिशूल का स्वतः हिलना।
3. उज्जैन में भैरोनाथ का मदिरा पीना।
4. गंगा और नर्मदा नदी के पानी का कभी खराब न होना।
5. अमरनाथ में शिवलिंग का अपने आप बनना।
6. ज्वालामुखी मंदिर में हमेशा ज्वाला का निकलना
7. सीमा पर स्थित तनोट माता मंदिर में 3000 बम में से एक का भी ना फूटना।
8. रामेश्वरम धाम में सागर का कभी उफान न मारना।
9. पूरी दुनियां में आज भी सिर्फ रामसेतु के पत्थर पानी में तैरते हैं।
10. पुरी के मंदिर के ऊपर से किसी पक्षी या विमान का न निकलना।
11. पुरी मंदिर की पताका हमेशा हवा के विपरीत दिशा में उड़ना।
12. श्री राम नाम धन संग्रह बैंक में संग्रहीत 41 अरब राम नाम मंत्र पूरित ग्रंथों को (कागज होने पर भी) चूहों द्वारा नहीं काटा जाना जबकि अनेक चूहे अंदर घूमते रहते हैं।
13. इतने बड़े हादसे के बाद भी " केदारनाथ मंदिर का सुरक्षित रहना।

## आज का दोहा

कुछ मुसकाए, कुछ रंग गए, फिर कुछ गाया फाग।
वो ऐसे ही कह गए, क्या होता है राग।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन भारतीय सेना का शानदार कदम

हम लैंगिक समानता के लिए लड़ते हुए एक लंबा सफर तय कर चुके हैं और लैंगिक समानता के चौथे चरण में हैं, इसलिए हम भारतीय सेना मेंमहिला अधिकारियों के लिए स्थायी कमीशन और कमांड भूमिकाओं में चयन का, सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की सराहना करते हैं। यह आदेश 17 फरवरी 2020 को पारित किया गया था। हालांकि, जेएजी( कानूनी इकाई ) और सेना शिक्षा कोर में2008 में उनके लिए स्थायी कमीशन खोला गया था। जनवरी 2023 में एक विशेष चयन बोर्ड द्वारा कर्नल के पद के लिए कुल 108 महिला अधिकारियों को मंजूरी दी गई थी। इन 108 रिक्तियों में 1992 से 2006 बैच की महिला अधिकारी कोशामिल किया गयाजोअब देश भर में विभिन्न सेना इकाइयों में कमांड भूमिकाएँ संभाल चुकी हैं। वर्ष 2020 से महिलाओं को रक्षा बलों में स्थायी रूप से कमीशन मिल रहा है।तब से अब तक भारतीय सेना ने 145 से अधिक महिला अधिकारियों को कर्नल के पद पर पदोन्नत किया है, जो अब उत्तरी और पूर्वी कमान के अग्रिम क्षेत्र में कमान संभाल रही हैं। स्थायी कमीशन का मतलब है सेवानिवृत्ति तक काम करना, पुरुष अधिकारियों के समान पदोन्नति और पेंशन की सुविधा प्राप्त करना।यह शॉर्ट सर्विस कमीशन से अलग है, जो 10 या 14 साल की एक विशिष्ट अवधि के लिए होता है। सैन्य सेवाओं में महिलाओं के नामांकन का इतिहास 1888 से ही माना जा सकता है, जब ब्रिटिश भारतीय सेना ने युद्ध में घायलों की मदद के लिए भारतीय सैन्य नर्सिंग सेवा शुरू की थी। मई 1942 में, ब्रिटिश भारतीय सेना के अभियानों में सहायता के लिए महिला सहायक कोर की स्थापना की गई, जिसमें द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक 11500 महिला अधिकारियों की भर्ती की गई। इसका उद्देश्य महिलाओं को प्रशासन और संचार जैसे गैर-लड़ाकू पदों पर काम करने में सक्षम बनाना था।1 नवंबर 1958 को स्वतंत्रता के बाद भारतीय सेना की मेडिकल कोर नियमित रूप से महिला सैनिकों की नियुक्ति करने वाली पहली सैन्य संस्था बन गई। हालाँकि उन्हें केवल अल्प सेवा( शॉर्ट सर्विस कमीशन ) के माध्यम से ही कमीशन दिया गया था।भारतीय सेना ने 1992 में महिलाओं को भर्ती करना शुरू किया, जहाँ महिलाओं को सेना शिक्षा कोर, सिग्नल कोर, खुफिया कोर और इंजीनियर्स कोर जैसे कुछ चुने हुए क्षेत्रों में पाँच साल के लिए कमीशन दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने अंततः सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता को स्वीकार कर, महिला अधिकारियों को कमांड पदों पर नियुक्ति की अनुमतिदि है, जिससे कई लाभ होंगे। जैसे लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और महिलाओं के लिए समान अवसरों में बढ़ोतरी होगी। यह निर्णय अन्य मामलों के लिए एक मिसाल के रूप में कार्य करेगा, जो सेना में महिलाओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा।यह निर्णय कैरियर में उन्नति के लिए प्रमुख निर्धारकों के रूप में योग्यता और सेवा रिकॉर्ड के महत्व को रेखांकित करता है। पारंपरिक बाधाओं को तोड़ने और महिलाओं को सेना में कमांडिंग पदों पर आसीन होने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदमहै। हालांकि, अभी भी कई चुनौतियाँ हैं जिनका समाधान किया जाना ज़रूरी है। पुरुष प्रधान समाजमें लोगों की मानसिकता को बदलना होगा। महिलाओं को लड़ाकू भूमिका में नियुक्त करना एक चुनौती है। सशस्त्र बलों को महिलाओं के यौन उत्पीड़न और उत्पीड़न की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं के लिए शारीरिक फिटनेस मानक एक और बहस का विषय है। तथ्य यह है कि गर्भावस्था, प्रसवोत्तर स्वास्थ्य लाभ और मातृत्व के कारण महिलाओं को सेवा अवधि का एक बड़ा हिस्सा खोना पड़ता है, जो महिलाओं के लिए लड़ाकू भूमिका निभाने में नुकसानदेह हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार**

## काव्य कोना

### नैसर्गिक आभा

सिंचाई करो या डालो खाद,
निर्मूल पेड़ पल्लवित नही होता
आराम,भोग विलास बढ़ा दो कितना,
परिवेश से कटा मनुष्य हर्षित नहीं होता।
अलाव कितनी बड़ी जला लो,
सूरज सी चमकदार रोशनी नहीं मिलती
कागज के फूलों से कितना सजा लो,
नैसर्गिक आभा नहीं आती।
मृत्यु से डरते-डरते जीने से,
जीवन आनंदित नही होता
कुंठा, विषाद और पूर्वाग्रह के साथ,
चित्त शांत नहीं रहता।

**नाग मणि**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

आईआईटी रुड़की के शोधकर्ताओं ने की महत्वपूर्ण खोज

# चिकनगुनिया के खिलाफ संभावित दवा की हुई पहचान



**एजेंसी**

**हरिद्वार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के वैज्ञानिकों ने चिकनगुनिया के इलाज की एक नई संभावना का अध्ययन किया है। चिकनगुनिया मच्छर जनित वायरल बीमारी है, जो बुखार, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द और चकत्ते का कारण बनती है। उनके शोध से पता चलता है कि एचआईवी के इलाज के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली दवा इफाविरेंज चिकनगुनिया रोग के लिए भी एक प्रभावी उपचार के रूप में कार्य कर सकती है, क्योंकि यह इन विट्रो और चूहों के मॉडल दोनों में चिकनगुनिया वायरस की प्रतिकृति को कम करने में कारगर साबित हुई है।

नेशनल सेंटर फॉर वेक्टर-बॉर्न डिजीज कंट्रोल के अनुसार, चिकनगुनिया भारत में एक आवर्ती सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है, जिसके मामले हर साल कई राज्यों में रिपोर्ट किए जाते हैं। वर्तमान में, चिकनगुनिया के लिए विशेष रूप से कोई स्वीकृत एंटीवायरल उपचार नहीं है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा समर्थित आईआईटी रुड़की के अध्ययन में पाया गया कि इफाविरेंज लैब में विकसित सेल कल्चर और संक्रमित चूहों के मॉडल में वायरस के स्तर को कम करने में सक्षम था।

अध्ययन के प्रथम लेखक डॉ. संकेत नेहुल ने कहा कि हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि एफैविरेंज वायरस की प्रतिकृति प्रक्रिया के आरंभिक चरण में हस्तक्षेप कर सकता है। चूंकि यह दवा पहले से ही एचआईवी उपचार के लिए व्यापक रूप से उपयोग की जाती है, इसलिए आगे के नैदानिक परीक्षणों से चिकन गुनिया के उपचार के लिए इसकी क्षमता का पता लगाया जा सकता है, जिससे नई एंटीवायरल दवाओं के विकास के लिए आवश्यक समय और लागत में कमी आएगी।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि इफाविरेंज ने चिकनगुनिया से संबंधित सिंडबिस वायरस की प्रतिकृति को प्रभावित किया। हालांकि इससे यह संभावना बढ़ जाती है कि यह इसी तरह के वायरस के खिलाफ काम कर सकता है, लेकिन मनुष्यों में इन प्रभावों की पुष्टि के लिए आगे के अध्ययनों की आवश्यकता है।

संबंधित लेखक प्रोफेसर शैली तोमर ने इन निष्कर्षों के महत्व पर प्रकाश डाला कि वर्तमान में चिकनगुनिया से संक्रमित लोग लक्षण प्रबंध पर निर्भर हैं क्योंकि कोई विशिष्ट एंटीवायरल उपचार नहीं है। हमारा अध्ययन प्रारंभिक वैज्ञानिक साक्ष्य प्रदान करता है कि चिकन गुनिया के उपचार के लिए इफाविरेंज एक संभावित एंटीवायरल दवा हो सकती है।

पहला **एंटीवायरल** उपचार खोजने की दिशा में एक बड़ा कदम

हालांकि, चिकनगुनिया के रोगियों में इसकी प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता होगी। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर कमल किशोर पंत ने कहा कि आईआईटी रुड़की में हम ऐसे शोध के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान कर सके।

तेज प्रताप के आदेश पर ठुमके लगाए कांस्टेबल ने

# तेज प्रताप का सरकारी बॉडीगार्ड लाइन हाजिर




**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेज प्रताप यादव के बॉडीगार्ड के तौर पर तैनात कांस्टेबल दीपक कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। आपको बता दें, तेज प्रताप के होली सेलिब्रेशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें दीपक कुमार पूर्व मंत्री के आदेश पर वर्दी में डांस करते नजर आ रहे थे। इस घटना पर कार्रवाई करते हुए बिहार पुलिस ने कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय द्वारा रविवार को जारी बयान के अनुसार, 'विधायक तेज प्रताप के सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात कांस्टेबल दीपक कुमार को वर्दी में नाचने के लिए तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। कुमार की जगह विधायक की सुरक्षा में किसी अन्य कांस्टेबल को तैनात किया जाएगा।'

## क्या है पूरा विवाद?


तेज प्रताप यादव ने कथित तौर पर पटना में अपने आवास पर होली समारोह के दौरान वर्दीधारी पुलिसकर्मी को एक गाने पर नाचने का आदेश दिया था, और ऐसा करने से इनकार करने पर उसे निलंबित करने की धमकी दी थी। हसनपुर से विधायक तेज प्रताप के आधिकारिक आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर साझा किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी को उनके कहने पर नाचते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो में तेज प्रताप एक अस्थायी मंच पर रखे सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं और उनके हाथ में माइक है। वह पुलिसकर्मी से यह कहते नजर आ रहे हैं, 'ऐ सिपाही, ऐ दीपक, अभी एक गाना बजाएंगे, जिस पर तुमको ठुमका लगाना पड़ेगा। नहीं लगाओगे, तो तुमको 'सस्पेंड' कर देंगे। बुरा न मानो होली है।'वीडियो में वर्दीधारी पुलिसकर्मी तेज प्रताप की बात का खास बुरा मानता प्रतीत नहीं हो रहा, लेकिन वह 'ठुमका' लगाने के बजाय उन्हें खुश करने के लिए अपना दाहिना हाथ हवा में लहराता दिख रहा है।

## तेज प्रताप का पलिस ने काटा चालान

तेज प्रताप यादव पर होली के दिन पटना में मुख्यमंत्री आवास के पास बिना हेलमेट के स्कूटी चलाने के लिए 4,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने चालान तब काटा जब पता चला कि वाहन का बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र भी समाप्त हो चुका था। पटना के पुलिस अधीक्षक (यातायात) अपराजित लोहान ने कहा, 'वाहन के मालिक को 4,000 रुपये का चालान जारी किया गया है।'

## संभल : विवादित शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई शुरू

**एजेंसी**



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में विवादित शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई रविवार को शुरू हो गई। मजदूरों ने सबसे पहले मस्जिद दीवार पर झूला डालकर पुताई आरम्भ की।

शनिवार को दोपहर में भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण (एएसआई) की तीन सदस्यीय टीम पेंटर व मजदूरों के साथ पहुंची थी। इस दौरान मस्जिद की लम्बाई चौड़ाई की नपाई की गई थी। मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट ने बताया हाईकोर्ट के निर्देश पर सात दिन के अंदर मस्जिद की रंगाई पुताई का कार्य पूरा करना है। इसी के चलते आज पुताई कार्य आरम्भ हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार 8 मजदूर जामा मस्जिद की सफेदी का कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि एक सप्ताह के अंदर हमें मस्जिद की रंगाई पुताई पूरी करनी है। बीते 12 मार्च को उच्च न्यायालय ने पुताई और सजावट का आदेश किया था। साथ ही यह भी कहा था कि इस पुताई और सजावट के कार्य की निगरानी एएसआई द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में 13 मार्च को एएसआई की टीम जामा मस्जिद पहुंची थी। टीम ने बाहरी हिस्से के साथ अंदर के परिसर का भी निरीक्षण किया था। उन स्थानों को टीम ने देखा था जहां पुताई की जानी है। मस्जिद के बाहरी हिस्से पर पुताई के लिए आदेश किया गया है।

## भाषा थोपने या अंधाधुंध विरोध करने से राष्ट्रीय एकजुटता नहीं हासिल होगी : पवन कल्याण

**एजेंसी**



**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने शनिवार को कहा कि न तो किसी को जबरन थोपने और न ही उसका अंधाधुंध विरोध करने से राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकजुटता हासिल होती है।

अभिनेता से नेता बने कल्याण ने कहा कि उन्होंने ''कभी हिंदी का विरोध नहीं किया'' बल्कि उन्होंने केवल ''इसे अनिवार्य बनाने का विरोध किया है।'' जनसेना पार्टी के प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''किसी को जबरन थोपना या फिर उसका अंधाधुंध विरोध करना, दोनों ही हमारे भारत में राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकजुटता के उद्देश्य को प्राप्त करने में मदद नहीं करते हैं।''उन्होंने कहा कि चूंकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में हिंदी को अनिवार्य नहीं किया गया है, इसलिए ''इसे लागू करने के बारे में झूठी बातें फैलाना केवल जनता को गुमराह करने का एक प्रयास है।''कल्याण के अनुसार, एनईपी 2020 के तहत छात्रों को एक विदेशी के साथ-साथ अपनी मातृसहित कोई भी दो भारतीय भाषाएं सीखने की सुविधा है। उन्होंने कहा, ''यदि वे हिंदी नहीं पढ़ना चाहते तो वे तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, मराठी या भारत की कोई भी अन्य चुन सकते हैं।

## केरल: आईओसी का उप महाप्रबंधक दो लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**एजेंसी**



**केरल।** भारतीय तेल निगम (आईओसी) के एक उप महाप्रबंधक को यहां एक गैस एजेंसी के मालिक से कथित तौर पर दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सतर्कता विभाग की विशेष जांच इकाई-1 के अधिकारियों ने आईओसी के एर्नाकुलम स्थित कार्यालय के डीजीएम एलेक्स मैथ्यू को शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे कुरावणकोणम में शिकायतकर्ता के घर से रंगे हाथों पकड़ लिया। सतर्कता विभाग ने बताया कि मैथ्यू ने शिकायतकर्ता की पत्नी की आईओसी लाइसेंस प्राप्त गैस एजेंसी से ग्राहकों को अन्य एजेंसी में स्थानांतरित करने से रोकने के लिए उससे कथित तौर पर 10 लाख रुपये की मांग की थी। उसने बताया कि जब शिकायतकर्ता ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया तो अधिकारी ने 1,200 कनेक्शन विभिन्न अन्य एजेंसी को कथित तौर पर स्थानांतरित कर दिए। विभाग ने बताया कि बाद में आरोपी ने शिकायतकर्ता को चेतावनी दी कि अगर शनिवार को उसके तिरुवनंतपुरम आने पर उसे रिश्वत का भुगतान नहीं किया गया तो और अधिक ग्राहकों के कनेक्शन स्थानांतरित किए जाएंगे। बयान में कहा गया है कि इसके बाद गैस एजेंसी के मालिक ने सतर्कता विभाग को इस बारे में सूचित किया और विभाग ने जाल बिछाकर मैथ्यू को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। बयान में कहा गया है कि आरोपी को सतर्कता अदालत में पेश किया जाएगा।

## केरल में फोन पर पत्नी को तलाक देने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज



**केरल।** एक व्यक्ति पर पत्नी को कथित तौर पर फोन पर तलाक देने, उसके साथ मारपीट करने और दहेज मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कल्पाकांचेरी पुलिस ने एडक्कुलम के मूल निवासी शाहुल हमीद के खिलाफ मामला दर्ज किया। यह मामला तब दर्ज किया गया जब जिले के नादुवट्टम निवासी 21 वर्षीय उसकी पत्नी ने पुलिस से संपर्क कर आरोप लगाया कि अधिक दहेज की मांग को लेकर उसके पति ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। अपनी शिकायत में महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति ने हाल ही में अपनी मां की मौजूदगी में फोन पर उसे तलाक दे दिया।

शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी ने 2021 में उससे शादी की थी और शादी के कुछ समय बाद से ही उसे उत्पीड़न और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा था। पति-पत्नी कुछ समय से अलग रह रहे थे और महिला ने हाल ही में अपनी शिकायत पुलिस को दी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ फोन पर कथित तौर पर तलाक कहने के लिए मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद व्यक्ति को पूछताछ के लिए बुलाया गया है और जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी के प्रेमी को कुल्हाड़ी से काटकर उतारा मौत के घाट

**जालौन।** जिले के कुठौंद थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी के प्रेमी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना सुरावली गांव की है। मृतक की पहचान संदीप (36) के रूप में हुई है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, संदीप का पवन की पत्नी माधुरी से पिछले चार वर्षों से अवैध संबंध था। शनिवार देर शाम माधुरी ने संदीप को अपने घर बुलाया। पवन ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। गुस्से में पवन ने संदीप पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शोर सुनकर पवन का भाई राम जी भी वहां आ गया और उसने भी संदीप पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल संदीप को परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौंद ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसे उरई रेफर कर दिया। उरई पहुंचने पर संदीप की मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि अवैध संबंधों के कारण हत्या हुई है। पुलिस आरोपी की तलाश में हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-7

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-1-3-5

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभ समाचारें मिलेगें। शुभांक-3-5-6

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-4-8

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगा। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-1-4-6

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

## बच्ची से बलात्कार का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**एजेंसी। लखनऊ**

पुलिस ने लखनऊ के विभूतिखंड थाना क्षेत्र में सात साल की एक बच्ची से बलात्कार करने के आरोपी को शनिवार देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) शशांक सिंह ने कहा, ''बच्ची से बलात्कार के आरोपी मोहम्मद सरजू के बारे में पुलिस को सूचना मिली थी कि वह वारदात को अंजाम देने के बाद लखनऊ से भागने की फिराक में है। इस पर विभूतिखंड थाने की पुलिस ने उसका पीछा किया और हैनीमैन चौराहे पर उसे रोकने की कोशिश की।''सिंह ने कहा कि रोके जाने पर सरजू ने पुलिस पर गोली चला दी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आत्मरक्षा में आरोपी पर गोली चलाई जो उसके पैर में लगी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।



राजधानी लखनऊ में शनिवार को सात वर्षीय बच्ची के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले आरोपी ने कथित तौर पर बलात्कार किया था। सहायक पुलिस आयुक्त राधा रमण सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा था, ''रेलवे क्रॉसिंग के पास रहने वाली बच्ची को शनिवार दोपहर उसी इलाके का एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया और एक सुनसान जगह पर उसके साथ बलात्कार किया। उसके माता-पिता उसे पास के अस्पताल ले गए जहां से उसे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया गया।

## डेढ़ साल के बेटे के साथ महिला ने अग्निस्नान कर लिया

**एजेंसी**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के झांसी से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। पारिवारिक कलह के चलते विवाहित महिला ने दुस्साहसिक कदम उठाया. महिला ने डेढ़ साल के मासूम बेटे के साथ अग्निस्नान क़र लिया जिससे माँ-बेटे की दर्दनाक मौत हो गयी। महिला के मायके पक्ष के लोगों ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू क़र दी है। साथ ही पति व सास -ससुर को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार लहचूरा थाना क्षेत्र के बरुआमाफ गांव के कौशल कुशवाहा की 25 वर्षीय पत्नी पूजा सुबह खाना बना रही थी, तभी किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गयी। इस बात से नाराज होकर उसने गुस्से में आकर डेढ़ साल के बेटे को साथ लेकर अपने ऊपर घर में रखा डीजल डाल लिया और आग लगा ली। घर से धुआँ व चीखें उठते देख लोग बचाने के लिए दौड़े। मगर ज़ब तक आग बुझा पाते तब तक माँ बेटे की जलकर मृत्यु हो चुकी थी।

## मीडिया की भूमिका और प्रासंगिकता को कम नहीं किया जा सकता : सीएम योगी

**एजेंसी**

**गोरखपुर।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया को मान्यता दी गयी है। मीडिया ही लोकतंत्र के प्रति सजग प्रहरी के रूप में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित कर अन्य तीन स्तंभों को किसी न किसी रूप में झकझोरती है। किन्ही कारणों से छूटे हुए मुद्दों को सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत कर जन सरोकार से जोड़ती है। मीडिया की भूमिका पूरी दुनिया में समय-समय पर अलग-अलग रूप में देखने को मिली है। गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का केंद्र बिंदु है। ऐसे में गोरखुपर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यहां नई कार्यकारिणी का निर्णय आस-पास के जनपदों और संस्थानों पर पड़ेगा। इसे ध्यान में रखकर नई कार्यकारिणी को जन सरोकारों से जुड़ करके संवेदनशील बनना होगा तभी नई कार्यकारिणी की भूमिका महत्वपूर्ण और प्रासंगिक होगी।

कार्यक्रम के दौरान महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे और बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में कई ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं, जिन्होंने अपने करियर को मीडिया के जरिये आगे बढ़ाने का काम किया था। देश के स्वाधीनता आंदोलन में उन्होंने पत्रकारिता के रूप में अपनी अहम भूमिका निभायी थी।

### समस्याओं का निदान कराएं पीड़ितों को न्याय दिलाएं: मुख्यमंत्री



मंदिर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान 150 से अधिक लोग पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 'सबका विश्वास, सबका विकास' के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का निदान कराएं और पीड़ितों को न्याय दिलाएं।

## बिहार में पलायन और बेरोजगारी एक गंभीर समस्या : कृष्णा अल्लावरू

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलो ने तैयारी शुरू कर दी है। पदयात्रा को लेकर मोतिहारी में पहुंचे कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह का रविवार को पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ई. शशि भूषण राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया।इस मौके पर मोतिहारी स्थित डाक बंगला में एक प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया,जिसे संबोधित करते हुए कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू व प्रदेश अध्यक्ष डा.अखिलेश प्र.सिंह ने कहा कि राज्य में युवाओं की स्थिति चिंताजनक है।पलायन और बेरोजगारी बिहार की स्थिति को जर्जर बना रख दिया है। कांग्रेस पदयात्रा के माध्यम से पलायन और रोजगार जैसे मुद्दे पर युवाओं जागरूक करना चाह रही है।

## सेंट्रल बैंकिंग, लंदन ने आरबीआई को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवार्ड के लिए चुना

### पीएम मोदी ने कहा- सराहनीय उपलब्धि



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

यूनाइटेड किंगडम (यूके) के लंदन स्थित सेंट्रल बैंकिंग की ओर से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अवार्ड 2025 के लिए चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आरबीआई की पोस्ट को कोट करते हुए लिखा कि यह सराहनीय उपलब्धि है, जो शासन में इनोवेशन और दक्षता को दिखाती है। उन्होंने आगे लिखा कि डिजिटल इनोवेशन भारत के डिजिटल इकोसिस्टम को मजबूत बना रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों का जीवन सशक्त हो रहा है। आरबीआई को 'प्रवाह' और 'सारथी' नामक अपनी डिजिटल पहलों के लिए सम्मानित किया गया, जिन्हें केंद्रीय बैंक की इन-हाउस डेवलपर टीम द्वारा विकसित किया गया था। पुरस्कार समिति ने स्वीकार किया कि कैसे इन डिजिटल पहलों ने कागज-आधारित सबमिशन के उपयोग को कम कर दिया है, जिससे आरबीआई की आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाओं में बदलाव आया है।

### एक्शन में दिल्ली सरकार

## सीएम बोलीं, जनता को जलभराव से मिलेगी राहत योजना की जा रही तैयार



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दिल्ली की नई सरकार ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सक्रियता दिखाते हुए अहम कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आज राजधानी में ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, "हम केवल दफ्तरों में बैठकर फैसले नहीं कर रहे, बल्कि खुद ग्राउंड पर उतरकर स्थिति का आकलन कर रहे हैं। दिल्ली की जनता को जलभराव से राहत मिले, इसके लिए पूरी योजना तैयार की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कई इलाकों में ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह अव्यवस्थित है। जहां बड़े चैंबर होने चाहिए थे, वहां वे नहीं बनाए गए। कई जगहों पर ड्रेनेज की गहराई और चौड़ाई पर्याप्त नहीं है, जिससे पानी की निकासी प्रभावित हो रही है।

# केंद्र व राज्य सरकारों के वकील पैनल में होनी चाहिए 30% महिला वकील : जस्टिस नागरत्ना

**ब्यूरो**



- यह नहीं होने से न्यायपालिका में लैंगिक असमानता पैदा हुई है
- पुरुष वकीलों को 45 वर्ष से कम आयु होने पर हाईकोर्ट में जज भी नियुक्त किया जा सकता है, तो सक्षम महिला अधिवक्ताओं को क्यों नहीं?

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने केंद्र व राज्य सरकारों के वकील पैनल में 30 प्रतिशत महिला वकीलों को शामिल करने की अपील की है। नागरत्ना ने कहा कि वकालत आदि कानूनी सलाहकार भूमिकाओं में महिलाओं का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने के कारण न्यायपालिका में लैंगिक असमानता पैदा हुई है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हाईकोर्ट में सक्षम महिला अधिवक्ताओं की पदोन्नति बेंच में अधिक विविधता लाने का एक अहम समाधान हो सकता है। जस्टिस नागरत्ना ने सवाल उठाया कि यदि पुरुष अधिवक्ताओं को 45 वर्ष से कम आयु होने पर हाईकोर्ट में जज भी नियुक्त किया जा सकता है, तो सक्षम महिला अधिवक्ताओं को क्यों नहीं? नागरत्ना ने कहा कि सफलता के लिए कोई ऐसा गुण नहीं है जो केवल पुरुषों के लिए हो और महिलाओं में न हो। युवा महिलाओं के पास ऐसे रोल मॉडल व मार्गदर्शकों का अभाव है , जो उन्हें कानूनी पेशे में आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित और मदद कर सकें। शीर्ष अदालत की जस्टिस ने जोर दिया कि कानूनी पेशे में महिलाओं की प्रगति केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों से नहीं बल्कि प्रणालीगत बाधाओं को तोड़ने के सामूहिक प्रयासों से जुड़ी है। कांच की छत को तोड़ने के लिए पारंपरिक लिंग भूमिकाओं और गुणों को चुनौती देने की आवश्यकता है।नागरत्ना ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा सर्वोपरि है और कार्यबल में उनकी निरंतर भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। जब लड़कियां शिक्षित होती हैं, तो वे बड़े सपने देखने, अपने जुनून को पूरा करने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सशक्त होती हैं। उन्होंने करियर और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन बनाते समय महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते कहा कि शादी का इरादा रखने वाली महिलाओं को मातृत्व दुविधा बल्कि 'पति दुविधा' में रहती हैं, ये ऐसे प्रश्न हैं जिन पर हमें आधुनिक समाज के रूप में विचार-विमर्श करना चाहिए और उन पर लगातार कार्य करना चाहिए।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि जहां तक कानूनी पेशे का सवाल है, केंद्र या राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व करने वाले कम से कम 30 प्रतिशत विधि अधिकारी महिलाएं होनी चाहिए। इसके अलावा, सभी सार्वजनिक क्षेत्रों के विधिक सलाहकारों के पैनल में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं होनी चाहिए, इसी तरह सभी राज्य संस्थाओं और एजेंसियों में भी। इसके अलावा, उच्च न्यायालयों में सक्षम महिला अधिवक्ताओं की पदोन्नति बेंच में अधिक विविधता लाने का एक समाधान है।नागरत्ना 'ब्रेकिंग द ग्लास सीलिंगः विमेन हू मेड इट ' विषय पर आयोजित सेमिनार में बोल रही थीं। मुंबई विश्वविद्यालय और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित यह सेमिनार भारत की पहली महिला वकील कॉर्नेलिया सोराबजी की शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था।उन्होंने ने उन महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला जिन्होंने पेशेवर बाधाओं को पार किया है। उन्होंने सोराबजी की उपलब्धियों, विशेषकर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से सिविल लॉ में स्नातक की डिग्री पूरी करने की चर्चा की, जिससे वह ऐसा करने वाली पहली महिला बन गईं। सोराबजी कानून की प्रैक्टिस करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं और उन्होंने कमजोर महिलाओं और बच्चों की सहायता के लिए अपनी कानूनी विशेषज्ञता का उपयोग किया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि कॉर्नेलिया सोराबजी ने अपनी शिक्षा का उपयोग महिलाओं के एक कमजोर वर्ग – पर्दानशीन महिलाओं – के हितों की वकालत करने और उनकी रक्षा करने के लिए कोर्ट ऑफ वाड्र्स में उनके प्रतिनिधि के रूप में किया।

## नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ मामले में सस्पेंड अफसरों को मिली नई जिम्मेदारी

- 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की हुई थी मौत

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** कुंभ के दौरान नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को ट्रेन में चढ़ने के लिए भगदड़ मच गई थी। जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में जब सरकार व रेलवे प्रशासन के काम काज की आलोचना होने लगी तो पांच अधिकारियों को 4 मार्च को पदों से हटाया गया था। लेकिन सब कुछ ठंडा होने पर अब इनमें से दो अधिकारियों महेश यादव व आनंद मोहन को उत्तर रेलवे मुख्यालय में नई पोस्टिंग दे दी गई। स्टेशन निदेशक के पद से हटाए गए महेश यादव को उत्तरी रेलवे मुख्यालय में फ्रेट ऑपरेशन इनफार्मेशन सिस्टम के लिए डिप्टी चीफ ऑपरेशन मैनेजर के पद पर नियुक्त किया गया है। दूसरे अधिकारी आनंद मोहन को सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर के पद से हटाया गया था, जिनको अब डिप्टी चीफ ऑपरेशन मैनेजर ऑफ कोचिंग के पद पर नई नियुक्ति दी गई है ।दो अन्य अधिकारी, मंडलीय रेलवे प्रबंधक सुखविंदर सिंह और सहायक मंडलीय रेलवे प्रबंधक विक्रम सिंह राणा को अभी नए पद नहीं मिले हैं। वहीं पांचवें अधिकारी महेश चंद सैनी रेलवे पुलिस फोर्स के असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर के पद से हटाया गया था। उन्हें कोटा भेजा गया है। चर्चा है कि जिन लोगों की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ उनकी जवाबदेही तय करने के लिए हाई लेवल की जांच जारी है। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने कहा, 'लापरवाही के दोषी अधिकारियों का तबादला भर नहीं किया जाएगा। उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।'मालूम हो कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ के कारण 10महिलाओं व 3 बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई।

यह घटना उस समय हुई जब हजारों लोग महाकुंभ मेले में भाग लेने के लिए ट्रेन पकड़ने का इंतजार कर रहे थे। रेलवे ने 33 पीड़ितों या उनके परिवार के सदस्यों को 2.01 करोड़ रुपये की राशि भी दी है। लोकसभा में बोलते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की भी सूचना मिली है। मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं।' इस मामले में हर एक मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.50 लाख रुपये व मामूली रूप से घायल लोगों को 1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी गई है। कुल मिलाकर 33 पीड़ितों या उनके परिवार के सदस्यों को कुल 2.01 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

## मस्क के स्टारलिंक को हर सुविधा देने को भारत सरकार तैयार

**ब्यूरो**




- बिल गेट्स सहित कई अमेरिकी उद्योगपति, मंत्री, अफसर आएंगे भारत

**नई दिल्ली।** हाल ही में जियो व एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स की स्टारलिंक सैटेलाइट सेवा के लिए साझेदारी की है, जिसके तहत भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा लॉन्च की जाएगी। इस साझेदारी की घोषणा के एक दिन बाद आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट करके स्टारलिंक के साथ इस साझेदारी का स्वागत किया। उन्होंने लिखा, "Starlink, welcome to India !" हालांकि उसके कुछ समय बाद मंत्री ने यह ट्वीट डिलीट कर दिया। वैष्णव ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा था कि "यह सेवा दूरस्थ रेलवे परियोजनाओं के लिए उपयोगी होगी।" सवाल है कि यह स्टारलिंक है क्या? पहले तो यह जान लें कि उसके मालिक दुनिया के सबसे धनी अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क हैं । जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फ़िलहाल अति विश्वासपात्र हैं। इस मस्क की कंपनी है SpaceX , जो स्टारलिंक के नाम से सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा देती है, जो तेज गति का ब्रॉडबैंड कनेक्शन प्रदान करती है। यह पारंपरिक फाइबर केबल पर निर्भर नहीं रहती, जिससे यह सेवा दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों तक भी आसानी से पहुंच सकती है। और यह प्राकृतिक आपदाओं व खराब मौसम में भी स्थिर कनेक्टिविटी बनाए रख सकती है। स्पेस एक्स को भारत में स्टारलिंक सेवा शुरू करने के लिए अभी सरकारी मंजूरी का इंतजार है, लेकिन अब जब आईटी मंत्री ने पोस्ट किया है, तो लगता है कि ट्रंप के दबाव में मस्क के महंगी कार टेक्सला से लगायत इनके स्टारलिंक तक की महंगी सेवा उनकी शर्तों पर भारत सरकार अपने यहां लाने को मजबूर हो गई है। हो सकता है यह मंजूरी जल्द मिल जाए , लेकिन इसको लेकर अंदर कुछ ऐसा चल रहा है जिसका संकेत मंत्री का पोस्ट डिलीट होना कर रहा है। वैसे तो भारत अब तक सैटेलाइट आधारित कनेक्टिविटी को लेकर सतर्क रहा है और सैटेलाइट फोनों के उपयोग को सख्ती से नियंत्रित करता है। इससे पहले, एलन मस्क कई बार स्टारलिंक के लिए मंजूरी लेने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली। लेकिन अब ट्रम्प के दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने से हालात पूरी तरह बदल गए हैं। मस्क अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के (अनौपचारिक) हिस्से बन गए हैं, जिसके कारण भारतीय सरकार का रुख भी उनके प्रति नरम पड़ गया है। पीएम अमेरिकी दौरे पर गये थे तो कैसे मस्क के बच्चों तक को गिफ्ट लेकर गए थे, उनसे मिले , उस समय उनका पूरा मंत्रियों का भारी भरकम अमला भी साथ था।

ट्रम्प द्वारा भारत सरकार पर मस्क के कार टेस्ला सहित अन्य अमेरिकी उत्पादों पर बहुत ज्यादा आयात शुल्क लगाने को लेकर जैसे को तैसा करने का बयान देने के बाद भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक कारों पर आयात शुल्क में किया गया बदलाव भी टेस्ला लिए अनुकूल साबित हुआ है।अब भारत सरकार इसी तरह मस्क के स्टारलिंक के लिए कुछ लाभ वाला करने जा रही है? इसके अलावा अन्य व्यावसायिक मुद्दों पर भी अमेरिका से उसके अनुसार क्या हो सकता है इसके लिए बिल गेट्स सहित कई अमेरिकी उद्योगपति व अफसर व मंत्री 15 मार्च से भारत आ रहे हैं। इस तरह से 15 मार्च से 28 मार्च के बीच बहुत कुछ होने की संभावना है।



## अंतरिक्ष से सुनीता विलियम्स की जल्द होगी पृथ्वी पर वापसी

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)** । नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन इस समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच चुका है। फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा भेजे गए ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए क्रू-10 के अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पहुंचे। सफल डॉकिंग के बाद, जब हैच खुला, तो अंतरिक्ष यात्रियों की मुलाकात भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मर से हुई। हैच खुलते ही सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर ने रविवार को आए सभी अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाया।



## उत्तरी मैसेडोनिया के नाइटक्लब में भीषण आग 50 लोगों की मौत, पीएम मिकोस्की ने जताया दुख

**स्कोप्जे (आईएएनएस)**

उत्तरी मैसेडोनिया के कोकानी में एक नाइटक्लब में भीषण आग लग गई। आग में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। देश के प्रधानमंत्री ने इस दुखद घटना पर अफसोस जताते हुए लोगों से इस दुख की घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने की अपील की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि नाइटक्लब में एक कॉन्सर्ट के दौरान लगभग 1,500 लोग मौजूद थे, जब अचानक आग लग गई। आग तेजी से छत और बिल्डिंग के अन्य हिस्सों में फैल गई, जिससे पूरा नाइटक्लब जलकर राख हो गया। आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ के कारण भी कई लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मृतकों और घायलों की संख्या का अभी भी आकलन किया जा रहा है। बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद है और राहत कार्य जारी है। इस घटना पर उत्तरी मैसेडोनिया के प्रधानमंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "गहरे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मुझे कोकानी में हुई भयानक त्रासदी की खबर मिली।


## होली में अभिनेत्री से हुई छेड़छाड़ मामला दर्ज

### एक्ट्रेस ने को-स्टार के खिलाफ शिकायत दर्ज की

सिनेमा जगत में होली की पार्टी काफी शानदार रही है। बॉलीवुड से लेकर टीवी इंडस्ट्री की होली पार्टी धूमधाम से मनाई गई है। दरअसल, अधिकारियों ने रविवार को बताया कि एक टेलीविजन एक्ट्रेस ने मुंबई के जोगेश्वरी में होली पार्टी के दौरान अपने को-स्टार के खिलाफ कथित उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। घटना अभिनेत्री की कंपनी द्वारा आयोजित एक होली पार्टी में हुई, जहां आरोपी एक्टर ने कथित तौर पर अभिनेत्री के बार-बार विरोध करने के बावजूद उस पर जबरदस्ती रंग लगाया।




29 वर्षीय अभिनेत्री, जिन्होंने कई टीवी धारावाहिकों में काम किया है और वर्तमान में एक मनोरंजन चैनल से जुड़ी हैं, ने पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि 30 वर्षीय सह-अभिनेता, जो पार्टी में मौजूद था, नशे में था और उसने उनके तथा कार्यक्रम में मौजूद अन्य महिलाओं के साथ अनुचित व्यवहार किया। अभिनेत्री की शिकायत के अनुसार, उसने आरोपी से सक्रिय रूप से बचने की कोशिश की, यहाँ तक कि वह दूर जाकर एक स्टॉल के पीछे छिप गई। हालांकि, अभिनेता ने कथित तौर पर उसका पीछा किया और उसकी इच्छा के विरुद्ध रंग लगाने के लिए उसके चेहरे को ज़बरदस्ती पकड़ा। उसने आगे दावा किया कि उसने अनुचित तरीके से आगे बढ़ते हुए कहा, "मैं तुमसे प्यार करता हूं, देखते हैं मुझे तुम्हारे पास आने से कौन रोक सकता है। इस घटना से व्यथित और सदमे में, अभिनेत्री तुरंत अपने आप को संभालने के लिए वॉशरुम में भाग गई। बाद में, उसने अपने दोस्तों को इस घटना के बारे में बताया। 29 वर्षीय अभिनेत्री के दोस्तों ने आरोपी का सामना किया, लेकिन स्थिति हाथापाई में बदल गई। इसके बाद, अभिनेत्री अपने दोस्तों के साथ निकटतम पुलिस स्टेशन गई और सह-अभिनेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 75(1)(i) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। आगे की जांच जारी है।

# घोड़थंबा घटना में दर्ज एफआइआर तुष्टिकरण से प्रभावित : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने राज्य सरकार को हिंदू विरोधी बताते हुए कहा कि उनकी आशंका सही साबित हुई। कहा कि उन्होंने कल आशंका व्यक्त की थी कि होली के दिन गिरिडीह के घोड़थंबा में हुई हिंसा मामले में प्रशासन उपद्रवियों का बचाव करते हुए मामले को संतुलित दिखाने के लिए पीड़ित हिंदू पक्ष पर कारवाई कर सकती है। कहा कि अब इस मामले में दर्ज एफआईआर को देखने से ऐसा लगता है जैसे यह कोई शिकायतवाद नहीं, बल्कि हिंदुओं पर हुए हमले का एक पूर्व नियोजित खाका हो।

कहा कि एफआइआर में जिस प्रकार से घटना को वर्णित किया गया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस-झामुमो के शासन में हिंदुओं ने होली मनाकर कोई अपराध कर दिया है। यदि हिंदू अपना त्योहार मनाएंगे तो उनपर बोतल बम और पत्थर से हमला होगा, फिर उसके बाद घटना का दोषी बताते हुए उनपर ही मुकदमा भी दर्ज होगा।

कहा कि यह एफआइआर पूरी तरह तुष्टिकरण से प्रभावित लगती है, जिसमें हेमंत सरकार की हिंदूविरोधी मानसिकता स्पष्ट नजर आती है। सिर्फ पीड़ित हिंदू पक्ष को कटघरे में खड़ा कर उन्हें ही दोषी ठहराए जाने की सुनियोजित साजिश रची गई है। घटना के असली गुनहगारों को बचाने की पटकथा (एफआइआर)लिखकर सरकार ने उपद्रवियों का मनोबल बढ़ाने और भविष्य में हिंदुओं के ऊपर ऐसे ही हिंसक हमले करने के लिए प्रेरित किया है।

## गिरिडीह की घटना में सांप्रदायिकता का जहर घोल रही भाजपा : कांग्रेस



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि गिरिडीह की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन बाबूलाल झारखंड में किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सांप्रदायिक चश्मे से देखते हैं। हर घटना में सांप्रदायिकता का जहर घोलकर लोगों के बीच नफरत फैला कर भाजपा की जड़ें मजबूत करना चाहते हैं। इसमें वह सफल नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें इससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरिडीह में हुई घटना को उपद्रवियों द्वारा अंजाम दी गई थी। इसे किसी भी धर्म या समुदाय विशेष से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। घटना में जो लोग शामिल थे, उनके खिलाफ कार्रवाई पर बल देना चाहिए। इसके विपरीत बाबूलाल मरांडी एक विशेष नजरिए के तहत सामाजिक वैमस्यता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे राज्य में अशांति का वातावरण बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन घटना के तुरंत बाद प्रशासन ने तेजी के साथ घटना के दोषियों पर कार्रवाई करते हुए किसी अनहोनी को टाल दिया। उससे इनकी दंगाई सोच धरी रह गई। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी जिस प्राथमिकी का हवाला दे रहे हैं, उन्हें उसे पूरी तरह से पढ़ना चाहिए। प्राथमिक में किसी वर्ग, धर्म और समुदाय विशेष के लोगों को निशाना नहीं बनाकर घटनास्थल के साक्ष्यों के आधार पर उन तमाम लोगों पर कार्रवाई के बारे में घटनास्थल पर उपस्थित पदाधिकारी ने शिकायत दर्ज कराई है। इनके बारे में प्रमाण और जानकारी मिली। सरकार जांच कर दोषियों को सजा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

## धर्म-जाति में बांटने की भाजपा की साजिश सफल नहीं होगी : विनोद पांडेय



होली के दिन 14 मार्च को गिरिडीह में हुई हिंसक घटना को लेकर झामुमो के महासचिव व प्रवक्ता विनोद पांडेय ने एक प्रेस बयान जारी कर दावा किया है कि हेमंत सोरेन की सरकार के रहते झारखंड को धर्म व जाति के नाम पर बांटने की साजिश सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा है कि गिरिडीह में उपद्रव और हिंसा फैलाने की साजिश को जिला प्रशासन ने नाकाम कर दिया। प्रशासन ने पूरी तत्परता से कार्रवाई कर समाज में नफरत फैलाने वालों के मंसूबे को नाकाम कर दिया। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह और उनकी पार्टी भाजपा हर घटना पर राजनीतिक रोटी सेंकना चाहते हैं। बाबूलाल मरांडी के बयानों से भाजपा का राजनीतिक चरित्र उजागर हो रहा है। भाजपा को राज्य में अमन-चैन पसंद नहीं है। लेकिन उन्हें यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार है। भोली-भाली जनता को उकसाने का प्रयास कभी सफल नहीं होगा। विनोद पांडेय ने कहा है कि भाजपा के लोग जनता को उकसाने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ लोग प्रशासन पर दबाव बनाना चाहते हैं। इस प्रकार की सांप्रदायिक मानसिकता रखने वालों के खिलाफ प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को धर्म, जाति, समुदाय में बांट कर विद्वेष फैलाने के लिए साजिश रचने से बाज आने वाली नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जनता के विकास और उन्नति के लिए भाजपा नेताओं के पास कोई सकारात्मक सोच नहीं है। भाजपा हर मामले को सांप्रदायिक चश्मे से देखती है। चुनाव में जनता ने इनका सूपड़ा साफ कर दिया।

पूर्व सीएम रघुवर दास ने परिवार संग देवघर में बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की

# भाजपा शासन में दंगा फसाद करने की हिम्मत किसी को नहीं थी : रघुवर



नवीन मेल संवाददाता

**देवघर।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रविवार को पूरे परिवार के साथ देवघर में बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। पूजा करने के बाद उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने होली के दौरान गिरिडीह में हुई हिंसक झड़प को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में किसी की हिम्मत नहीं थी कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन पार्ट-2 में दंगे हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन पार्ट-1 में भी रांची और लोहरदगा में दंगे हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण राज्य में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है।

दास ने कहा कि जब-जब कांग्रेस-झामुमो और राजद की सरकार बनती है, तब-तब सांप्रदायिक तनाव बढ़ता है। सरकार से अपील है कि वह ऐसे उपद्रवियों को चिह्नित करे और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में जिस तरह की स्थिति बनती है यह तुष्टिकरण की राजनीति है। वोट बैंक की राजनीति है। इसी वजह से राज्य में हिंदुओं पर अत्याचार होते हैं। सरकार यदि इस तरह से राजनीति करेगी तो भाजपा इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।

## न्यूज | बॉक्स

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की, उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। चर्चा के दौरान प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों, विकास कार्यों और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को प्रगति के नए आयाम देने के लिए उन्होंने संकल्प व्यक्त किया।

### संजय सेठ ने होली पर राजनाथ सिंह से लिया आशीर्वाद



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने होली पर नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर जाकर उन्हें होली की बधाई दी और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने सैनिकों के साथ खेली होली



**रांची।** सैन्य परिवार के साथ उत्सव मनाने की वर्षों पुरानी परंपरा के निर्वहन करते हुए होलिकोत्सव पर मेरठ छावनी में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सैनिकों के साथ रंगों का त्योहार मनाया। अबीर गुलाल लगाकर खुशियां बांटा। उनके परिवार को होली की शुभकामनाएं दी।

### जदयू नेता संजय सिन्हा 'नागमणि' का निधन, कई लोगों ने जताया शोक

**रांची।** जदयू के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा उर्फ नागमणि का शनिवार को निधन हो गया। पार्टी प्रवक्ता सागर कुमार ने यह जानकारी रविवार को प्रेस बयान जारी कर दी। उन्होंने बताया है कि विगत दिनों फेफड़े में संक्रमण (निमोनिया) की शिकायत के बाद से संजय सिन्हा का रिम्स में इलाज चल रहा था। नागमणि के निधन पर प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, विधायक सरयू राय एवं अन्य नेताओं ने शोक प्रकट किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि जदयू के स्थापना काल से ही वे पार्टी में रहे। वे एक जुझारू नेता थे। उनके निधन से संगठन को अपूर्णीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक सुधा चौधरी, कामेश्वर दास, जदयू नेता डॉ आफताब जमील, धर्मेंद्र तिवारी, श्रवण कुमार, पीएन सिंह, भगवान सिंह, सागर कुमार, सोमेन दत्ता, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, लालचन महतो, रेणु पन्नीकर, आशा शर्मा, आशीष शीतल मुंडा, अखिलेश राय, रत्ना शर्मा पिंटू सिंह आदि शामिल रहें।

### जेल अदालत में तीन बंदी हुए रिहा



**रांची।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, मनोज कुमार इंदवार थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में संसीमित 07 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। 03 बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया, जिसमें अजीत कुमार महतो, शंकर तिर्की एवं विशाल पुरकायत है। जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर सार्थक शर्मा, प्रशांत गुप्ता, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, विजय यादव, बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार के कारापाल, काराकर्मी, अधिवक्ता, न्यायालयकर्मी एवं बंदी उपस्थित थे।

# संगठन को मजबूत करना है उद्देश्य : मुस्ताक आलम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली द्वारा संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता और सिल्ली विधायक अमित महतो के उपस्थिति मे रांची जिला के सोनाहातु प्रखंड समिति के गठन के लिए बैठक राधा रानी मैदान, बाकू हारिन सोनाहातु में हुई।

बैठक मे सर्वसम्मति से चुनाव द्वारा सोनाहातु प्रखंड अध्यक्ष के लिए राजू सिंह मुंडा एवं सचिव छोटू सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष के लिए कृति महतो, सुखदेव यादव, प्यारेलाल रविदास और कोषाध्यक्ष के लिए भुवनेश्वर सिंह मुंडा का चयन किया गया। नवगठित प्रखंड समिति की अनुशंसा करते हुए जिला संयोजक मंडली उसे अनुमोदन के लिए केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजेगी।

नवगठित प्रखंड समिति के चयनित सभी पदाधिकारियों को जिला संयोजक मंडली के सदस्यों और सिल्ली विधायक अमित महतो के द्वारा बधाई और शुभकामनाएं दी गई। साथ ही निर्देश दिया गया कि नव चयनित पदाधिकारी पंचायतों का गठन केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय समय सीमा मे करते हुए जिला संयोजक मंडली को सूचित करेंगे।

इस अवसर पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा आज के इस बैठक मे प्रखंड और पंचायतों से आए हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं का मै जिला संयोजक मंडली की ओर से अभिनंदन करता हूं। झारखंड मुक्ति मोर्चा का हर तीन वर्षों मे सांगठनिक प्रक्रिया के तहत समितियों का गठन होता है और केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर रांची जिला संयोजक मंडली का जिले के सभी प्रखंडों का दौरा चल रहा है। इसी क्रम में सोनाहातु प्रखंड मे बैठक हुई। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य संगठन को गांवों से शहर तक मजबूत करने का है। पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा 5 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। हमे रांची जिला में संगठन को मजबूत करना है।

बैठक में मुख्य रूप से झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, संध्या गुड़िया, झब्बूलाल महतो एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, बीरू साहू, पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, वरिष्ठ नेता मंटू लाला, पूर्व महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, पूर्व किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, पूर्व युवा मोर्चा जिला संयुक्त सचिव महताब अंसारी, पूर्व नामकुम प्रखंड उपाध्यक्ष साहिल यादव, राजकुमारी टोपनो, सुषमा खलखो, राकेश, हरीश महतो, अबुतालिब अंसारी, मो हफीज, पूर्व सोनाहातु प्रखंड अध्यक्ष हलधर महतो के साथ प्रखंड व पंचायतों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# 26 को पहुंचेंगे कांग्रेस प्रभारी राजू 100 दिनों का देंगे सांगठनिक टास्क

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू पांच दिनों के झारखंड दौरा पर 26 मार्च को रांची पहुंचेंगे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक होगी। पार्टी नेता आलोक दुबे ने बताया कि आने वाले 100 दिनों के लिए सांगठनिक कामकाज का खाका तैयार होगा। पार्टी पदाधिकारियों को विशेष कार्य भार दिये जायेंगे। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का खाका तैयार होगा। इस संबंध में प्रभारी श्री राजू ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को पत्र भेज कर बैठक की विस्तृत जानकारी दी है। बैठक से संबंधित रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। प्रभारी ने पार्टी को मजबूत करने के लिए लंबी अवधि की रणनीति तैयार करने की बात कही है। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिक संगठनों से विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद कार्य योजना तैयार होगी। प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलेश ने बताया कि 26 मार्च को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिवों के साथ चर्चा करेंगे। दोपहर प्रदेश कांग्रेस सचिवों के साथ बैठक होगी।

27 मार्च को एसटी-एससी, ओबीसी मोर्चाऔर अल्पसंख्यक विभाग के राज्य समिति के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआइ और श्रमिक संगठनों के सदस्यों से चर्चा होगी। 28 मार्च को कांग्रेस के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व मंत्रियों और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों के साथ अहम बैठक होगी। 29 मार्च को प्रभारी श्री राजू अलग-अलग नागरिक-सामाजिक संगठनों के साथ दो चरणों में बैठक कर भावी कार्य योजना पर चर्चा करेंगे। 30 मार्च को लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुके कांग्रेस प्रत्याशियों से मुलाकात करेंगे।

# सैनिक की पिटाई को लेकर पूर्व सैनिक राज्यपाल से मिलेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य के पूर्व सैनिकों के संगठन वेटन आर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड ने सैनिक हवलदार सूरज राय की पिटाई का विरोध किया है। संगठन ने कहा कि वह इस घटना की घोर निंदा करता है और इस घटना में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करता है। जल्द ही संगठन राज्यपाल से मिलेगा। संघ के प्रवक्ता संजीत सिंह ने कहा है कि सैनिक राय छुट्टी मनाने घर आए हुए थे। 14 मार्च को जुगसलाई थाना के चालक के साथ कुछ बातों को लेकर बक झक हुई। उसके बाद राय को थाना में लाकर बुरी तरह से पीटा गया। जबकि नियम कहता है जब कोई सैनिक गलत व्यवहार करता है तो पहले नजदीक के आर्मी यूनिट में या सेंट्रल मिलिट्री पुलिस को खबर देनी होती है। लेकिन, पुलिस की ओर से ऐसा नहीं किया गया। जो सैनिक देश की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर दिन-रात सीमा पर पहरा देते हैं, उनके साथ इस तरह का बर्बर बर्ताव किया गया।

### गंदा पानी फेंकने का विरोध करने पर मारपीट

**रांची।** चुटिया कृष्णापुरी रोड नंबर दस की रहने वाली उजाला कुमारी और उनके परिवार के सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना शनिवार की है। उजाला कुमारी ने भोला यादव और चंदन यादव समेत अन्य के विरूद्ध चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उजाला ने पुलिस को बताया वह अपने घर के बाहर शनिवार को बैठी हुई थी। इसी दौरान राजेश यादव आया और उन्हें और उनकी सास पर गंदा पानी फेंक दिया। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौज की। कुछ देर बाद भोला व चंदन भी पहुंचा और उनके जेठ शंकर सिंह को डंडे से पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

# हथियार के साथ तीन युवक गिरफ्तार

## बड़ी घटना को अंजाम देने की कर रहे थे साजिश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि एक गिरोह के द्वारा पर्व के समय बड़ी घटना को अंजाम दिया जाएगा। इसी के आधार पर प्रभारी खादगढ़ा टीओपी दिवाकर कुमार और भीम सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया और वाहन चेकिंग किया। इसी क्रम में एक मोटर साईकिल पर बैठे तीन सवार युवकों ने पुलिस को देखते ही तेजी से कांटा टोली चौक से कोकर चौक की ओर भागने लगे। पुलिस बल ने पीछा कर बासुदेव नगर के एक खंडहरगुना कमरे से सभी को पकड़ा। पकड़ने के बाद चेकिंग किया गया तो इन तीनों के पास से अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली तथा चोरी करने की साजिश थी। वहीं, पुलिस ने कार्रवाई की जिसमें पुलिस को सफलता मिली और किसी बड़ी घटना को असफल करने में पुलिस ने कामयाबी हासिल की।

# एसएसपी आवास पर होली उत्सव में फगुआ गीतों से गूंजा आवास



- एसएसपी ने पुलिसकर्मियों के साथ गाए फगुआ गीत
- एसएसपी की पत्नी ने भी फगुआ गाने में दिया पूरा साथ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी में होली का रंग आम लोगों के साथ-साथ पुलिस वालों पर भी पूरी तरह से छाया रहा है। शनिवार को रांची एसएसपी, सह डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा की आवाज पर फागुन का रंग छाया रहा। एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने फगुआ गीत गाया। फगुआ गाने के दौरान रांची ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, हेड क्वार्टर डीएसपी अमर पांडेय, पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने एसएसपी का साथ दिया। एसएसपी आवास के होली में एक तरफ जहां सभी पुलिसकर्मी मौजूद थे, वही दूसरी तरफ एसएसपी का पूरा परिवार भी मौजूद था। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की आईएएस पत्नी कंचन सिंह ने भी जमकर होली खेली और फगुआ गाकर पति का भरपूर साथ दिया। वहीं, इससे पहले शनिवार सुबह से ही रांची एसएसपी के आवास पर सभी थानेदार, पुलिसकर्मियों का आना लग रहा। सभी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाया और एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी।

### हाईटेंशन टॉवर पर चढ़ा युवक, परेशान रही पुलिस

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के सोदाग पंचायत की कटहल टोली में शराब के नशे में धुत युवक संदीप बांडो रविवार को हाईटेंशन टॉवर के ऊपर चढ़ गया, जिसकी ऊंचाई चार सौ फीट थी। हालांकि, मामले की जानकारी मिलने के बाद तुपुदाना ओपी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की टीम ग्रामीणों की मदद से देर शाम तक उसे उतारने का प्रयास की।

### दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित फोकस रेस्टोरेंट के पास कार दुर्घटना में 70 वर्षीय अर्जुन मालाकार गोबिंदनगर निवासी की मौत हो गई। वहीं कार चला रहा बेटा मनीष कुमार घायल हो गया। घटना 14 मार्च की रात 8:30 बजे की है। बताया जाता है कि अर्जुन मालाकार अपने बेटे के साथ भाई से मिलने धुर्वा गए थे। लौटने के क्रम में रिंग रोड दलादली के पास एक कार (जेएच 01सीयू 1696) ने पीछे से उनकी कार में टक्कर मार दी। जिससे उनकी कार जेएच 01 एआर 8772 पलट गई। टक्कर लगने और कार पलटने से कार का दरवाजा खुल गया और अर्जुन मालाकार कार से फेंका गए। इस संबंध में रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# पत्थर से कूचकर दो युवकों की हत्या, जांच में जुटी पुलिस



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कोतवाली इलाके में युवक की हत्या पत्थर से कूचकर कर दी गई। वहीं चुटिया थाना क्षेत्र में भी दीपक नमक व्यक्ति की हत्या पत्थर से कुछ कर कर दी गई। कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना शुक्रवार की रात की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक का नाम राजा बताया जा रहा है। वहीं, पुलिस जांच में सीसीटीवी में कैद हुई तस्वीरों के सनुसार मृतक का ही साथी पत्थर से मारते हुए नजर आ रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारने वाले की उम्र 15 से 18 वर्ष के बीच की है। पुलिस के पूछताछ में पता चला कि मृतक लोगों से पैसे ले लेकर लौटाया नहीं करता था। वहीं, आरोपी फरार है जिसकी तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही है। वहीं दूसरी घटना चुटिया की है जहां शनिवार की सुबह चुटिया थाना क्षेत्र के बनास तालाब के पास दीपक दुबे नामक युवक की हत्या पत्थर से कूचकर कर दी गई। युवक का शव तालाब के पास मिला। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मृतक की पहचान दीपक नाम के व्यक्ति के रूप में की गई है। जिसके बाद मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक अक्सर नशे में रहता था, और अक्सर बनास तलब के पास जाकर बैठा करता था। वहीं, पुलिस के मुताबिक नशा करने के दौरान हुए विवाद में हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही हैं। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी भी पुलिस खंगाल रही है। ताकि घटना में शामिल अपराधी की पहचान हो सके।

## खेल मंत्री मांडविया ने अहमदाबाद में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का नेतृत्व किया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में पूरे देश में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। साई गांधीनगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 650 साइकिल सवारों ने हिस्सा लिया। इनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गुजरात, अहमदाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य और सांसद हसमुखभाई पटेल और दिनेशभाई मकवाना शामिल थे। इस कार्यक्रम को पैरालंपियन एथलीट भावना चौधरी ने हरी झंडी दिखाई। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा मिला। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक रोहताश चौधरी, जिन्हें "पुश-अप मैन ऑफ इंडिया" के नाम से जाना जाता है, ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

## रूण ने मेदवेदेव को हराकर चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में प्रवेश किया



**इंडियन वेल्स (आईएएनएस)।** होल्गर रूण ने इंडियन वेल्स ओपन में दो बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव को हराकर सेमीफाइनल में अपनी सात मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया और चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में पहुंच गए। 21 वर्षीय डेन ने मेदवेदेव को 7-5, 6-4 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और पिछले साल जनवरी में ब्रिसबेन के बाद से अपने पहले टूर-लेवल फाइनल में पहुंचे। रूण ने कहा, "काम अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह अद्भुत लगता है। टूर पर दानिल के साथ खेलना मेरे लिए सबसे कठिन चुनौतियों में से एक है। मैं पहली बार उसे हराने में कामयाब रहा, लेकिन हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं।

## अवनी 65 का कार्ड खेलकर ऑस्ट्रेलिया में संयुक्त 13वें स्थान पर रहीं



**काफ्स हार्बर (आईएएनएस)।** अवनी प्रशांत ने ऑस्ट्रेलियाई महिला क्लासिक के अंतिम दौर में शानदार 5-अंडर 65 का स्कोर बनाया और लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने पहले सीजन में शीर्ष 15 में जगह बनाई। पहले 72-70 के स्कोर के साथ उनका कुल स्कोर 3-अंडर 207 रहा और वे विजेता मैनन डी रोए से छह शॉट पीछे रहीं, जिन्होंने अंतिम होल में बर्डी करके कारा गेनर को पछाड़कर खिताब अपने नाम किया।

# भारतीय एथलीट विस्पी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## एलन मस्क ने भी शेयर की उनकी उपलब्धि

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय एथलीट विस्पी खराडी ने हरक्यूलिस पिलर को सबसे ज्यादा समय तक होल्ड करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यह रिकॉर्ड तोड़ने वाली उपलब्धि गुजरात के सूरत में हुई, जहां खराडी ने 2 मिनट और 10.75 सेकंड तक विशाल पिलर को पकड़कर अपनी असाधारण ताकत का प्रदर्शन किया। ग्रीक वास्तुकला से प्रेरित ये खंभे 123 इंच ऊंचे थे और इनका व्यास 20.5 इंच था। 166.7 किलोग्राम और 168.9 किलोग्राम वजन वाले इन खंभों ने इंसान की सहनशक्ति और ताकत की सीमाओं को लांघ दिया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने आधिकारिक तौर पर उनकी इस अविश्वसनीय उपलब्धि को मान्यता दी और उसका नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया। खराडी ने इस उपलब्धि के बाद एक्स पर लिखा कि उनके इस कारनामे को तब और पहचान मिली जब टेक अरबपति एलन मस्क ने उनके प्रदर्शन का एक वीडियो फिर से शेयर किया। वीडियो को मूल रूप से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक एक्स अकाउंट द्वारा पोस्ट किया गया था। खराडी ने एक्स पर लिखा, 'यह जानकर वाकई बहुत अच्छा लगा कि एलन मस्क ने मेरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड वीडियो एक्स पर शेयर किया है। मैं बहुत खुश हूं और सातवें आसमान पर हूं। इसके अलावा मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि एक भारतीय की ताकत के क्षेत्र में दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। खराडी की एक्स पर बयां की गई बायो के मुताबिक उनके नाम कई ब्लैक बेल्ट और 13 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड शामिल हैं। फिटनेस विशेषज्ञ होने के अलावा वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कमांडो को निहत्थे युद्ध का प्रशिक्षण देते हैं। उनके पिछले कुछ रिकॉर्ड में एक मिनट में सबसे ज्यादा ड्रिंक कैन को हाथ से कुचलना और अपने सिर से सबसे ज्यादा लोहे की सलाखों को मोड़ना शामिल है।

## स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स : भारत ने 33 पदकों के साथ अभियान का अंत किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 के अंतिम दिन, भारत ने भारतीय एथलीटों के कौशल और दृढ़ संकल्प का असाधारण प्रदर्शन देखा, जिन्होंने चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीते, जिससे उसके कुल पदकों की संख्या 33 हो गई। स्नोशूइंग में, भारत ने पहले जीते गए छह पदकों में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि जहांगीर ने इसी श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया। अल्पाइन स्कीइंग सेगमेंट में भी भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। राधा देवी और निर्मला देवी ने इंटरमीडिएट स्लैलम (क्रमशः एफ01 और एफ 04 श्रेणियों) में रजत पदक जीते, जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस स्लैलम (एम02 श्रेणी) में एक और रजत पदक जीता, जिससे टूर्नामेंट में भारत की सफलता मजबूत हुई। इस उपलब्धि के अलावा, आकृति ने क्रॉस कंट्री स्कीइंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर क्लासिकल टेक्नीक ( एफ 02 श्रेणी) में कांस्य पदक हासिल किया। फ्लोरबॉल स्पर्धा में, भारत की महिला पारंपरिक टीम ने अपनी टीमवर्क और कौशल का प्रदर्शन किया, कांस्य पदक जीतकर स्पेशल ओलंपिक में एक अविश्वसनीय यात्रा का समापन किया। स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने एथलीटों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ता के साथ, वे जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। जीता गया प्रत्येक पदक उनकी कड़ी मेहनत और कोचों, परिवारों और पूरे स्पेशल ओलंपिक भारत परिवार के अटूट समर्थन का प्रमाण है। हमें उनकी उपलब्धियों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है और हम उनकी यात्रा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में उनका समर्थन करना जारी रखेंगे।

## बाला देवी की हैट्रिक से श्रीभूमि एफसी ने सेतु एफसी को हराया



**बैरकपुर।** भारत की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नगांगोम बाला देवी की हैट्रिक की बदौलत मेजबान श्रीभूमि एफसी ने रविवार को बिभूति भूषण स्टेडियम में इंडियन विमेंस लीग 2024-25 में सेतु एफसी को 3-2 से हराकर पूरे अंक हासिल किए। बाला देवी की क्लास और अनुभव का पूरा प्रदर्शन देखने को मिला, क्योंकि इस तेजतर्रार स्ट्राइकर ने 39वें, 49वें (पेनल्टी) और 65वें मिनट में विजेता टीम के लिए गोल किये, जबकि सेतु ने 37वें मिनट में हदीजा नंदगो के जरिए गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। लिशाम बबीना देवी ने 88वें मिनट में मेहमान टीम के लिए एक गोल किया, लेकिन यह मैच का रुख बदलने के लिए काफी नहीं था। इस जीत से श्रीभूमि एफसी के आठ मैचों में 12 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

## खेलकूद भारत में अर्थव्यवस्था और व्यापार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं : राज्य मंत्री जयंत

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**



कौशल विकास और उद्यमिता (एमएसडीई) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने जोर देकर कहा कि खेलों की भूमिका देश में अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और व्यापार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण हो सकती है। चौधरी पादुकोण द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में आरसीबी इनोवेशन लैब इंडियन स्पोर्ट्स समिट के दूसरे दिन बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय खेल सामान बाजार 2020-21 में 3.9 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2027 तक 6.6 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। "खेल सामान निर्माण पहले से ही भारत में 5,00,000 से अधिक लोगों को रोजगार देने वाला एक व्यवहार्य व्यवसाय है। जब आप शिक्षा के पक्ष को देखते हैं, तो आपको इसमें कुछ नए आयाम दिखाई देते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा, "तेलंगाना के पास भी योजनाएँ हैं - उन्होंने एक खेल विश्वविद्यालय बनाने की योजना की घोषणा की है। इससे सेवानिवृत्त खिलाड़ियों और कोचों के लिए अवसर और नौकरियां पैदा होंगी। खेल विश्लेषण और विज्ञान के लिए आईआईटी मद्रास में पहले से ही उत्कृष्टता केंद्र है। वहां बहुत सारे हरे-भरे किनारे हैं, बहुत सारे रोजगार के अवसर हैं और साथ ही, छोटे व्यवसाय भी फल-फूल सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे भारत की नई शिक्षा नीति 2020 खेलों को औपचारिक पाठ्यक्रम में एकीकृत कर रही है।





## मुंबई इंडियंस ने दूसरी बार जीता खिताब दिल्ली लगातार तीसरे साल फाइनल हारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम लगातार तीसरे सीजन महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतने से चूक गई हैं। मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्हें 8 रन से हार झेलनी पड़ी। यह मुंबई इंडियंस का दूसरा खिताब है। इससे पहले 2023 का शुरूआती सीजन भी उन्होंने जीता था। खास बात यह है कि तीनों सीजन में दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में पहुंची लेकिन खिताब नहीं जीत पाई। शनिवार को फाइनल में हरमनप्रीत कौर ने 66 तो नेट साइवर बंट ने 30 रन बनाकर स्कोर 149 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी दिल्ली 141 रन ही बना सकी। मेरिजाना केप और निकी प्रसाद ने जरूर अंत में रन बनाकर धड़कनें बढ़ाई लेकिन वह फाइनल जीत नहीं पाई।

### मुंबई इंडियंस : 149-7 (20 ओवर)

मुंबई की शुरुआत ही खराब रही। ओपनर हेले मैथ्यूज 3 तो यस्तिका भाटिया महज 8 रन बनाकर आऊट हो गई। इसके बाद नेट साइवर ब्रंट ने 28 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 30 रन बनाए। हरमनप्रीत ने एक छोर संभाला और 44 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। लेकिन उन्हें साथ नहीं मिल सकता। क्योंकि अमेलिया केर 2, संजना 0 तो कमालिनी 10 रन ही बना पाई। इसके बाद अमनजोत कौर ने 7 गेंदों पर 14 तो संस्कृति ने 8 रन बनाकर स्कोर 149 तक पहुंचा दिया। दिल्ली की ओर से मेरिजाना केप, जोनासन और चरानी ने 2-2 विकेट लिए।

### दिल्ली कैपिटल्स : 141/9 (20 ओवर)

दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत खराब रही। कप्तान मेग लेनिंग 9 गेंदों पर 13 तो शैफाली वर्मा महज 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। जोनासन ने 13 रन बनाए। इस दौरान जेमिमा रोड्रिग्ज ने एक छोर संभाला और 21 गेंदों पर 30 रन बनाए। उनके आऊट होते ही दिल्ली पर दबाव बढ़ गया क्योंकि इससे पहले सुंदरलैंड भी 2 रन बनाकर आऊट हो गई थी। 66 रन पर 5 विकेट गंवा देने के बाद दिल्ली के लिए मुकाबला मुश्किल हो गया। साराह जब 5 रन बनाकर आऊट हो गई तो मेरिजाने केप ने एक छोर संभाला और 26 गेंदों पर 40 रन बनाकर मैच रोमांचक बना दिया। लेकिन उनकी विकेट गिरते ही मैच मुंबई के पक्ष में आ गया।

## इंग्लैंड के जोशुआ बेरी ने प्लेऑफ में जीता कोलकाता चैलेंज





**कोलकाता (आईएएनएस)।** उन्नीस वर्षीय अंग्रेज जोशुआ बेरी ने प्रतिष्ठित रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब (आरसीजीसी) में खेले गए होटलप्लानर टूर और पीजीटीआई संयुक्त स्वीकृत इवेंट, 300,000 डॉलर के कोलकाता चैलेंज 2025 में खिताब के साथ शानदार सप्ताह का समापन किया। जोशुआ बेरी (72-62-70-73), जिन्होंने पहले राउंड दो में 10-अंडर 62 का कोर्स रिकॉर्ड बनाया था, ने आखिरी दिन रेगुलेशन प्ले में एक ओवर 73 का साधारण स्कोर बनाया और तीन अन्य खिलाड़ियों, नॉर्वे के एंड्रियास हल्वोर्सन (69-66-71-71), ऑस्ट्रिया के लुकास नेमेज (67-70-68-72) और भारत के ओम प्रकाश चौहान (66-68-73-70) के साथ कुल 11-अंडर 277 का स्कोर बनाया। चारों खिलाड़ी प्लेऑफ में पहुंचे, जहां जोशुआ ने दूसरे अतिरिक्त होल पर नाटकीय 19-फीट बर्डी रूपांतरण के साथ जीत हासिल की। इस प्रकार हल्वोर्सन, नेमेज और चौहान की तिकड़ी संयुक्त उपविजेता रही। चौहान, जो पूरे दिन अपने शॉर्ट पट से जूझते रहे, पहले प्लेऑफ होल पर तीन-फुटर से बराबरी करने से चूक गए, जबकि हल्वोर्सन और नेमेज दूसरे प्लेऑफ होल पर बेरी से हार गए। ओम प्रकाश चौहान के दूसरे स्थान पर रहने से उन्हें 20,64,000 रुपये का चेक मिला।

## मुझे नहीं लगता कि दिल्ली की टीम पर कोई मानसिक दबाव है




मुंबई, 16 मार्च (आईएएनएस)। ब्रेबोर्न स्टेडियम में 2025 के फाइनल में मुंबई इंडियंस से आठ रन से हारने के बाद लगातार तीसरी बार दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में उपविजेता रही। लीग चरण में तालिका में शीर्ष पर रहने के बावजूद खिताबी मुकाबले में एक और दिल टूटने के बाद मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने अपनी टीम का बचाव करते हुए मेग लैनिंग की अगुआई वाली टीम में मानसिक दबाव की बातों को खारिज कर दिया। बैटी ने कहा, "लड़कियां वास्तव में सकारात्मक रही हैं, मैं उन्हें दोष नहीं दे सकता। कोई भी नकारात्मक बात नहीं हुई जैसे कि 'ओह हमने पिछले दो फाइनल में गड़बड़ कर दी है, हम इस बार भी यही बोझ उठाने जा रहे हैं', ऐसा कुछ भी नहीं। मुझे लगा कि वे वास्तव में सकारात्मक थीं, वास्तव में आत्मविश्वास से भरी हुई थीं। लड़कियां शानदार रही हैं, उन्होंने शानदार प्रशिक्षण लिया है। "मुझे नहीं लगता कि यह बिल्कुल भी मानसिक दबाव है। आप देखें कि हमने पहले हाफ में गेंद और फील्डिंग के साथ कैसा प्रदर्शन किया और उन्हें उस विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। आप देखें कि पूरे सप्ताह में क्या हुआ, एलिमिनेटर और यहां के अन्य मैचों में, हम उम्मीद कर रहे थे कि शायद 180 के बराबर स्कोर होगा, इसलिए हम इससे वास्तव में प्रसन्न थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट कनेक्टिविटी और ग्रोथ को परिभाषित करेगा : गौतम अदाणी

**जून में होगा उद्घाटन**

**मुंबई (आईएएनएस)**



अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को कहा कि नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन जून में किया जाएगा और यह कनेक्टिविटी और ग्रोथ को फिर से परिभाषित करेगा। अरबपति उद्योगपति ने नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनएमआईएएल) साइट का दौरा किया और इसके साथ प्रोजेक्ट से जुड़ी टीमों से मुलाकात की। साथ ही अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर एक शॉर्ट वीडियो फिल्म साझा करते हुए कहा कि आगामी एयरपोर्ट भारत के लिए एक सच्चा तोहफा है। गौतम अदाणी ने पोस्ट में लिखा कि आज नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की साइट का दौरा किया और यहां एक नया वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट आकार ले रहा है। अदाणी ग्रुप के चेयरपर्सन ने कहा, "नया एयरपोर्ट जून में उद्घाटन के लिए तैयार है और कनेक्टिविटी और ग्रोथ को फिर से परिभाषित करेगा। यह भारत के लिए एक सच्चा तोहफा है। अदाणी ग्रुप के चेयरपर्सन ने आगे कहा, "इस विजन को वास्तविकता बनाने के लिए अदाणी एयरपोर्ट्स टीम और भागीदारों को बधाई। पिछले वर्ष दिसंबर में एनएमआईएएल पर इंडिगो एयरलाइंस के ए 320 विमान की लैंडिंग के साथ पहली वाणिज्यिक सत्यापन उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की गई।

## अदाणी ग्रीन एनर्जी 2025-26 तक 'नेट वाटर पॉजिटिव' बनने के लिए प्रतिबद्ध

**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ने रविवार को कहा कि वह वित्त वर्ष 2025-26 में 'नेट वाटर पॉजिटिव' होने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए कंपनी साफ पानी की अपनी खपत को घटाएगी और पानी के पुनर्चक्रण पर जोर देगी। कंपनी वित्त वर्ष 2022-23 में ही 200 मेगावाट से अधिक क्षमता वाले परिचालन स्थानों पर पहले ही 'नेट वाटर पॉजिटिव' बन चुकी है और उसका लक्ष्य सभी आगामी प्रोजेक्ट्स पर सौर मॉड्यूल की सफाई के लिए मीठे पानी का उपयोग बंद करने के लिए रोबोटिक सफाई को लागू करना है। नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में सौर पैनल रखरखाव जैसे कार्यों के लिए पानी की काफी आवश्यकता होती है। 12.5 गीगावाट से अधिक परिचालन परिसंपत्तियों वाली देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी जल प्रबंधन में अग्रणी है।



वाटर सस्टेनेबिलिटी प्राप्त करने के लक्ष्य को साकार करने के लिए कंपनी के रोडमैप में वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी जैसी कई रणनीतिक पहल शामिल हैं।

## स. कोरिया ने विदेशी मुद्रा भंडार में बिटकॉइन को शामिल करने से किया इनकार

**सियोल।** स. कोरियाई केंद्रीय बैंक ने बिटकॉइन की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण, इसे विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल करने से इनकार कर दिया है। यह जानकारी कोरियाई अधिकारियों द्वारा शनिवार को दी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस महीने की शुरुआत में रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व और डिजिटल एसेट भंडार की स्थापना करने की घोषणा के बाद, साउथ कोरिया के रणनीतिक भंडार में क्रिप्टोकरेंसी को शामिल करने की संभावना के बारे में सांसदों के बीच चर्चा हुई है। माइनर रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी के प्रतिनिधि चा ग्यू-ग्यून के एक प्रश्न के जवाब में बैंक ऑफ कोरिया ने कहा कि उसने विदेशी मुद्रा भंडार में बिटकॉइन को शामिल करने की संभावना पर न तो चर्चा की है।

## सेंसेक्स की टॉप 10 में से 5 कंपनियों का एमकैप ₹93,000 करोड़ घटा

### इन्फोसिस और टीसीएस को सबसे ज्यादा नुकसान

**एजेंसी । नई दिल्ली**



स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 93,357.52 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 503.67 अंक या 0.68 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 155.3 अंक या 0.69 प्रतिशत का नुकसान रहा। होली के अवसर पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद थे। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण चढ़ गया। इन पांच कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 49,833.62 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बीते 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7 मार्च को समाप्त होने वाले हफ्ते में 15.267 अरब डॉलर बढ़कर 653.966 अरब डॉलर हो गया है। बीते दो वर्षों में विदेशी मुद्रा भंडार में यह सबसे बड़ी बढ़त है। यह जानकारी आरबीआई की ओर से दी गई है। इससे पहले के हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.781 अरब डॉलर गिरकर 638.698 अरब डॉलर रह गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में आई इस बढ़त की वजह 28 फरवरी को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के फॉरेक्स स्वैप को माना जा रहा है। इस फॉरेक्स स्वैप के तहत केंद्रीय बैंक ने लिक्विडिटी बढ़ाने और बाजार को स्थिर करने के उद्देश्य से रुपयों के बदले डॉलर खरीदे थे। पिछले साल 2024 में सितंबर में फॉरेक्स रिजर्व ऑल-टाइम हाई 704.885 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। विदेशी करेंसी एसेट्स जो कि विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक है।

## तेजी से बढ़ रहा भारत का डिफेंस सेक्टर, आने वाले समय में बनेगा ग्लोबल पावरहाउस : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत की डिफेंस इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है और देश आने वाले समय में इस सेक्टर में ग्लोबल पावरहाउस के रूप में उभरेगा। वित्त वर्ष 24 में देश का डिफेंस एक्सपोर्ट 21,083 करोड़ रुपये रहा, जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष में 15,920 करोड़ रुपये था। इसमें सालाना आधार पर 32.5 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। नुवामा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत का डिफेंस सेक्टर में 31 गुना बढ़ गया है, जिससे वैश्विक बाजार में इसकी स्थिति मजबूत हुई है और अंतरराष्ट्रीय मांग में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत सरकार ने वित्त वर्ष 29 के लिए 50,000 करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य रखा है, जो कि दर्शाता है कि आने वाले समय में सेक्टर मजबूत रहेगा।